फाल्गुन कृष्णा पक्ष 07, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 27.5° | अधिक. 29.8° |
| न्यून. 15.2° | न्यून. 16.4° |

रांची, गुरुवार
20 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 21, पृष्ठ-12


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12



चतरा के इटखोरी में बुधवार को राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर झारखंड के पर्यटन, कला व संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार। उद्घाटन समारोह में राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, झारखंड दिगंबर जैन न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सचिव नांगजेय दोरजी भी उपस्थित थे।

## रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री

### रामलीला मैदान में आज लेंगी पद एवं गोपनीयता की शपथ

- रेखा गुप्ता बनेंगी दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री शालीमार बाग की विधायक रेखा गुप्ता होंगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से बुधवार की शाम पार्टी के दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की गई। 50 वर्षीया रेखा गुप्ता को गुरुवार (20 फरवरी) को रामलीला मैदान में भव्य शपथ ग्रहण समारोह में



दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

शेष पेज 11 पर

#### विश्वास करने के लिए शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

मुख्यमंत्री के पद के लिए नाम घोषित होने के तुरंत बाद रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मुझ पर विश्वास कर मुख्यमंत्री पद का दायित्व सौंपने के लिए मैं सभी शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। आपके इस विश्वास और समर्थन ने मुझे नई ऊर्जा और प्रेरणा दी है। मैं संकल्प लेती हूं कि पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण से कार्य करूंगी।

#### राजनीतिक सफर

रेखा गुप्ता ने वर्ष 1992 में दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज से पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति में कदम रखा। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ी रहीं और वर्ष 1996-97 में दिल्ली विवि छात्र संघ (डूसू) की अध्यक्ष बनीं। यहां उन्होंने छात्रों के मुद्दों को सक्रिय रूप से उठाया। वर्ष 2007 में उत्तरी पीतमपुरा से पार्षद चुने जाने के बाद, उन्होंने क्षेत्र में पुस्तकालय, पार्क और स्विमिंग पूल जैसी

शेष पेज 11 पर

| | | |
|---|---|---|
| सोना | ₹80500 | 10 ग्राम |
| चांदी | ₹101000 | 01 किलो |

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,939.18 | 86.852 |
| -28.21 | -0.015 |

## एक नजर

### बीपीएससी की 70वीं मुख्य परीक्षा 25 अप्रैल से

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन अभी जारी है। इस बीच, बीपीएससी ने मुख्य परीक्षा की तिथि बुधवार को जारी कर दी। मुख्य परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होगी। अभ्यर्थी 17 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी सूचना के मुताबिक 70वीं प्रारंभिक परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होगी और 30 अप्रैल तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### डॉ इरफान ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, कहा

## जामताड़ा में 300 बेड का बनेगा अस्पताल

**बोले स्वास्थ्य मंत्री**
- मेंझिया में मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना
- हर पंचायत में बनाई जाएगी हाई-टेक लैब

**नवीन मेल डेस्क**





**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री एवं जामताड़ा के विधायक डॉ इरफान अंसारी ने बुधवार को कर्माटांड़ प्रखंड की डुमरिया पंचायत के कबरी बरमुंडी मोड़ से कबरी नीचे टोला तक तीन किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस बहुप्रतीक्षित सड़क का निर्माण आदिवासी बहुल क्षेत्र के विकास और वहां के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, ग्रामीणों की यह मांग वर्षों से लंबित थी। मैंने वादा किया था कि यह सड़क जरूर बनेगी, और आज मैं अपना वादा निभा रहा हूं। यह सड़क न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र में विकास के नए रास्ते भी खोलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी दी है और वह बीमार मुक्त झारखंड के निर्माण में संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में अब मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। किसी भी अस्पताल में अब मरीज की मृत्यु के बाद पैसे की मांग नहीं होती, क्योंकि सभी को मालूम है कि अगर स्वास्थ्य मंत्री तक शिकायत पहुंच गई, तो कार्रवाई तय है।

उन्होंने कहा कि जामताड़ा में 300 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल बनेगा। जामताड़ा के मेंझिया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी। हर पंचायत में हाई-टेक लैब बनेगी, जहां ग्रामीणों को जांच की सुविधा मिलेगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है।

शेष पेज 11 पर

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के स्थापना दिवस में बोले जुएल ओराम

## आयोग की वन अधिकार कानून के क्रियान्वयन में रही अहम भूमिका

- कार्यक्रम में आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा भी रहीं मौजूद

**एजेंसी**



**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के 22वें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित समारोह का उद्घाटन केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने किया। उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग ने वन अधिकार कानून के क्रियान्वयन और अनुश्रवण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मंत्रालय आयोग के साथ मिलकर अनुसूचित जनजाति समाज के बेहतर, सम्मानपूर्ण जीवन जीने, सामाजिक न्याय और सर्वांगीण विकास के लिए साथ मिलकर लगातार कार्य करता रहेगा।

ओराम ने केंद्र सरकार के स्तर से अनुसूचित जनजाति समाज के लिए की जा रही विशिष्ट पहलों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय अनुसूचित जनजाति वर्गों की शिक्षा के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल, प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, नेशनल ओवरशीज छात्रवृत्ति जैसे विशिष्ट पहल कर रहा है। इसके अलावा एक विशेषीकृत विकास योजना की दिशा मे केंद्र सरकार ने देशभर के जनजाति समाज में से कुल 75 ऐसे समुदायों को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के रूप मे चिह्नित किया है।

आयोग के सचिव पुनीत कुमार गोयल ने आयोग के प्रमुख गतिविधियों, सफल प्रकरणों और आयोग का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अंतर सिंह आर्य ने आयोग के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद से वर्तमान आयोग लगातार देशभर के अनुसूचित जनजाति समुदायों के बीच भ्रमण कर रहा है। आयोग अपने कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 100 दिवस की कार्य योजना बना कर देश के विभिन्न राज्यों, जिलों, सार्वजनिक उपक्रमों की समीक्षा भी कर रहा है। उन्होंने आयोग द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों की रक्षा और उनके विकास के लिए आयोग लगातार प्रयासरत है।

शेष पेज 11 पर

## पाटन कस्तूरबा विद्यालय की अकाउंटेंट ने की आत्महत्या

- दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी मिलीं, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल डेस्क**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पाटन स्थित कस्तूरबा विद्यालय की अकाउंटेंट 28 वर्षीया प्रियंका कुमारी ने बुधवार को आत्महत्या कर ली। वे अपने क्वार्टर में फांसी के फंदे से झूलती मिलीं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पाटन की वार्डन कृष्णा कुमारी ने एमआरएमसीएच में बुधवार को बताया, मैं जब क्लास लेकर ऑफिस में गई, तो गार्ड विनोद फोन लेकर के आया और कहा कि अकाउंटेंट मैडम के पति का उनसे बात करने को लेकर बार-बार फोन आ रहा है। इसके बाद स्कूल में उन्हें खोजा गया, लेकिन वे वहां नहीं मिलीं। फिर क्वार्टर की तरफ गए, तो वहां देखा कि अंदर से गेट बंद है। बार-बार धक्का देने के बाद भी गेट नहीं खुला। गांव के ही मिस्त्री साधु राम को बुलाया। मिस्त्री साधु राम ने खिड़की के ग्रिल के रॉड को काटा। इसके बाद सभी अंदर रूम में गए, तो देखा कि प्रियंका दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी हुई थीं। तुरंत पाटन पुलिस को सूचना दी गई।

शेष पेज 11 पर

## ईडी ने एनआरएचएम घोटाले के किंगपिन प्रमोद को किया गिरफ्तार

- पूछताछ के लिए मिला तीन दिनों का रिमांड

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** ईडी ने झारखंड में नेशनल रूरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) में करीब 13 साल पहले हुए घोटाले के किंगपिन धनबाद निवासी प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एजेंसी ने उन्हें रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट (धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कोर्ट) में पेश करते हुए उससे पूछताछ के लिए सात दिनों का रिमांड देने का आग्रह किया। कोर्ट ने तीन दिनों का रिमांड मंजूर किया है।

प्रमोद कुमार सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची स्थित जोनल ऑफिस की ओर से अब तक 12 समन भेजे गए थे, लेकिन वह किसी समन पर उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद एजेंसी ने उसे धनबाद से गिरफ्तार किया। इसके पहले सितंबर 2024 में ईडी ने प्रमोद और उसके परिवार की 1.63 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी।

प्रमोद पहले एनआरएचएम में कांट्रैक्ट के आधार पर अकाउंट मैनेजर के तौर पर काम करता था। अब उसका कोयले का बड़ा कारोबार है। झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने नेशनल रूरल हेल्थ मिशन में पीएचसी (प्राइमरी हेल्थ सेंटर) के लिए वर्ष 2011-12 में आवंटित छह करोड़ 97 लाख 43 हजार रुपए से अधिक की राशि के गबन का मामला पकड़ में आने के बाद 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इनमें प्रमोद प्रमुख अभियुक्त था।

आरोप है कि उसने पीएचसी के लिए आवंटित राशि अपने खाते में मंगवाकर खर्च की। उसके खातों में पीएचसी के 10 अकाउंट की राशि ट्रांसफर की गई थी। उसकी पत्नी प्रिया सिंह के अकाउंट में भी गलत तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए थे।

## गिरिडीह में सड़क हादसा, बैंक प्रबंधक समेत छह की गई जान

**नवीन मेल डेस्क**

**गिरिडीह।** गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार की आधी रात को एक स्कॉर्पियो और बाइक में टक्कर हो गई। मधुबन थाना क्षेत्र के लट्टकट्टो में हुए इस हादसे में बैंक मैनेजर सहित छह लोगों की मौत हो गई।

एसडीपीओ सुमित कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में शामिल चार लोग स्कॉर्पियो पर सवार थे। दो अन्य मृत बाइक पर सवार थे। इनमें से एक शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा बैक मेनेजर केनरा बैक इसरी बाजार शांखा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय





गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मधुबन थाना क्षेत्र में हुई यह दुर्घटना

गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह) और गुलाब कुमार (इसरी बाजार) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है। बाइक सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व. लाटो मियां) शामिल हैं।

## झारखंड में वज्रपात-ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी



- आज और 22 फरवरी को मौसम रहेगा खराब
- कुछ स्थानों पर 40 से 50 किमी की गति से चलेगी हवा

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि होने की आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका है।

रांची और आसपास के इलाकों में बुधवार को सुबह में कुहासा रहा। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो गया। बाद में दिन भर आंशिक रूप से बादल छाए रहे। रांची में न्यूनतम तापमान 16.4 और अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है, उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा शामिल हैं। वहीं, मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, रामगढ़, गुमला, हजारीबाग शामिल हैं। साथ ही, इन जिलों के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर की गति से तेज हवा भी चलने की भी संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, 21 फरवरी को मौसम सामान्य रहेगा। वहीं, 22 फरवरी को दक्षिणी, मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर पूर्वी भागों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की आशंका है।

## इंडिया: जातीय जनगणना का धुंआ, जेएमएम की जमीन व विकास की धूम



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बिहार में छह महीने बाद विधानसभा चुनाव होंगे जिसकी अघोषित तैयारी चल रही है खबर यह है कि अपनी ऐतिहासिक विजय से उत्साहित झामुमो इस बार बिहार में पूरी तैयारी से उतरेगा जिससे खेल दिलचस्प होने की संभावना है।राजनीतिक रूप से सक्रिय बिहार की जनता के साथ पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस ली है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरेगा । नीतीश और लालू के मिलने की कानाफूसी जनाधार और समीकरण को प्रभावित करता उससे पहले अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने घोषणा कर लड़ाई को स्पष्ट कर दिया। बीमारी के बावजूद विपक्षी खेमे की कमान लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में अधिकांश चुनावी युद्ध लालू और

**बिहार चुनाव की आहट**



नीतीश के बीच ही हुआ है। जब यह लड़ाई सीधी होती है तब लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। जबकि बिहार को बदलने वाले नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। एनडीए अगर बिहार की सत्ता से अतीत में कभी दूर हुआ भी है तो उसकी वजह खुद नीतीश का उसका साथ छोड़ना रहा है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के आरोहण के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन हफ्तों या छठे छमाहे होते थे, लेकिन अब उल्टा है । बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन लगभग सारे गांव जुड़े हैं। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों से लेकर आरक्षण तक मिला । कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने वाले नीतीश कुमार को नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। विभिन्न कारणों से पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा आज भी नीतीश कुमार ही हैं। एनडीए और जनता दल यू का आकलन है कि नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा सबसे बड़ा जिताऊ मंत्र हो सकता है। इसलिए सत्ताधारी दल की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, तो इसमें नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों की यह यात्रा बिहार के निचले स्तर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान नीतीश ने जिलों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सुनवाई की जगह पर ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवर ब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए।प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20,000 करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 121 योजनाओं को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल चुकी है और उन्हें धरातल पर उतारने को लेकर तेजी से काम शुरू हो चुका है।

इनमें से कई योजनाएं ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने, उनका पुनर्निर्माण करने और उनकी हालत पहले की तुलना में और बेहतर बनाने को लेकर है। सत्ताधारी एनडीए का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच से लगभग हर गांव को बेहतर पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। जिससे बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। वैसे शराबबंदी नीतीश के लिए चुनौती बनी हुई है क्योंकि भ्रष्ट सरकारी तंत्र के कारण शराब की तस्करी बढ़ी है। शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं तो शराब की कमाई से करोड़पति बनने वाले और इसके आदी नाखुश है। इसी कारण प्रशांत किशोर जैसे उनके पुराने साथी विपक्षी खेमे की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। यह भी सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। पर दिल्ली हार से हिली कांग्रेस के राहुल जातीय जनगणना का जिन्न निकालने के अलावा कोई रोडमैप दिखा नहीं रहे जिससे इंडी गठबंधन दिख नहीं रहा ।

# केंद्र दिव्यांगजनों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को धनबाद स्थित पहला कदम दिव्यांग स्कूल के बच्चों एवं विद्यालय परिवार से जुड़े सदस्यों से राज भवन में संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे इस विद्यालय का भ्रमण एवं अवलोकन कर चुके हैं।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री ने उन्हें दिव्यांग संबोधित किया गया, जो दिव्यांगजनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहयोग करें। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह संस्थान मात्र दो बच्चों के साथ प्रारंभ हुआ था और आज यह दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है। विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अवसर पर बच्चों ने झारखंड के लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## चिक बड़ाईक समन्वय समिति राज्यपाल से मिला



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को चिक बड़ाईक समन्वय समिति का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि उनके खतियान में कहीं 'चिक' तो कहीं 'बड़ाइक' दर्ज है और कहीं-कहीं 'चिक बड़ाइक है। राज्य में 'चिक बड़ाइक' अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल है, जबकि तीनों एक ही हैं। इस विसंगति के कारण उनके खतियान में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और उनकी भूमि की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। समिति ने राज्यपाल से इस दिशा में आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई करने के लिए निदेशित किया।

## स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने राज्यपाल से की भेंट

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच का एक शिष्टमंडल संस्था के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने एवं स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## दिव्यांगों को पेंशन राशि देने की मांग

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के दिव्यांगजन को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की भांति ही 2500 रुपये पेंशन राशि सुलभ कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## बीआईटी मेसरा में कहानी कहने की कला पर कार्यशाला शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से कहानी कहने की कला पर केंद्रित तीन दिवसीय कार्यशाला-जेफिर, की शुरूआत बुधवार को हुई। उद्घाटन सत्र में बीआईटी मेसरा के संकाय मामलों के डीन डॉ अशोक शेरॉन सहित विभिन्न कॉलेजों से आए शिक्षक, शोधार्थी व अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉ मृणाल पाठक ने कहा कि हम सभी किसी की कहानी में रह रहे हैं। कहानी में विचारों को शब्दों में व्यक्त करने की शक्ति है। कहानी कहना जटिल विचारों को आकर्षक और सुलभ कथाओं में बदल सकती है, लोगों को एक ऐसी दुनिया में आकर्षित कर सकती है जहां ज्ञान ज्ञानवर्धक और अविस्मरणीय दोनों बन जाता है। इस कार्यशाला के विशेषज्ञ वक्ताओं में- शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए नामित विशेषज्ञ भरत दास, साइबेरिया से इरीना कर्पिना, रूस से एलेक्सी बायकोव, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड से डॉ संदीप विश्वास, जेएनयू के प्राध्यापकभ् डॉ सुशांत कुमार मिश्रा शामिल हैं।

**किसी और को चुनना चाहिए था :** यह कार्यशाला शिक्षकों और शोधार्थियों को कहानियों की दुनिया में तल्लीन करने के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम में डॉ कीर्ति अविषेक, डॉ निशिकांत कुमार, सहित बीआईटी मेसरा, बीआईटी देवघर, सरला बिरला विश्वविद्यालय, डीएसपीएमयू, रांची विश्वविद्यालय, आदर्श कॉलेज राजधनवान, गिरिडीह से आए शिक्षक और शोधार्थी उपस्थित थे।

## गोवा की टीम को दी गई विदाई

**रांची।** अकादमिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत रांची विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दौरे पर आई गोवा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों की टीम को भ्रमण के अंतिम दिन बुधवार को रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय में कुलपति सभागार में विदाई दी गई। कुलपति ने गोवा टीम के सभी सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। गोवा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व समन्वयक डॉ वाल्टर मेनेजेस ने अपने रांची प्रवास के अनुभव साझा किए। एक छात्रा ने अपने अनुभवों पर आधारित कविता सुनाई। कुलपति ने रांची विश्वविद्यालय की अकादमिक व सांस्कृतिक क्रियाकलापों के बारे में गोवा टीम को बताया और दोनों राज्यों के बीच मजबूत अकादमिक व सांस्कृतिक तालमेल बनाने पर जोर दिया।

## रांची आकाशवाणी ने छात्रों के बीच चलाया स्वास्थ्य जागरूकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आकाशवाणी और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, बरियातु के संयुक्त तत्त्वावधान में बुधवार को विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता, आशुभाषण एवं प्रश्नमंच का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. पवन कुमार वर्णवाल ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। प्रश्नमंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका शमा परवीन ने सफलता पूर्वक किया, और आशुभाषण के निर्णायक मंडल में मेरी क्लौडिया सोरेंग, मीरा मिंज और किरण शर्मा ने दायित्व निभाया। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, बरियातु के प्राचार्य दीपक कुमार की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख जेवियर कंडुलना, कार्यक्रम अधिशासी प्रभु शरण, मनोज कुमार, संजीव लाल और पुस्तकालय-सूचना अधिकारी राजेश करमहे, प्रसारण अधिशासी प्रशान्त गौरव और प्रदीप कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरीय उद्घोषक दिनेश कुमार लाल ने किया। पूरे कार्यक्रम की सफलता में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, बरियातु, रांची की छात्राओं समेत सभी शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा।

### इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन

## राज्य भर में उद्योग व शिक्षा को मजबूत करने पर उद्यमियों ने दी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क में एक दिवसीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन झारखंड के उच्च एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं डॉ डीके सिंह ने किया। सैय्यद रियाज अहमद ने स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क के विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की पूरी परिकल्पना को साझा किया और विभिन्न स्टेकहोल्डरों की भूमिका को दर्शाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्योग-शिक्षा जगत के सहयोग को मजबूत करना था। इस श्रृंखला में विभिन्न उद्योग जगत से आए उद्यमियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। पूरे कार्यक्रम को चार भागों में बांटा गया था। आईटी एवं फ्यूचर स्किल, उभरती तकनीकियां, सर्विस सेक्टर, ऑटोमेशन एवं इंडस्ट्री 4.0 मैन्युफैक्चरिंग। स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क उद्योग जगत में युवाओं को विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों से अवगत करा कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। सभी प्रतिनिधियों ने अपने संस्थागत पाठ्यक्रम के ढांचा एवं क्रेडिट्स को बताया। कार्यक्रम की अनुवाई रांची विश्वविद्यालय की देख रेख में की गई। मंच संचालन मीनाक्षी शर्मा एवं धन्याद ज्ञापन में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव सैय्यद रियाज अहमद ने सभी हितधारकों से शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में बदलाव लाने में भाग लेने का अनुरोध किया है। मौके पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग निदेशक रामनिवास यादव, रांची विश्वविद्यालय कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा, जेयूटी कुलपति डॉ डीके सिंह, सैय्यद रियाज अहमद, अरिंदम लेहरी, सोमनाथ रॉय, बाला अय्यर, मृगेश सुतारिया आदि उपस्थित थे ।

## सोशल मीडिया पर माता-पिता के अपहरण की धमकी, केस दर्ज

**रांची।** रांची के मधुकम के रहने वाले राकेश रंजन उर्फ मुकेश पांडेय की पत्नी के सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके माता-पिता के अपहरण की धमकी दी गई है। आरोप प्रियांशी सिंह पर लगा है। इस संबंध में मुकेश ने प्रियांशी सिंह के खिलाफ सुखदेवनगर थाने में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुकेश पांडेय की ओर से थाने में दिए आवेदन में कहा गया है कि उनकी पत्नी के फेसबुक अकाउंड पर 12 फरवरी को प्रियांशी सिंह के मैसेंजर से एक पोस्ट आया, जिसमें उनके पिता और मां को अपहरण करने की धमकी दी गई। यह भी लिखा है कि अपहरण का प्रयास भी किया जा रहा है। इससे उनका परिवार डरा-सहमा हुआ है। आरोप लगाया गया है कि रंगदारी वसूली के लिए यह धमकी दी गई है। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

## रांची में जीरो एमिशन ट्रकों पर वर्कशॉप हरित परिवहन को मिलेगा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्मार्ट फ्रेट सेंटर इंडिया (एसएफसी) ने रांची में जीरो एमिशन ट्रकों (जेडईटी) पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया। यह वर्कशॉप भारत में मध्यम और भारी ट्रकों (एमएचडीटी) में जेडईटी को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा थी। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सहयोग से हुई इस चर्चा में परिवहन जगत के प्रमुख विशेषज्ञों ने जेडईटी अपनाने में आ रही चुनौतियों, संभावनाओं और आवश्यक कदमों पर अपने विचार रखे। यह वर्कशॉप नीति आयोग के ई-फास्ट पहल के तहत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य देशभर में जेडईटी को लेकर जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े तकनीकी व संचालन पहलुओं पर चर्चा करना है। इस दौरान वैश्विक परिवहन प्रणाली में हो रहे बदलाव, भारत सरकार की ई-ट्रक पहल, शहरों में जेडईटी अपनाने के मौके और इनके संचालन से जुड़े जोखिमों पर मंथन हुआ। एसएफसी ने बोधि को नॉलेज पार्टनर के रूप में शामिल कर झारखंड में हरित लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया। इस वर्कशॉप में एक विशेष राउंडटेबल चर्चा आयोजित की गई, जिसका संचालन श्री शरत सिंह (ग्रामीण विकास सलाहकार, रांची, जीआईजेड इंडिया) ने किया।झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के निदेशक सुशांत गौरव (आईएएस) ने अपने भाषण के दौरान कहा, झारखंड सतत विकास की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रतिबद्ध है, और शून्य-उत्सर्जन ट्रकों जैसी पहल इसमें अहम भूमिका निभाएगी।

### 23 साल से फरार झारखंड का नक्सली रह रहा था महाराष्ट्र में

## यवतमाल में गिरफ्तार हुआ डिवीजनल कमांडर



**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

> ● फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के सहारे कर रहा था ट्रक चालक का काम

**रांची।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित यवतमाल जिले के लकड़गंज इलाके से पुलिस ने झारखंड और छत्तीसगढ़ के एक फरार नक्सली कमांडर तुलसी उर्फ दिलीप महतो को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में रहते हुए ट्रक चालक के रूप में काम कर रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से उस पर कड़ी नजर रख रही थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यवतमाल जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार चिंता ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि उनकी टीम को गोपनीय जानकारी मिली थी कि तुलसी उर्फ दिलीप महतो फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में ट्रक चालक के रूप में रह रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से उसपर कड़ी नजर रख रही थी। तुलसी वर्ष 1993 में झारखंड में नक्सली समूह में भर्ती हुआ था। वर्ष 1997 में उसे 'भितिया दलम' का डिवीजनल कमांडर नियुक्त किया गया था। उसने 12 सशस्त्र नक्सलियों का नेतृत्व किया था। वह कई हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले, जबरन वसूली और सरकारी संपत्ति की तोड़फोड़ शामिल है। एसपी चिंता ने बताया कि झारखंड पुलिस के रिकार्ड के अनुसार उसके खिलाफ सात गंभीर अपराध दर्ज हैं। झारखंड के हजारीबाग जिले के पुलिस अधीक्षक ने तुलसी की शिनाख्त कर ली है। कुमार चिंता ने बताया कि पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए तुलसी मुंबई गया था और फिर वहां से यवतमाल जिले में आ गया था। फिर तुलसी अपनी पहचान छिपाने के लिए यवतमाल के लकड़गंज इलाके में आया था। इसके बाद तुलसी ने एक मृत व्यक्ति के आधार कार्ड पर अपनी तस्वीर लगाकर पहचान पत्र बना लिया। इसी आधार पर तुलसी ने अपना ड्राइविंग लाइसेंस हासिल किया था। तुलसी ने यवतमाल में दूसरी शादी भी की थी, जबकि उसका परिवार झारखंड में था।

## गिरिडीह में नक्सली साजिश नाकाम भारी मात्रा विस्फोटक हुआ बरामद

> ● सुरक्षा बलों ने गार्दी और मर्मी के जंगलों में चलाया था संयुक्त सर्च ऑपरेशन

**रांची/ गिरिडीह।** सुरक्षा बलों को बुधवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। नक्सलियों की एक बड़ी विध्वंसक योजना को समय रहते सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया। गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ की 154 बटालियन ने बुधवार को खुखरा थाना क्षेत्र के गार्दी और मर्मी के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए।

मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में चार बंडल कोडेक्स वायर, पांच डेटोनेटर, 20 किलो विस्फोटक पाउडर, डेढ़ किलो नेल आयरन, 111 जिलेटिन स्टिक, हेक्सा ब्लेड और 200 लीटर सैंटोक्स बरामद किए गए। इसकी पुष्टि सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी और एएसपी अभियान सुरजीत कुमार ने की। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 154 बटालियन के कमांडेंट और गिरिडीह के एसपी को सूचना मिली थी कि नक्सली साहेबराम मांझी और पवन लंगड़ा उर्फ पवन मांझी का दस्ता गार्दी और मर्मी में देखा गया है। इस आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम में द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, एएसपी ऑपरेशन सुरजीत, सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीना, इंस्पेक्टर ओमप्रकाश वर्मा, बलवंत सिंह के साथ सीआरपीएफ व पुलिस के जवान शामिल थे। टीम ने जांच शुरू कर पूरे जंगल की तलाशी ली। कई घंटों तक ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान नक्सली भाग निकले, लेकिन टीम ने उनके द्वारा छिपाए गए विस्फोटक बरामद कर लिए। एएसपी ऑपरेशन सुरजीत ने बताया कि टीम अभी भी इलाके में छापेमारी कर रही है।

## आत्मिक जागृति सभा एक और दो मार्च को

**रांची।** संत पॉल्स हाई स्कूल मैदान, चर्च रोड में अच्छा चरवाहा विषय पर दो दिवसीय (एक और दो मार्च) आत्मिक जागृति सभा का आयोजन किया जाएगा। संत पॉल्स कथीड्रल पास्टोरेट समिति के तत्वाधान में आयोजित सभा की शुरूआत शाम पांच बजे से होगी, जो रात के 9 ।30 बजे चलेगी। मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर से अंतरराष्ट्रीय सुसमाचार प्रचारक डॉ आचार्य विकास मसीह और आराधना गायक पास्टर विलियम मसीह उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी सीएनआई चर्च के पुरोहित डेविड ने दी। पुरोहित डेविड ने बताया कि आत्मिक जागृति सभा का उद्देश्य ख्रिस्त विश्वासियों को ईसा मसीह के आध्यात्मिक जीवन को आगे बढ़ाने में मदद करना है। लोग परमेश्वर के वचनों को जानें, उनका अनुसरण करें और यीशु के आज्ञाओं का पालन करें, यह भी इस सभा का उद्देश्य है। डेविड ने बताया कि इस सभा के जरिए मसीही समुदाय के सदस्यों को प्रेम और करुणा के साथ व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। यह सभा उन्हें सही निर्णय लेने, विश्वास और ईमानदारी के साथ व्यवहार करने की सीख देगी। इससे शिक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पुरोहित ने कहा कि एक अच्छा चरवाहा प्रार्थना और उपदेश के माध्यम से समुदाय के सदस्यों को प्रेरित करेगा, जिससे भी मसीही को एक मंच पर लाने में मदद मिलेगा।

# न्यूज बॉक्स

## झारखंड में आईएएस अफसरों की अविलंब हो प्रतिनियुक्ति : विजय शंकर

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को को पत्र लिखा है। वहीं मांग किया है कि राज्य में निर्धारित स्वीकृत आईएएस कैडर के पद से 47 कम हैं। 224 आईएएस स्वीकृत पद है जिसमें मात्र 177 आईएएस अफसर ही कार्यरत है और 14 झारखंड कैडर के आईएएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में हैं। इस वर्ष मुख्य सचिव सहित 14 आईएएस अफसर सेवानिवृत्त हो जाएंगे जिससे झारखंड में आईएएस अधिकारी की संख्या और कम हो जाएगी। श्री नायक ने कहा कि आईएएस अधिकारी के कमी के कारण आज झारखण्ड राज्य में एक एक आईएएस को राज्य के पांच -पांच महत्वपूर्ण विभाग सौंपा गया है। इससे राज्य में अराजकता का माहौल बन गया है।



## डालसा ने पैनल लॉयर्स के लिए 116 वकीलों का किया चयन, महिला अधिवक्ताओं को दी गई तरजीह

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने अपने पैनल लॉयर्स का चयन कर लिया है। रांची सिविल कोर्ट के 116 वकीलों का चयन पैनल लॉयर्स के रूप में किया गया है जिसमें जिला विधिक सेवा के अध्यक्ष और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त ने इस पर सहमति दी है। इस बार लीगल सर्विस के लिए चुने गये पैनल लॉयर्स में महिला अधिवक्ताओं को तरजीह दी गयी है। पैनल लॉयर्स की टीम में 37 महिला अधिवक्ता शामिल हैं। डालसा की ओर से चुने गये पैनल लॉयर्स के नामों की सूची जारी का दी गयी है। पैनल लॉयर्स के लिए चुने गये अधिवक्ताओं को रांची जिला बार एसोसिएशन ने शुभकामनाएं दी है और उम्मीद जताई है कि आम लोगों को न्याय दिलाने में पैनल लॉयर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

## दहेज प्रताड़ना के आरोप में जैप जवान के खिलाफ चार्जशीट, बढ़ी मुश्किलें

**रांची।** पत्नी के साथ मारपीट करने के साथ दहेज प्रताड़ना के आरोप में जैप-2 के जवान चंदन कुमार सिंह के खिलाफ दर्ज मामले की जांच पूरी करते हुए अनुसंधान पदाधिकारी ने सिविल कोर्ट रांची की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इससे चंदन कुमार सिंह की मुश्किलें बढ़ गई है। घटना को लेकर उसकी पत्नी ने 2 जनवरी 2025 को सदर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि दर्ज प्राथमिकी में चंदन कुमार सिंह के साथ उसका पिता रामानुज सिंह एवं उसकी मां अंतर देवी को आरोपी बनाया गया गया था। लेकिन चार्जशीट सिर्फ चंदन के खिलाफ दाखिल की गई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि हंटरगंज चतरा निवासी चंदन सिंह के साथ 20 सितंबर 2017 को शादी हुई थी। शादी के समय वह बेरोजगार था। तैयारी कर रहा था। शादी होने के छह महीने बाद उसकी नौकरी झारखंड सशस्त्र पुलिस में हो गई। 1-2 साल तक ठीक ठाक रहा। दो बच्चे भी हुए। इसके बाद ससुराल वालों ने लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। नहीं देने पर मारपीट किया जाने लगा। इस दौरान महिला थाना, खेलगांव थाना एवं सदर थाना में समझौता हुआ। लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। इंसाफ के लिए केस दर्ज करना पड़ा।

## दिल्ली मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे सुदेश महतो, दिल्ली रवाना

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को दिल्ली के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुए। यह समारोह गुरुवार को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मौके पर देवशरण भगत ने कहा कि सुदेश महतो को यह आमंत्रण उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ और झारखंड के विकास में उनके योगदान के लिए दिया गया है। यह आमंत्रण दोनों पार्टियों के बीच बढ़ते सहयोग और राजनीतिक स्तर पर बातचीत को दर्शाता है। इसके अलावा, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और सुदेश महतो के बीच झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा होगी। यह बैठक राज्य में आजसू और भाजपा के बीच सहयोग को और मजबूत करने तथा झारखंड के विकास और राजनीतिक स्थिरता के लिए रणनीति तैयार करने पर केंद्रित होगी।



## 58वीं रोलिंग मिल्स संचालन समिति का आयोजन रोलिंग मिल के प्रदर्शन में सुधार पर हुआ विचार



**रांची।** आरडीसीआईएस, सेल, रांची और इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर द्वारा बर्नपुर क्लब में दो दिवसीय 58वीं रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आरएमओसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य रोलिंग मिल के प्रदर्शन में सुधार करके विभिन्न रोल्ड उत्पादों की लागत को कम करना था। रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आरएमओसी) पूरे भारत में इस्पात उद्योग के भीतर विभिन्न रोलिंग मिलों के इंजीनियरों और विशेषज्ञों को एकजुट करने वाले एक सहयोगी मंच के रूप में कार्य करती है। इस गतिशील गठबंधन में सेल, टाटा स्टील, आरआईएनएल, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल, जेएसएल, एएमएनएस, एनएमडीसी स्टील और मेकॉन जैसी प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। आरएमओसी की 58वीं बैठक एक महत्वपूर्ण सभा थी, जिसमें देश भर के विभिन्न इस्पात संयंत्रों के 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सभा का प्राथमिक ध्यान रोलिंग मिलों के प्रदर्शन को बढ़ाने, इस्पात उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, लागत में कमी हासिल करने, डिजिटलीकरण को आगे बढ़ाने और रोलिंग प्रक्रिया के दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं को लागू करने के उद्देश्य से विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करना था।

## अभ्यावेदन के आधार पर हुए स्थानांतरण में भत्ता देय नहीं

**रांची।** 19 फरवरी को झारखंड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय में स्थापना पार्षद की बैठक हुई। इस बैठक में विभिन्न जिलों में पदस्थापित निरीक्षक/कंपनी कमांडर/ अधि.लिपिक/ झाड़कस/ रसोइया/ पनभर /दफ्तरी का तबादला हुआ है। पुलिस उप-महानिरीक्षक गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन संवाएं ने बताया कि अभ्यावेदन के आधार पर जिनकी प्रतिनियुक्ति हुई है उन्हें स्थानांतरण भत्ता देय नहीं होगा। अन्य को स्थानांतरण भत्ता का लाभ मिलेगा।

## 23 फरवरी तक करें भुगतान नहीं तो होगी कारवाई : प्रशासक

**रांची।** नगर निगम ने अपने राजस्व वसूली अभियान में 73 बड़े बकायदारों के खिलाफ नोटिस जारी किया है जिसमें इन्हें 23 फरवरी तक भुगतान करने की अंतिम चेतावनी दी गई है। प्रशासक संदीप सिंह ने कहा है कि सभी अंतिम चेतावनी को गंभीरता से लें, बकाय करों का भुगतान समय पर करें अन्यथा कारवाई के लिए तैयार रहें।

### डीसी ने जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की, कहा

# जाली मुद्रांकों के बिक्री रोकने के लिए करें औचक सत्यापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बुधवार को विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने पेयजल एवं स्वच्छता, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निर्देशों अनुपालन सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। जाली मुद्रांकों के बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया। जिला में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किए जानेवाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्धारित समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया गया। कायार्देश जारी होने के बाद किसी वेंडर द्वारा कार्य में अनियमितता तो नहीं बरती जा रही, इस संबंध में उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्त्ता राम नारायण सिंह, सहायक समाहर्त्ता-सह-सहायक दण्डाधिकारी आदित्य पांडेय, अपर जिला दण्डाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन की टीम ने ई-स्टाम्प का किया औचक सत्यापन



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर बुधवार को जिला प्रशासन की टीम ने ई-स्टाम्प का औचक सत्यापन किया। कार्यपालक दंडाधिकारी मो. जफर हसनात और असीम बाड़ा द्वारा निबंधन कार्यालय परिसर एवं कचहरी अवस्थित वकालतखाना परिसर में स्टांप वेंडरों द्वारा विक्रय किया जा रहे ई-स्टाम्प का औचक सत्यापन किया गया।

**जांच के क्रम में सही पाए गए ई-स्टाम्प :** ई-स्टाम्प की जांच के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न वेंडरों द्वारा विक्रय किए गए लगभग 25 ई-स्टाम्प की जांच की गई। जांच के क्रम में जाली एवं वेंडर द्वारा ई-स्टाम्प का मूल्य से अधिक राशि लेने संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

**नियमित अंतराल पर जांच का निर्देश :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने वेंडरों द्वारा विक्रय किए जाने वाले ई-स्टाम्प के नियमित अंतराल पर जांच का निर्देश दिया गया है, ताकि ई-स्टाम्प के पीडीएफ में छेड़छाड़ कर नकली एवं वास्तविक मूल्य से अधिक मूल्य पर ई-स्टाम्प की बिक्री पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।



## अबुआ अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

● जेपीएससी अध्यक्ष की शीघ्र नियुक्त किया जाए

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद की नियुक्ति में हो रही देरी को लेकर अबुआ अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अबुआ अधिकार मंच ने झारखंडी युवाओं की वेदना से मुख्यमंत्री को अवगत करने का प्रयास स्वरूप ज्ञापन सौंपा है। मौके पर अभिषेक झा ने कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति में देरी से न केवल युवा प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि राज्य की प्रशासनिक कार्यप्रणाली भी बाधित हो रही है। सरकार को तत्काल इस पर निर्णय लेना चाहिए, अन्यथा अबुआ अधिकार मंच बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। मंच ने यह भी मांग रखी कि झारखंड में छात्रसंघ चुनाव जल्द कराए जाएं, संविदा सहायक प्राध्यापकों को स्थायी किया जाए या उन्हें सम्मानजनक वेतन दिया जाए, और विश्वविद्यालय परिसरों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार हो। मंच ने सरकार से इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

## रद्द ट्रेनें आज से सामान्य रूप से चलेंगी

**रांची।** रांची रेलमंडल अंतर्गत चार लेन वाली सिरम टोली सड़क सह रेल ऊपरी पुल निर्माण के कारण ब्लॉक लिया जाना था। इसके कारण क्रमवार अलग-अलग तिथियों में रांची से चलने वाली और रांची होकर चलने वाली ट्रेनें रद्द करने की सूचना दी गई थी। लेकिन, ये ट्रेनें शुक्रवार से अपने निर्धारित समय से परिचालित होगी। इसमें हटिया-टाटानगर-हटिया मेमू 20, रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस 23, वर्द्धमान-हटिया एक्सप्रेस 20 से और रांची-बोकारो पैसेंजर भी 20 फरवरी से सामान्य रूप से चलेगी।

**संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 22 को रद्द रहेगी :** संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 22 को रद्द रहेगी। क्योंकि, लिंक रेक नहीं आया। सभी यात्रियों का 100 फीसद टिकट रिफंड कर दिया जाएगा। इसके अलावा सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन वाया मुरी 21 और अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन वाया मुरी 23 फरवरी को रद्द रहेगी।

## न्यूज बॉक्स

### आयुष चिकित्सकों को एमबीबीएस के समतुल्य राशि देने की मांग

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, गुमला के चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा एवं अन्य ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल से राज्य के आयुष चिकित्सकों को एमबीबीएस चिकित्सकों के समतुल्य राशि प्रदान करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### सरहुल की पूर्व संध्या तक अखड़ा सौंदर्यीकरण का कार्य हो पूरा : छात्र संघ



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के डीएसपीएमयू समिति अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में अखड़ा का सुंदरीकरण एवं शेड निर्माण करने को लेकर कुलपति तपन कुमार शांडिल्य को ज्ञापन सौंपा। विवेक तिर्की ने कहा कि अखड़ा का सुंदरीकरण एवं शेड निर्माण कार्य किसी भी हाल में सरहुल पूर्व संध्या से पहले तक हो जाना चाहिए। अन्यथा आदिवासी छात्र संघ आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। इस पर कुलपति ने भी सहमति जताते हुए आश्वासन दिया की आदिवासियों का प्राकृतिक महापर्व सरहुल से पहले निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। मौके पर रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव, डीएसपीएमयू उपाध्यक्ष दीपक कच्छप, कोषाध्यक्ष नितेश टोप्पो, दिनेश उरांव, सीताराम उरांव, लालेश्वर उरांव, खुशबू टोप्पो आदि शामिल थे।

### एमबीए व अन्य परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करे टेक्निकल विवि : टेक्निकल छात्र संघ



**रांची।** टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल अभिषेक बनर्जी की अध्यक्षता में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव निशांत कुमार से मिला। प्रति निधिमंडल ने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 6 महीना विलंब चल रहे एमबीए, एमटेक, बीटेक और डिप्लोम के परीक्षा के बारे में अवगत करवाया। अभिषेक ने कहा की टेक्निकल विश्वविद्यालय बनने के बाद भी विश्वविद्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है। बीटेक छठा सेमेस्टर परीक्षा अगस्त में हुआ है अभी तक रिजल्ट नहीं आया है। सातवां सेमेस्टर का परीक्षा का फर्म भरने का तिथि घोषित दिया गया है जिससे छात्र परेशान हैं। एमबीए का परीक्षा हुए 3 महीना होने जा रहा है उसका भी अभी तक रिजल्ट नहीं हुआ हैं। कुलसचिव ने सारे मुद्दों को गंभीरता से सुना और जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### आजसू ने कुलपतियों की नियुक्ति की मांग उठाई



**रांची।** आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम बुधवार को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सचिवालय में सौंपा। इसमें झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) अध्यक्ष की नियुक्ति और नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिकुलपति, रजिस्ट्रार के रिक्त पदों को भरने का आग्रह किया। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि लगभग 7 महीनों से जेपीएससी अध्यक्ष का पद रिक्त है, इसके कारण सभी तरह के परीक्षाएं और परिणाम बाधित हैं। साथ ही, नीलांबर-पीतांबर विश्विद्यालय में पिछले 15-20 दिनों से कुलपति नहीं हैं, जिसके कारण विश्वविद्यालय का पूरा काम ठप पड़ गया है। आजसू ने जल्द सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में जमाल गद्दी, राजेश सिंह, सक्षम झा, हरदीप साहू, यश साहू, प्रेम लिंडा, मुकेश कुमार, संदीप सिंह व अन्य शामिल थे।

## मारवाड़ी महाविद्यालय सुधारे कार्यशैली नहीं तो होगा आंदोलन : मंच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी महाविद्यालय की कार्यशैली और छात्रों की समस्याओं को लेकर अबुआ अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय के डीएसडब्ल्यू से मुलाकात की और 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे विशाल कुमार यादव ने कहा कि महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप पुस्तकालय में पुस्तकों की भारी कमी है, जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि परीक्षा के दौरान महाविद्यालय की सभी कक्षाएं बंद कर दी जाती हैं, जिससे मेधावी छात्रों की पढ़ाई में विघ्नआता है। मंच ने परीक्षा के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की, ताकि कक्षाएं सुचारू रूप से चल सकें। प्रतिनिधिमंडल की सदस्य अनु कुमारी ने कहा कि कई विभागों में सिलेबस पूरा किए बिना ही परीक्षा ली जा रही है, जो छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने महाविद्यालय के अधिकांश वॉशरूम की दयनीय स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। इस दौरान छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष डीएसडब्ल्यू ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, अनु कुमारी, अमित, प्रभात महतो, अंजली जयसवाल, गुंचा, समीहा, रिया प्रसाद समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मुखिया विद्यालय की गतिविधियों का सामाजिक स्तर पर अनुश्रवण करें: डीसी

### विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा मिले, संबंधित पदाधिकारी और शिक्षक विशेष ध्यान दे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बुधवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में आयोजित मुखिया सम्मेलन में शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी मुखिया से कहा किआप सभी शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। साथ ही विद्यालय के शिक्षा में कैसे सुधार हो, 100% प्रतिशत बच्चों का नामांकन कैसे हो, साथ ही विद्यालयों में मुखियाओं के फंड से जो कार्य किया जा रहे है, उस पर चर्चा करते हुए उन्हें योगदान देने को कहा। साथ में उन्होंने कहा की सभी मुखिया नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय का गतिविधियों का सामाजिक अनुश्रवण करें।

**बच्चें शत प्रतिशत सुनिश्चित रूप से विद्यालय जाए :** उन्होंने कार्यक्रम में कहा की सभी पंचायतों के मुखिया की नैतिक जिम्मेदारी है, की सभी पंचायत के बच्चें शत प्रतिशत सुनिश्चित रूप से विद्यालय जाए। साथ ही जिला के सभी विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा मिले इसपर सभी सम्बंधित पदाधिकारी और शिक्षक विशेष ध्यान दे।



**शिक्षा के विकास में योगदान देने वाले कुछ मुखिया सम्मानित हुए :** उपायुक्त ने शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कुछ कुल-19 मुखियाओं को सम्मानित किया। वहीं कहा की आप सबकी सहभागिता से कई बच्चें स्कूल जा रहें है, प्रायः देखा जाता था कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चें विद्यालय ना जा कर अन्य कार्यों में अपने परिजन के साथ काम करने लगे। जिस कारण ऐसे बच्चों का शिक्षा सही तरह से नही हो पाता था। लेकिन सबकी सहभागिता से अब ऐसे बच्चें भी स्कूल जा रहें है। जिसकारण शिक्षा में काफी बदलाव आया हैं। साथ ही उन्होंने सभी मुखिया को कहा की आप सभी अपनी सहभागिता निभाए ताकि निकट भविष्य में आपको भी सम्मानित करने में मुझे बहुत खुशी होगी।

**जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने भी सभी मुखिया को शिक्षा के विकास के लिए मार्गदर्शन दिए गए :** कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष, वीणा चौधरी एवं जिला के निर्वाचित सभी प्रखंडों के मुखिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी , राजेश कुमार साव, जिला परियोजना कार्यालय के सभी परियोजना पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**आज / कल**




## माइग्रेन रोग बन सकता है हार्टअटैक व डिप्रेशन का कारण : योगाचार्य महेश पाल


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज के समय में बदलते लाइफ स्टाइल और अनहेल्दी डाइट कई बीमारियों की जड़ मानी जाती है। लोग काम के चक्कर में न समय से खा पाते हैं, ना हीं चैन से सो पाते हैं। साथ ही दिन का ज्यादातर समय स्क्रीन पर ही बिताते हैं, जैसे- मोबाइल, लैपटॉप या टेलीविजन। इन्हीं में एक है माइग्रेन की बीमारी, जिसे अधकपारी के नाम से भी जानते हैं। योगाचार्य महेश पाल बताते है कि माइग्रेन एक बहुत ही आम न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, माइग्रेन एक तरह का सिरदर्द होता है, जो आमतौर पर सिर के आधे हिस्से में होता है। यह मस्तिष्क में तंत्रिका तंत्र के विकारों के कारण होता है। इस बीमारी में अक्सर सिर में हल्का



● बचाव के लिए करे अनुलोम विलोम प्राणायाम

और तेज कष्टदाई दर्द होता है। लेकिन यह आम सिरदर्द से काफी अलग होता है। यह दर्द किसी भी समय हो सकता है, जिसे बर्दाश्त कर पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। माइग्रेन होने से पहले हमें कई लक्षण हमारे सामने नजर आते हैं जिसमें आंखो के आगे काला धब्बा दिखना, त्वचा में चुभन महसूस होना,कमजोरी लगना,आंखो के नीचे काले घेरे,ज्यादा गुस्सा आना, चिड़चिड़ापन होना,सिर के एक ही हिस्से में दर्द होना,प्रकाश और ध्वनी के प्रति संवेदनशीलता बढ़ना आदि माइग्रेन रोग कई प्रकार के होता है। माइग्रेन की समस्या से बचाव में योग प्राणायाम महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और तंत्रिका तंत्र के विकारों को ठीक करने में मदद करता है। मस्तिष्क में ऑक्सीजन के प्रवाह को बढ़ाता है। अनुलोम विलोम प्राणायाम से शरीर के सभी अंगों में शुद्ध ऑक्सीजन का संचार होता है, खासतौर पर गर्दन और मस्तिष्क में। इससे माइग्रेन के अटैक या सिरदर्द की समस्या को काफी हद तक रोका जा सकता है।




# पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए प्रोस्टेट रोगों के प्रति जागरुकता महत्वपूर्ण : डॉ रोहित कौशल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रोस्टेट रोग पुरुषों के स्वास्थ्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण चिंता है, जो विशेष रूप से उम्र बढ़ने के साथ अधिक प्रासंगिक हो जाती है। हालांकि, अधिकांश पुरुष इन बीमारियों के संभावित जोखिमों या लक्षणों से अनजान रहते हैं, जिससे देर से निदान और गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। प्रोस्टेट ग्रंथि पुरुषों में मूत्राशय के ठीक नीचे स्थित एक छोटी अखरोट के आकार की ग्रंथि होती है, जिसका मुख्य कार्य वीर्य का उत्पादन करना है, जो शुक्राणु को वहन करता है। उम्र बढ़ने के साथ, प्रोस्टेट में बदलाव सामान्य होते हैं और सबसे आम प्रोस्टेट स्थितियों में बेनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लासिया, प्रोस्टेटाइटिस और प्रोस्टेट कैंसर शामिल हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के यूरोलॉजी, रोबोटिक्स और यूरो-ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ रोहित कौशल ने बताया कि बीपीएच एक सामान्य, गैर-कैंसरजनक स्थिति है जिसमें प्रोस्टेट ग्रंथि का आकार बढ़ जाता है, जो 50 वर्ष से अधिक उम्र के 50% से अधिक पुरुषों को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में बार-बार पेशाब



आना, विशेष रूप से रात में, पेशाब शुरू करने या रोकने में कठिनाई और धीमी पेशाब की धारा शामिल हैं। हालांकि यह जीवन के लिए खतरा नहीं है, लेकिन यदि अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो यह जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। अधिकांश मामलों में दवाओं से इलाज संभव है, जबकि लगभग 15% मामलों में न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी की आवश्यकता होती है। प्रोस्टेटाइटिस प्रोस्टेट की सूजन को दर्शाता है, जो जीवाणु संक्रमण या अन्य कारकों के कारण हो सकता है। यह स्थिति दर्दनाक पेशाब, श्रोणि दर्द, फ्लू जैसे लक्षण और जीवन की खराब गुणवत्ता का कारण बन सकती है। यह किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन इसका जल्दी पता लगने से जटिलताओं को रोका जा सकता है।

डॉ. रोहित ने बताया कि सबसे गंभीर प्रोस्टेट स्थिति प्रोस्टेट कैंसर है, जो वैश्विक स्तर पर पुरुषों में दूसरा सबसे आम कैंसर है। यह आमतौर पर धीरे-धीरे बढ़ता है और शुरूआती चरणों में कोई लक्षण नहीं दिखाता, जिससे नियमित स्क्रीनिंग आवश्यक हो जाती है। यदि प्रोस्टेट कैंसर का जल्द पता चल जाए, तो यह अत्यधिक उपचार योग्य होता है और निदान के बाद कई पुरुष वर्षों तक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों में इसका जोखिम सबसे अधिक होता है, लेकिन आनुवंशिकी, पारिवारिक इतिहास, नस्ल और जीवनशैली जैसे कारक भी इसे प्रभावित करते हैं। जिन पुरुषों के परिवार में पहले किसी को यह बीमारी हुई हो, उनमें इसका जोखिम अधिक होता है। प्रारंभिक चरण में इस कैंसर के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते हैं, इसलिए डिजिटल रेक्टल एग्जामिनेशन और प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजेन ब्लड टेस्ट जैसी नियमित स्क्रीनिंग आवश्यक है, ताकि किसी गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले इसका पता लगाया जा सके।

## एक नजर

### नाला में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**खूंटी।** तपकारा थाना क्षेत्र के कालेट नाला में डूबने से सोमा मुंडा (52) की मौत हो गयी। वह चम्पाबहा गांव का रहने वाला था। घटना मंगलवार की है। जानकारी के अनुसार सोमा को मिर्गी की बीमारी थी। घटना के दिन वह अपनी पत्नी के साथ जड़ी बूटी खोजने जंगल की ओर जा रहा था। उसी बीच वह शौच के लिए चला गया। शौच के बाद वह नाले के पास पहुंचा, वहीं उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और पानी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस को जानकारी मिलने पर तपकारा थाना के सहायक अवर निरीक्षक रामजानुल हक वहां पहुंचे।उन्होंने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया।

### अफीम के खिलाफ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**अनगड़ा।** अनगड़ा थाना की पुलिस ने बुधवार को अनगड़ा थाना क्षेत्र के कई सुदूरवर्ती गांवों में अफीम की खेती के खिलाफ मोबाइल वैन जागरुकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी हीरालाल साह के नेतृत्व में सताकी, अंबाझरिया, जोन्हा, गुड़ीडीह, बरवादाग, टाटी पंचायत के कई अफीम की खेती प्रभावित गांवों में जागरुकता अभियान चलाया। लोगों से अफीम की खेती नहीं करने का आहवान किया गया। साथ ही कहा गया कि थोड़े से लालच में ग्रामीणों अपनी अगली पीढ़ी खराब कर रहे हैं। अफीम की खेती करना कानूनन अपराध है। हीरालाल साह ने बताया कि अफीम की खेती करनेवालों की सूचना देनेवालों को 500 रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले ढाई माह के दौरान अनगड़ा थाना की पुलिस करीब सवा सौ एकड़ भूमि पर लगे अफीम की फसल को नष्ट कर चुकी है।

### ऐसपरजर पीड़ित बच्चों के लिए जागरुकता कार्यक्रम

**रांची।** सीआरसी रांची के विशेष शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ प्रीति तिवारी के दिशा-निर्देशन में इंटरनेशनल ऐसपरजर डे (ऑटिज्म का एक प्रकार) का आयोजन किया गया। उन्होंने ऐसपरगर सिंड्रोम के प्रसार रेशियो एवं उसके मुख्य लक्षणों के बारे में जानकारी दी। चौधरी राजेश रंजन समल और सुमंत कुमार ने आवश्यक फिजियोथेरेपी, विद्याकर कुमार ने ऑक्यूपेशनल और पूजा कुमारी ने व्यवहारात्मक थेरेपी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इस दिवस को अधिक से अधिक लोगों में जागरूक करने के लिए विशेष शिक्षा विभाग के डिप्लोमा स्पेशल एडुकेशन के छात्रों व साहिया को भी जानकारी दी। आयोजन में डॉ प्रीति तिवारी के मार्गदर्शन में घनश्याम महतो, द्वाया कुमारी, सुनीता कुमारी, कुलदीप कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीआरसी निदेशक सूर्यमणि प्रसाद ने सभी को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन नहीं होने से बढ़े हुए मानदेय से बीआरपी-सीआरपी वंचित

## परीक्षा नियंत्रक से मिले संघ के पदाधिकारी शीघ्र वेरीफिकेशन का किया अनुरोध



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
रांची यूनिवर्सिटी में बीआरपी सीआरपी के सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन नहीं होने से बीआरपी सीआरपी वर्धित मानदेय से वंचित हो रहे हैं। इस निमित्त बुधवार को रांची यूनिवर्सिटी में बीआरपी सीआरपी एस एस संघ के सदस्य कृष्णा प्रसाद के नेतृत्व में रांची यूनिवर्सिटी में परीक्षा नियंत्रक से मिलकर बीआरपी सीआरपी के सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन कार्य को अविलंब पूर्ण करने का अनुरोध किया। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के अंतर्गत विभिन्न ब्लॉक /संकुल में विगत 20 वर्षों से कार्यरत है। सेवा नियमावली 2024 के अनुसार बीआरपी सीआरपी को सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के उपरांत वर्धित मानदेय का भुगतान करना है। 13 सितंबर 2024 में रांची जिला से बीआरपी सीआरपी का सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन हेतु रांची यूनिवर्सिटी को भेजा गया है किंतु सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन का शत प्रतिशत कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ ,जिसके कारण वर्धित मानदेय प्राप्त करने से बीआरपी सीआरपी वंचित रह रहे है जिससे बीआरपी सीआरपी में निराशा ,हताशा और क्षोभ व्याप्त हो गया है। परीक्षा नियंत्रक से आज मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में कृष्णा प्रसाद, अब्दुल नासिर अहमद , कुमार सिकंदर, कुमार रोहित, कमलाकांत मेहता, पवन तिवारी, सुबोध प्रसाद, प्रसिद्ध नारायण, रविंद्र ठाकुर एवं अनिरुद्ध सिंह शामिल रहे।

## सोलर प्लेट और पानी मोटर सेट की चोरी करने वाले चोर गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

### चोरों से चोरी के चार सोलर प्लेट, दो मोबाइल सेट और अन्य उपकरण बरामद किए गए

**नवीन मेल संवाददाता। इटकी**
इटकी पुलिस ने खेतों से सोलर प्लेट और पानी मोटर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बुधवार को चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव से अब्बास अंसारी और नरकोपी थाना क्षेत्र से जाउल अंसारी उर्फ बिहारी को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की चार सोलर प्लेट, दो मोबाइल सेट और अन्य उपकरण बरामद किए गए। गिरोह में कुल सात लोग शामिल थे, जिनमें पांच अभी फरार हैं। इस गिरोह का नेटवर्क बिहार तक फैला हुआ है।

### तकनीकी जांच से हुई गिरफ्तारी

डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि 16 फरवरी को टुरुगुरु गांव निवासी मुखिया राजन किस्पोट्टा ने खेत में पटवन के लिए लगाए गए सोलर प्लेट और मोटर सेट की चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। गुप्त सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर मसमानो गांव से अब्बास अंसारी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर जाउल अंसारी उर्फ बिहारी को नरकोपी से गिरफ्तार किया गया और चोरी के चार सोलर सेट और अन्य उपकरण बरामद किए गए। डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के कारण पुलिस को इस गिरोह की तलाश थी। उन्होंने दावा किया कि फरार पांच अभियुक्तों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्यूज | बॉक्स

### सड़क सुरक्षा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने की बैठक



**खूंटी।** अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रम्बल स्ट्रिप एवं साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए। एसडीओ बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर आमजनों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

### मधुमिता कुमारी व सुरभि पाल आर्चरी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए देहरादून रवाना



**सिल्ली/मुरी।** द्वितीय नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 22 एवं 23 फरवरी को उत्तराखंड राज्य के देहरादून शहर में आयोजित किया गया है जिसमें बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की मधुमिता कुमारी (कंपाउंड डिविजन) एवं सुरभि पाल (रिकॉव डिवीजन) से खेलने के लिए बुधवार के दिन रांची से राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुई। इस आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से तीरंदाजी भाग लेंगे। बताते चले कि इससे पूर्व में भी अकादमी के सब जूनियर कैटेगरी में साहिल, प्रियांशु बनवार और दीप्ति कुमारी भी आज और कल अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बिरसा मुंडा अकादमी के प्रशिक्षकों ने बताया कि खिलाड़ियों ने काफी मेहनत किया जिससे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर पा रहे हैं और पूर्ण विश्वास जताया की मधुमिता और सुरभि अपने प्रतिभा के बल पर पूरे झारखंड समेत सिल्ली का नाम अवश्य ही रोशन करेंगी साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी किया।

### रेलवे यूथ (ए) ने 64 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में वीके सीए बनाम रेलवे यूथ सीए (ए) के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे यूथ (ए) की टीम ने 24.1 ओवर में 10 विकेट पर 110 रन बनाया। अनिकेत ने 15 व अक्षत ने 15 रन बनाया। एमडी जैद ने 21 रन देकर 5 विकेट लिया। वहीं विक्की और जिशान ने 2-2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी वीके सीए ने 19 ओवर में 10 विकेट पर 46 रन बनाया। मेहरवीर ने 09 रन बनाया। वहीं यश राज ने 12 रन देकर 4 विकेट लिया। रेलवे यूथ (ए) ने 64 रन से जीत दर्ज की।

#### क्लासिक सीसी ने 5 विकेट से जीता

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में इंस्पिरेशन सीसी बनाम क्लासिक सीसी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंस्पिरेशन सीसी की टीम ने 27.2 ओवर में 10 विकेट पर 125 रन बनाया। कबीर अली ने सर्वाधिक 53 रन बनाया। वहीं एमडी हमजा तारिक ने 26 रन व दीपक कुमार महतो ने 12 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरी रौनक ने 18 रन देकर 5 विकेट, प्रत्युष ने 9 रन देकर 2 विकेट व आदित्य ने 33 रन रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी क्लासिक सीसी की टीम ने 22 ओवर में पांच विकेट पर 128 रन बनाया। आर्यन कुमार सिंह ने 34 रन, अमरजीत ने 29 रन, आशीष कुमार ने 26 रन व अविनव कुमार ने 18 रन बनाया। वहीं गेंदबाजी करने उतरे मोहित कुमार ने 20 रन देकर 2 विकेट लिया। क्लासिक सीसी ने 5 विकेट से जीता।

### गांवों की समस्याओं का समाधान करना मेरा दायित्व : विधायक सुदीप



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुडिया ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करना न सिर्फ उनकी जिम्मेदारी है, बल्कि प्राथमिकता भी है। ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर कभी भी उनसे मिल सकते हैं। विधायक बुधवार को तोरपा प्रखंड की फटका पंचायत के ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्या की जानकारी ले रहे थे। पंचायत के फटका खास, तरगिया, फंडिंगा, संकत्योर, सिंडी आदि के ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। ग्रामीणों ने अपनी समस्या से सम्बंधित आवेदन भी विधायक को सौंपा। विधायक ने उन समस्याओं को एक-एक करके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, सड़क, रोजगार के साधन आदि उपलब्ध कराकर तोरपा विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाना है। विधायक ने कहा कि हमारा क्षेत्र कृषि बहुल क्षेत्र है। अतः कृषि के क्षेत्र में हमें बेहतर काम करना है। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। विधायक ने शिक्षा पर जोर देते हुए लोगों से कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। बच्चों को शिक्षा देने में कोताही न बरतें।

रांची जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## लापुंग की मुखिया सविता उरांव को सर्वश्रेष्ठ मुखिया का मिला पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में बुधवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रांची के सभागार में रांची जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रांची जिला के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के द्वारा चयनित लापुंग की सर्वश्रेष्ठ मुखिया के रूप में सविता उरांव का चयन किया गया। उन्हें जिला परिषद अध्यक्ष सुमित्रा भगत ने जिला शिक्षा अधीक्षक की उपस्थिति में ट्रॉफी देखकर सम्मानित किया। इसके पूर्व जिला के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने कहा कि जिला के सभी विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव के साथ साथ विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराना पंचायती राज प्राधिकार के मुखिया सहित सभी चुने गए जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है। विद्यालयों में भवन की कमी, शौचालय और पेयजल सहित सभी आधारभूत संरचना की मुकम्मल व्यवस्था करना भी मुखिया की प्राथमिक सूची में होनी चाहिए। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज पांडेय ने कहा कि मुखिया चाहें तो विद्यालयों का नक्शा बदल सकते हैं।

ऑरोरा 2025 खेल महोत्सव के दूसरा दिन

## खो-खो में चेस वारियर्स खट्टी टॉफी को पराजित कर बनी चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ऑरोरा 2025 खेल महोत्सव के दूसरे दिन के मुकाबले में खो खो और रस्सा कस्सी का फाइनल बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा। खो खो की लड़कियों के मुकाबला में टीम चेस वारियर्स ने खट्टी टॉफी को पराजित कर चैंपियन बनी। वही लड़कों के सेमीफाइनल मुकाबले और फाइनल मुकाबला भी बहुत ही संघर्ष भरा खेल का प्रदर्शन देखा गया। फाइनल मुकाबले में टीम गांडिव को हरा टीम सील्ड ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला में प्रांजल, मोहित, विनीत गुप्ता, हर्षित, सुमित, आयुष और अविष्कार ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला में अतिथि के रूप में विशेष रूप से जयपुर बीआईटी के निदेशक डॉ पीयूष तिवारी उपस्थित हुए। उनके साथ लालपुर के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार, खेल संयोजक डॉ संदीप शाहदेव, डॉ आशुतोष मिश्रा, मनोज गिरी डॉ अमृता प्रियम, डॉ संजय कुमार, सोनी कुमारी, एलिस टोप्पो मिनी दुबे, अनामिका, सरिता , डॉ अपर्णा शुक्ला, दीपक मिश्रा सहित काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने दर्शकों के बीच काफी उत्साहित होकर खिलाड़ियो का हौसला बढ़ाया। गुरुवार से दो दिवसीय अरोरा 25 का आयोजन होने जा रह हैं जिसमें स्वादिष्ट व्यंजन, डांस, पेंटिंग, पारम्परिक परिधान सहित अनेकों कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ आशुतोष मिश्रा ने बताया कि गुरुवार से पूरे लालपुर बीआईटी परिसर पूरी तरह से युवाओं को समर्पित रहेगा।

## मैट्रिक का एडमिट कार्ड नहीं मिलने से छात्र ने जहर खाकर दे दी जान

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मैट्रिक का एडमिट कार्ड नहीं मिलने से एक छात्र ने जहर खा लिया। बुधवार को कांस्टेन्ट लीबंस अस्पताल मांडर मे इलाज के दौरान हुई मौत। राय खेलरी निवासी भरत नायक के पुत्र 16 वर्षीय पवन नायक को हाई स्कूल राय से मैट्रिक का एडमिट कार्ड नहीं मिला। जिस्से दुःखी होकर घर मे रखे सल्फास खा लिया, तभी इसकी जानकारी परिजनों को मिली और उसे आनन फानन मे मांडर स्थित कांस्टेंट लीवस अस्पताल लाया । सल्फास का मात्रा अधिक एवं आने मे बिलम्ब होने के कारण शरीर मे जहर फैल चूका था डॉक्टरो के काफी प्रयास के बावजूद पवन को बचाया नहीं जा सका। मांडर पुलिस ने बताया परिजनों से फर्द ब्यान लेकर अग्रेतर कार्रवाई हेतु खेलारी थाना को भेज दी गई है। बताया जाता है कि पवन को एडमिट कार्ड नहीं मिलने से वह स्कूल केशिक्षकों को बोलते हुए स्कूल से निकला था, अगर हमें कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार आपलोग खुद होंगे। मगर पवन के बातों को सीरियसली नहीं लिया गया। अगर लेते तो आज यह घटना नहीं होती। मांडर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### छात्र स्कूल में क्लास नहीं करता था

इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक से बात करने पर बताया गया कि छात्र स्कूल में क्लास नहीं करता था जिसके कारण जैक के द्वारा निर्धारित 75% मापदंड वाले ही छात्र का ही फॉर्म भरने की अनुमति है। इस कारण कई बार स्कूल समिति एवं शिक्षको के द्वारा छात्र व उनके परिजनों से संपर्क कर इस मामले को लेकर बात किया गया था लेकिन किसी प्रकार का सकारात्मक बात नहीं हो पाई थी। जिस कारण छात्र फॉर्म नहीं भर पाया था।

## 82वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप में तीन मैच खेले गए



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ, रांची द्वारा हटिया स्थित सेरसा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 82वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप 2024-25 खेला जा रहा है। बुधवार को इस चैंपियनशिप के अंतर्गत तीन मैच क्रमशः सुबह 07:30 बजे मध्य रेलवे मुम्बई बनाम उत्तर पश्चिम रेलवे, राजस्थान, सुबह 09:00 बजे दक्षिण पूर्व रेलवे बनाम इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई तथा दोपहर 15:00 बजे से रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला बनाम उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के बीच, हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए। पहले मैच में मध्य रेलवे, मुम्बई ने उत्तर पश्चिम रेलवे, राजस्थान को 11-0 गोल से एवं दूसरे मैच में दक्षिण पूर्व रेलवे ने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई को 4-1 गोल से पराजित किया तथा तीसरा मैच रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला एवं उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के बीच 2-2 गोल पर ड्रॉ रहा। मैच के दौरान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सह मण्डल क्रीडा अधिकारी निशांत कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ब्रजेश साहू, वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक लक्ष्मण कुमार, मंडल रेल प्रबंधक के निजी सचिव, (राजपत्रित) सह सहायक मण्डल क्रीडा अधिकारी आशुतोष कुमार सिन्हा, सेरसा रांची के सचिव ओम प्रकाश ठाकुर एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक हॉकी स्टेडियम में मौजूद थे। गुरुवार को इस चैंपियनशिप के अंतर्गत दोपहर 13:30 बजे रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला एवं रेल व्हील फैक्टरी, बैंगलोर के बीच हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में मैच खेला जाएगा।

## मुरहू में निकाली गई बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई खूंटी के मार्गदर्शन में बाल कल्याण संघ द्वारा बुधवार को अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान 2.0 के तहत बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली गोडाटोली पंचायत भवन से मुरहू प्रखंड तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे एवं बाल श्रम में संलग्न बच्चों को चिह्नित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ना और पुनर्वास के माध्यम से उनके भविष्य को संवारना था। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर भी बल दिया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने ह्यबाल श्रम मुक्त भारत, हर बच्चा स्कूल जाए एवं बचपन को न छीने, उन्हें पढ़ने दें जैसे नारों के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ खान ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ बाल श्रम में संलग्न बच्चों की पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके पुनर्वास और शिक्षा से जुड़ाव को भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से अनुरोध किया कि वे बच्चों को श्रम स्थल की बजाय विद्यालय भेजने में सहयोग करें।

हाइपर टेंशन, शुगर और कैंसर जांच के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग ड्राइव आज से

## स्पेशल ड्राइव की सफलता के लिए अभियान निदेशक अबु इमरान ने दिए आवश्यक निर्देश

*30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के सभी लोगों की जांच कर चिन्हित मरीजों का इलाज किया जाएगा।*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एनपी-एनसीडी सेल की ओर से हाइपर टेंशन(उच्च रक्तचाप), शुगर, ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए 20 फरवरी से 31 मार्च तक विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के सभी लोगों की जांच कर चिन्हित मरीजों का इलाज किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक अबु इमरान ने इस संबंध में सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र लिखकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, एनसीडी क्लीनिक और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में सीएचओ और स्वास्थ्य कर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की जांच की जा सके। उन्होंने इस संबंध में जन जागरुकता बढ़ाने, फ्रंटलाइन वर्कर के माध्यम से डोर टू डोर जा कर दौरा करने, बीपी और शुगर मॉनिटर, शुगर स्ट्रीप्स और शुगर व बीपी के आवश्यक प्रोटोकॉल के अनुरूप दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। अभियान निदेशक ने स्क्रीनिंग और उपचार से संबंधित डाटा को एनपी-एनसीडी पोर्टल पर अपडेट कराने का भी निर्देश दिया ताकि फॉलोअप किया जा सके। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि जिला और प्रखंड स्तर पर समीक्षा कर अभियान को सफल बनाएं। एनपी-एनसीडी के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ लाल माझी ने बताया कि अभियान के दौरान एक करोड़ सैंतालीस लाख के स्क्रीनिंग का लक्ष्य है, जिसे राज्यभर के 3000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और स्वास्थ्य केंद्रों के सहयोग से पूरा किया जाएगा।

## एक नजर

### शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने पर गोला के आधा दर्जन मुखिया सम्मानित

**गोला।** रामगढ़ समाहरणालय टाउन हॉल में मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से आयोजित जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के दौरान गोला प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन मुखिया को सम्मानित किया गया। जिसमें हुप्पू पंचायत के मुखिया प्यारेलाल महतो, सुतरी पंचायत के मुखिया सतीश मुर्मू, सरगडीह पंचायत के मुखिया प्रभाष प्रकाश सिंह, बरलंगा पंचायत की मुखिया कांति देवी, पुरबडीह पंचायत की मुखिया अलका महतो व चोकाद पंचायत की मुखिया रुपा देवी शामिल है। इन्होंने अपने अपने पंचायत क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसके कारण उन्हें झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### दो राजस्व कर्मचारी के भरोसे गोला के 21 पंचायत

**गोला।** गोला अंचल कार्यालय इन दिनों राजस्व कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। इसका खामियाजा प्रखंड क्षेत्र के आम अवाम को भुगतना पड़ रहा है। मामूली कामों के लिए भी लोगों को हफ्तों-महिनों तक अंचल कार्यालय का लगाना पड़ रहा है। कार्य में विलंब होने लोग अंचलाधिकारी या कर्मचारी को कोसते नजर आते हैं। बताया जाता है कि अंचल कार्यालय में 10 राजस्व कर्मचारी के पद सृजित हैं। लेकिन महज दो राजस्व कर्मचारी के भरोसे गोला प्रखंड के 21 पंचायत को जैसे तैसे चलाया जा रहा है। प्रखंड के 21 पंचायतों में लगभग 92 राजस्व गांव और टोला माहल्लों को मिलाकर सवा सौ से अधिक गांव सम्मिलित हैं। वहीं आश्चर्य की बात है कि अंचल कार्यालय में एक भी सरकारी अमीन नहीं है।

### विक्रांत गुप्ता झारखंड सेवा सम्मान 2025 से होंगे सम्मानित

**रामगढ़।** कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के संस्थापक विक्रांत गुप्ता झारखंड सेवा सम्मान 2025 से सम्मानित होंगे। यह सम्मान उन्हें 21 फरवरी को अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ झारखण्ड रांची की 30वीं वर्षगांठ में आयोजित झारखंड सांस्कृतिक महोत्सव 2025 के अवसर पर दिया जाएगा। बताते चले कि विक्रांत सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ सांस्कृतिक क्षेत्र में भी 20 सालों से अपना योगदान देते आ रहे हैं। विक्रांत झारखंड सरकार कला सांस्कृतिक विभाग से जुड़ कर बच्चों को लोकनृत्य के प्रशिक्षण भी देते हैं। 26 जनवरी जिला मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने उन्हें रक्तवीर सम्मान से नवाजा। इसके अलावा उन्हें कई संस्थाओं ने भी विभिन्न कार्य के लिए सम्मानित किया।

---

उपायुक्त ने की जिला स्तरीय जल व स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

# गर्मी के मौसम में जल की व्यवस्था सूनिश्चित करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन-तीन जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है। गर्मी के दिनों में पानी हो रही समस्याओं को हल कर जल आपूर्ति सूनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडलको प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हो रहे प्रतिवेदन के आधार पर सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं सहित अन्य को पंचायत वार टैग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

### उपायुक्त ने मॉडल गांव का 15 दिनों के अंदर सत्यापन कार्य करने का बात कही

उपायुक्त ने जो गांव मॉडल घोषित हो गए हैं उनके सत्यापन का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू अंतर्गत बनाए जाने वाले शौचालय की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों को प्रेरित करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि गांव में कचरा प्रबंधन के लिए वर्तमान में 66 ई रिक्शा क्रय किया गया है जिनमें 8 वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इस पर उपायुक्त में कार्यपालक अभियंता को सभी 66 वाहनों का संचालन शुरू करने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय करते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### झाकोमयू अरगड्डा क्षेत्रीय संयोजक कमेटी की बैठक

**गिद्दी।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन अरगड्डा क्षेत्रीय संयोजक कमेटी की बैठक बुधवार को रैविमो के गिद्दी स्थित कार्यालय हुई। बैठक में अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न परियोजना के मजदूर कर्मियों के समस्या के समधान करने पर बल दिया गया। इसके लिए क्षेत्र और विभिन्न परियोजना के अध्यक्ष और सचिव को दिशा निर्देश दिया गया। यूनियन नेता सैनाथ गंझू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन के पदाधिकारी अपने अपने कार्य क्षेत्र में मजदूर कर्मियों के समस्या के समधान के लिए प्रबंधन के साथ वार्ता कर इस दिशा में पहल करें। बैठक में अरगड्डा क्षेत्रीय और विभिन्न ब्रांच कमेटी को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता संयोजक कमेटी के अध्यक्ष सैनाथ गंझू ने की। जबकि बैठक में कुंअर महतो, मुस्तफा खान, प्रकाश महली, सुनील गंझू, रविंद्र मिस्त्री, शमसुल हक, नंदकिशोर महतो, किशोर सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### विद्यार्थियों के लिए पुस्तक सबसे बड़ा दोस्त : शशि भूषण प्रसाद



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कल्हाबाद में कक्षा नवम के छात्र छात्राओं के बीच सरकार द्वारा प्रदत्त प्रदत पुस्तक का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक शशि भूषण प्रसाद ने बच्चों के बीच डिक्शनरी, ग्रामर, सामान्य ज्ञान और एटलस की पुस्तकें वितरण करते हुए बच्चों को पुस्तकों का सदुपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पुस्तक से बड़ा और अच्छा कोई दोस्त नहीं हो सकता है। मौके पर शिक्षक प्रेम प्रकाश प्रजापति, संजय कुमार, शंकर प्रसाद, रामचन्द्र प्रसाद समेत आदि लोग मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए लाभुकों की सूची तैयार



**बरही।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार- 2024 शिविर के दौरान विभिन्न पंचायतों से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए प्राप्त आवेदनों पर लाभुक चयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. लाभुक चयन को लेकर बुधवार को प्रमुख मनोज रजक की अध्यक्षता व बीडीओ जयपाल महतो की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक बीडीओ कक्ष में आयोजित की गई. जिसमे मुख्य रूप से प्रखंड पशु पदाधिकारी डॉ अमन कुमार सहित जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता और भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर उपस्थित रहे. प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि बैठक में ग्राम सभा से अनुमोदित आवेदनों पर विचार करते हुए लाभुको की सूची तैयार किए गए. जिसमे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 60 बकरा पालन, 15 ब्रायलर मुर्गी पालन, 5 कुक्कुट पालन, 4 सुकर पालन और 2,5 और 10 गाय के लूट 4 लाभुक की सूची तैयार की गई. चयनित लाभुको की सूची को जिला कमिटी भेजा जाएगा, जहां अंतिम रूप से लाभुको का चयन किया जाएगा. सभी चयनित लाभुको को सरकार योजना से संबधित मवेशी उपलब्ध करवाए जायेंगे. अधिकारियों ने बताया कि लाभुको के चयन में पूर्ण निष्पक्षता बरती गई है. शेष लाभुको को अगले वित्तीय वर्ष में उपलब्ध योजना मद से लाभ उपलब्ध करवाए जायेंगे.

### काम और पूंजी के अभाव में पुश्तैनी काम छोड़ रहे मल्लहार

**गोला ।** गुमनामी की जिन्दगी बसर कर रहे मल्लहार समाज के लोग मिट्टी के खूबसूरत खिलौने गढ़ने में काफी माहिर होते हैं। माप तौल का सेर, पैला, धुपदानी, विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां, हाथी, शेर, झांझरा, चटुवा, मछली व अन्य खूबसूरत और आकर्षक खिलौने यहां गढ़े जाते हैं। स्थानीय बाजारटांड़ की जमीन पर घास फुस की झोपड़ियों में रहने वाले इस जाति के लोग हस्तकला के कुशल कारीगर हैं। बाजारों में जहां प्लास्टिक से निर्मित खिलौने मजबूती से अपना पांव जमा चुका है। इसके बाद भी यहां के खिलौनों का कोई जवाब नहीं। स्थानीय बाजार और पड़ोसी राज्य बिहार व पश्चिम बंगाल में यहां के खिलौनों की काफी डिमांड है। लेकिन संसाधनों की कमी के कारण मांग के अनुरूप खिलौनों की आपूर्ति नहीं कर पाते हैं। यहां के राजन मल्हार, भोला मल्लहार, जुबलाल मल्हार, संतोष मल्लहार, मनोज मल्लहार, लोधा मल्लहार, सुरेंद्र मल्हार, गुड्डू मल्लहार आदि ने बताया कि सरकारी मदद से यहां के लोगों का जीवन खुशहाल हो सकता है। जिला प्रशासन की ओर से अगर मल्लहारों को प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए तो सभी कुशल कारीगर बन सकते हैं। उनका व्यवसाय व्यवस्थित हो जाएगा और आमदनी में वृद्धि होगी। लेकिन इनकी दशा पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। अक्सर ऐसा देखने को मिला की बाजारटांड़ में जब-जब अतिक्रमण हटाओ अभियान चला तो उनकी दुकान व मकान उजाड़ दी जाती है। कभी यहां कभी वहां बैठकर अपना व्यवसाय करते हैं। इनके बच्चों का कोई भविष्य नहीं है। इनके बच्चे फटे पुराने व मैले कपड़ों में इधर उधर भटकते रहते हैं। होश संभालने के बाद माता पिता के काम में हाथ बंटाते हैं।

---

मैट्रिक व इंटर के कुल 1013 परीक्षार्थी दे रहे जैक की परीक्षा


## औसतन एक से दो परीक्षार्थी प्रतिदिन हो रहें हैं अनुपस्थित : केंद्राधीक्षक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जैक की आयोजित इंटर व मैट्रिक परीक्षा के लिए बरही महाविद्यालय में कुल 1013 परीक्षार्थी भाग ले रहे है. केंद्राधीक्षक दिलीप कुमार से मिली जानकारी के अनुसार उनके केंद्र पर मैट्रिक के लिए उच्च विद्यालय झुरझुरी व प्लस टू उच्च विद्यालय गौरिया करमा तथा इंटर के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय गौरिया करमा व विजैया के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है. जिसमे मैट्रिक में प्लस टू उच्च विद्यालय गौरिया करमा से 301 तथा उवि झुरझुरी से 157 अर्थात कुल 458 विद्यार्थी मैट्रिक के लिए शामिल हुए है. वही इंटर में प्लस टू उच्च विद्यालय गौरिया करमा के 256 व प्लस टू उवि विजैया से 299 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं. जिसमे 150 परीक्षार्थी विज्ञान, 398 परीक्षार्थी कला और मात्र 7 परीक्षार्थी वाणिज्य संकाय के शामिल हैं. उन्होंने बताया कि परीक्षा विधिवत शांतिपूर्ण हो रही है. परीक्षा में औसतन एक या दो परक्षार्थी प्रतिदिन अनुपस्थित पाए जा रहे हैं.

सूफिया नाज बनी स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे के योगदान पर लेख की राज्य विजेता

# रक्षा मंत्री ने स्वर्ण पदक व चेक देकर किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की वाणिज्य की छात्रा सूफिया नाज का चयन विजेता के रूप में किया गया। वह झारखंड की एकमात्र छात्रा थीं, जिन्हें, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मातृभूमि के लिए स्वतंत्रता संग्राम की शुरूआत करने में स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे के योगदान पर उनके लेखन के लिए स्वर्ण पदक और 10000 के चेक से सम्मानित किया। उन्हें उनके लेखन के अनूठे तरीके और अपने विचारों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत करने के कारण भारत सरकार द्वारा चुना गया ।पूरे देश में 100 छात्रों का चयन किया गया। जिसके बाद इन सभी को दिल्ली में सम्मानित किया गया। उनकी मां रूमी परवीन ने अपनी बेटी को आकार देने और उसमें नैतिक मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए झारखंड से नई दिल्ली तक की उनकी यात्रा उनके लिए एक अविश्वसनीय स्मृति है। स्कूल और उनके शिक्षकों ने हमेशा उनकी पढ़ाई में सहयोग किया है। प्रधानाचार्य हरजाप सिंह और स्कूल प्रबंधन समिति को सूफिया की उपलब्धि पर बेहद गर्व जताया एवं हेडमिस्ट्रेस मधु श्री,शिक्षक संजय कुमार दुबे, सुलेखा सिन्हा, राजेश सिंह और इंद्रपाल सिंह की सराहना की जिन्होंने इस प्रतियोगिता और बच्चों में प्रोत्साहन देने का काम किया जिससे पूरे विद्यालय का नाम राज्य में रोशन हुआ।

---

प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का हुआ आयोजन

## टूर्नामेंट से क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा सुनहरा अवसर : ममता देवी

*सुधीर मंगलेश ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के सिकनी में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का समापन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी तथा विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, महताब राही, तनवीर अंसारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विधायक ममता देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वयं बल्लेबाजी करते हुए मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला होन्हे बनाम सिकनी के बीच खेला गया जिसमें होन्हे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 81 रन बनाए। जवाब में सिकनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं मेडल विधायक ममता देवी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट से क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। बीस सूत्री अध्यक्ष आदरणीय सुधीर मंगलेश ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है, और इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।मौके मोजाहिद दानिश रजा, अशरफ अली, शमशाद आलम, पिन्टू कमरान ईन्जी, अरशद शमसुल, ईनतेखाब, शाकीर, महफुज, बोल्ट शोएब, अल्ताफ, उतम महतो,युगल किशोर महतो, रामप्रसाद महतो सहित बड़ी संख्या मे खेल प्रेमी एवं ग्रामीण व उपस्थित थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया गया।

प्लास्टिक सर्जरी से जटिल ऑपरेशन सफल

## आरोग्यम अस्पताल में कम खर्च में मरीज को मिली नई जिंदगी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड के हजारीबाग जिले के सिरका निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार यादव का एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पैर क्षतिग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के बाद उनकी हालत नाजुक हो गई थी, और डॉक्टरों ने ऑपरेशन को अत्यंत जटिल करार दिया था। परिवार के सामने एक बड़ी चुनौती थी बेहतर इलाज कहां और कैसे कराया जाए। ऐसे में परिजनों ने उन्हें आरोग्यम अस्पताल,डिस्टिक मोड़ चौक में भर्ती कराया उनकी स्थिति को समझते हुए तत्काल सर्जरी का निर्णय लिया। इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिससे मरीज का पैर बच गया और वे अब स्वस्थ हो रहे हैं। आमतौर पर इस प्रकार के प्लास्टिक सर्जरी ऑपरेशन में अत्यधिक खर्च आता है, लेकिन आरोग्यम अस्पताल में यह इलाज बेहद किफायती दरों पर किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएं, जिससे किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को सही इलाज से वंचित न रहना पड़े।

---

'योग व ध्यान के माध्यम से मानव उत्पादकता में वृद्धि' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित

## भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाएं और झारखंड के निर्माण में अपना योगदान दें : चंद्रप्रकाश चौधरी

**कार्यशाला में रजरप्पा, अरगड़ा, बरका-सयाल, कुजू, हजारीबाग एवं सीआरएस बरकाकाना से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया**




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र द्वारा खनन कार्य से जुड़े कर्मियों की उत्पादकता एवं मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'योग एवं ध्यान के माध्यम से मानव उत्पादकता में वृद्धि' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान के निदेशक अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने भाग लिया। भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान से आचार्य अमरेश झा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यशाला में रजरप्पा, अरगड़ा, बरका-सयाल, कुजू, हजारीबाग एवं सीआरएस बरकाकाना से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र कल्याणजी प्रसाद ने सभी महानुभावों का पुष्पगुच्छ एवं शाल से स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्मियों को नियमित योग एवं ध्यान को अपनाने की प्रेरणा दी। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक उन्नति एवं सकारात्मक ऊर्जा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाएं और एक स्वस्थ झारखंड, विकसित झारखंड के निर्माण में अपना योगदान दें। मुख्य प्रशिक्षक अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों को योग एवं ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन एवं शारीरिक स्फूर्ति बनाए रखने के उपायों पर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला के दौरान कर्मियों को विभिन्न योग मुद्राओं एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया।

नगर विकास मंत्री ने शहीद कैप्टन को श्रद्धांजलि अर्पित की, कहा

## सरकारी प्रवधान के तहत उनके परिजनों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी के जुलु पार्क हजारीबाग स्थित आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मुलाकात कर शहीद के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रवधान के तहत उनके परिजनों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी ओर हजारीबाग के पगोडा चौक का नामकरण कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी से किया जायेगा। मंत्री ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया की पगोडा चौक का नाम कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी होगा और वहां शहीद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा का स्वरुप टोपी और राइफल लिए हुए सैनिक का होगा।

पासवान समाज की ओर से तीन दिवसीय राहू पूजा का किया गया आयोजन

## श्रद्धालु ने दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर दिया भक्ति की शक्ति का परिचय

*कई भक्तों ने खौलते हुए दुध से कसेली, सिके व कौड़ी हांथ से निकालकर आस्था दिखाई*



**कटकमदाग ।** प्रखंड के ग्राम कटकमदाग में पासवान समाज की ओर से राहू पूजा का आयोजन किया गया। भक्तों ने दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर भक्ति और शक्ति का आस्था दिखाया। चतरा के शीला गांव से पधारे शंभू भगत व उनके सहयोगियों ने पूजन विधान संपन्न कराया। भगत ने तलवार पर खड़े होकर शक्ति का परिचय दिया। कई भक्तों ने खौलते हुए दुध से कसेली, सिके व कौड़ी हांथ से निकालकर आस्था दिखाई। दिनभर पूजन विधान के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। तीन दिवसीय राहू पूजा में सोमवार को भगत का आगमन के बाद नगर भ्रमण हुआ। मंगलवार को अहले सुबह प्रथम अग्नि परीक्षा भक्तों ने अंगारे पर चलकर भक्ति दिखाई। बुधवार को भंडारा का आयोजन होगा। पूजन विधान में यजमान के रुप में तेजू पासवान सपत्नी शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों की पगड़ी पोसी की गई। पूजन कार्यक्रम संपन्न बनाने में किशोरी पासवान, भुनेश्वर पासवान, चेतलाल पासवान, जगदीश पासवान, गंदौरी पासवान, सीताराम पासवान, सूरज पासवान, देवा पासवान, नागेश्वर पासवान, धनेश्वर पासवान, नरेश पासवान, सुखदेव पासवान, मनोज पासवान, दीपक पासवान, निर्मल पासवान, सोनू पासवान, डेबिट पासवान, गुड्डू पासवान, देबू पासवान के अलावे प्रकाश पासवान भीखू पासवान, संतोष पासवान, कटकमदास मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार, बसंत यादव, सुरेश राम, डालेश्वर पासवान, उमेश पासवान सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

# राशन कार्ड में ई-केवाईसी समय से पूर्ण करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत, नगर परिषद्, पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत बीमार से पीड़ित लाभुकों को लाभ मुहैया करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को एमओआईसी संग बैठक कर आवेदन कल्याण विभाग को भेजने का निर्देश दिया। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में साइकिल वितरण योजना के तहत छुटे लाभुकों को साइकिल मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में सोना - सोबरन धोती-साड़ी योजना वितरण का राशि जमा करने हेतु केरसेई प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। वहीं केरसई, बोलबा, ठेठईटांगर एवं कुरडेग प्रखंड द्वारा धोती साड़ी वितरण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है उसे यथाशीघ्र वितरण कार्य प्रारंभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। तथा सभी राशन कार्ड में लाभुकों का ई-केवाईसी समय से पूर्ण कराने लेने का निर्देश दिया गया। जिला राजस्व शाखा की समीक्षा कर सभी संबंधित विभाग द्वारा अधिग्रहण भूमि का किया गया जिसका म्यूटेशन करने की बात कहीं। तथा नव नियुक्त चौकीदारों का यथाशीघ्र थाना में पदस्थापित करने का निर्देश दिया। पंचायती राज विभाग अंतर्गत टाइड एवं अनटाइड मद में राशि का खर्च करने हेतु योजनाओं का चयन कर के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही ग्राम सभा अंतर्गत भी योजनाओं का चयन करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा फोटो हो खेल योजना में 15 वें वित्त की राशि से चेंजिंग रूम -सह- शौचालय निर्माण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी ज्ञान केंद्र का संचालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को रांची से बुक मंगवाते हुए ज्ञान केंद्र में रखने का निर्देश दिया। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत 8293 लंबित आवेदनों की जांच करते हुए स्वीकृति देने का निर्देश दिया। लंबित आवेदन में से जो लाभुक योग्य नहीं होंगे उसे रिजेक्ट करने की बात कहीं। इसके अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मंईयां सम्मान योजना एवं एवं सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन यथाशीघ्र भेजने का निर्देश दिया। खेल विभाग अंतर्गत प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है जिसका निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जांच करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। श्रम अधीक्षक विभाग की समीक्षा का बिरसा सारथी योजना की संचालन की जानकारी लिया। प्रखंड में बिरसा सारथी योजना का संचालन हेतु बिल्डिंग उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया। शिक्षा विभाग की समीक्षा कर सभी मॉडल स्कूल में विद्युत ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन करने हेतु कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर पर अधिष्ठापन करने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा 80% राशि जमा कर दी गई है।समाज कल्याण विभाग की समीक्षा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत छूते हुए लाभुकों का चयन कर भेजने का निर्देश दिया गया।

## गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की विशेष व्यवस्था हेतु आवश्यक तैयारी समय से करें पूर्ण : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान जिले में पेयजल की समस्या के निष्पादन से संबंधित कार्ययोजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया। बैठक में नगर क्षेत्र अंतर्गत पानी से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी ने बताया कि 640 चपाकल है जिसमें 625 चपाकल चालू अवस्था में है, जो खराब है उसमें रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि 20 वार्डों में 25 सोलर चारमीनार है जिसमें 23 चालू है दो में मराम्मति का कार्य किया जाना है। साथ ही उन्होंने बताया कि नए तीन जल मीनार का नागरिक सुविधा मद से निर्माण कराया जा रहा है।उपायुक्त ने गर्मी मौसम को देखते हुए पानी की विशेष व्यवस्था हेतु आवश्यक तैयारी समय से पूर्ण कर लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की पानी की समस्या ना हो इसे सुनिश्चित करें। पानी की समस्या के निष्पादन हेतु टोल फ्री नंबर जारी करते हुए उसकी पेपर में प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने लगभग पांच टैंकर कवि व्यवस्था कर लेने की बात कहीं। जिससे की किसी गांव में चापाकल या जल मीनार खराब होने पर टैंकर से जल की आपूर्ति की जाए। इसके अलावा उपायुक्त महोदय द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना के तहत संचालित कार्य की एजेंसी से समीक्षा किया।इसके पश्चात् उपायुक्त के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग की समीक्षा की गई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में आगामी गर्मियों के दिन में पानी की आपूर्ति से संबंधित तैयारी की जानकारी ली। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 14874 चापाकल है, जिसमें 2521 कि चापाकल खराब है जिसकी मराम्मति की जानी है। उपायुक्त ने सभी चपकालों का मराम्मति हेतु 15 में वित्त आयोग की राशि से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए पंचायती राज पदाधिकारी को पत्र भेजने की बात कहीं। साथ उपायुक्त महोदय ने सोलर योजना के तहत सिंगल विलेज स्कीम की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी समीर बोदरा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच ने बांसजोर में निकाला जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता**




**बांसजोर।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच बांसजोर के बैनर तले गिनीकेरा जयपाल बगीचा से दल के जिला प्रभारी शिवचंद मांझी के नेतृत्व में जुलूस प्रदर्शन आयोजित कर प्रखंड विकास पदाधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री को सहारा इंडिया सहित सभी ननबैंकिंग में लोगों के जमा मेहनत के पैसे को सुध समेत जल्द भुगतान करने की मांग की । कार्यक्रम में उपस्थित दल के केंद्रीय नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा की सभी ननबैंकिंग में जमा पैसे की भुगतान नहीं कर केंद्र व राज्य सरकार निवेशकों के साथ अन्याय कर रही है जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा । श्री बेक ने जल्द भुगतान की मांग को लेकर बजट सत्र के दौरान 19 मार्च 2025 को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च में प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में रांची कार्यक्रम में चलने की अपील की है। कार्यक्रम में शिवचंद मांझी, बुद्धदेव प्रधान, फिल्मोन कंडुलना, मनोहर लगून, राशिकन बागे, जवाकिम डुंगडुंग, नकुल बड़ाईक, नथानियन बुडिंग, जोलेन सुरीन, विनीता होरो, हेमा देवी, सलोनी डांग, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं ने बस स्टाफ के विरुद्ध धोखाधड़ी करने की शिकायत की

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के ग्रामीणों ने गौरव बस खूंटी के मालिक, एजेंट,मैनेजर,कंडक्टर पर ग्रामीणों प्रखंड के ग्रामीणों ने महाकुंभ ले जाने के नाम ठगी एवं धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। विदित हो कि गौरव बस खूंटी के एजेंट कृष्णा मिश्रा सोदे,रनिया निवासी के माध्यम से बानो के ग्रामीणों ने 15 फरवरी को महाकुंभ ले जाने के लिए कुल तीन बसों को तीन लाख अस्सी हजार में बुक कर बयाना राशि के रूप में एक लाख पच्चीस हजार रुपए दिए थे। 15 फरवरी को श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए तीनों बसों को लगाया गया,जिसमें रायकेरा, हुरदा, डुमरिया, सेतासोया, लचड़ागढ़, नौमिल सहित अन्य जगहों से आए 140 श्रद्धालु बस में बैठ गए। बैठने के बाद कंडक्टर चंदन जायसवाल द्वारा पैसा मांगा गया। हिंदू जागरण मंच के शिवशरण सिंह,सुरेश सिंह ने बताया कि हम लोग कृष्णा मिश्रा को एक लाख पच्चीस हजार रुपए में बुक कर बयाना के रूप में दिया गया है। सभी ग्रामीणों के बस में बैठने के बाद रात तीन बजे तक बस प्रयागराज के लिए रवाना नहीं हुई, कंडक्टर चंदन जायसवाल, मेनेजर मंटू द्वारा कहा गया कि कृष्णा मिश्रा से पैसा मांगकर दीजिए वरना बस खाली कर दीजिए। मजबूरन हम लोगों को बस खाली करना पड़ा। शिवशरण सिंह ने कहा कि 140 महिला पुरुषों की धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचाया गया है। शिवशरण सिंह ने बताया कि गौरव बस के मालिक,मैनेजर, कंडक्टर एवं एजेंट के खिलाफ बानो थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए शिवशरण सिंह, मदन सिंह, संध्या देवी, महावीर महतो, करमी कुमारी, अंबिका देवी सहित सभी ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया।

## आवासीय विद्यालयों का नियमित अनुश्रवण करने के लिए बीईईओ-बीपीओ को निर्देश

**शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीसी के निदेश के बाद जारी हुआ पत्र**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी ने एक पत्र जारी करते हुए प्रखंड स्तर में पदस्थापित बीईईओ - बीपीओ को अपने - अपने प्रखंड में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय / झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय का नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया है। सोमवार को उपायुक्त सिमडेगा द्वारा शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/ झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय का नियमित अनुश्रवण करने का निदेश देने के बाद यह पत्र जारी किया गया है।

### क्या है निर्देश

जारी पत्र में कहा गया है कि प्रखण्डाधीन कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय का सभी गतिविधियों (पठन-पाठन, भोजन, आवासन एवं अन्य) का नियमित सप्ताहिक /पाक्षिक अनुश्रवण करते हुए प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। अनुश्रवण के क्रम में यह ध्यान रखा जाय कि विद्यालय से संबंधित कोई भी समस्या जिनका समाधान आपके स्तर से संभव हो उसे तत्काल समाधान करते हुए जिला कार्यालय को अवगत करायेंगे तथा जिस समस्या का समाधान संभव न हो, उसे तत्काल अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उक्त समस्या का समाधान ससमय किया जा सके।

## कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बरवाडीह मोड़ में पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बरवाडीह मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। साथ ही वाहन चालकों का ड्रिंक एंड ड्राइव टेस्ट भी किया गया। मौके पर अधूरे कागजात रहने पर 2 वाहन चालकों का चालान काटा गया। कोलेबिरा थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह के निर्देशानुसार एएसआई कौशल किशोर सिंह के नेतृत्व में दो पहिया,चार पहिया वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, हेलमेट आदि की जांच की गई, जिसमें अधूरे कागजात रहने पर 2 वाहन चालकों का चालान काटा गया। एएसआई कौशल किशोर सिंह ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाने के दरमियान सड़क परिवहन नियमों का अनुपालन करें।शराब पीकर गाड़ी बिल्कुल भी न चलाएं। जीवन अनमोल है। दो पहिया वाहन में हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाकर ही सदैव चलें। टेंपो चालकों को टेंपो में अगली सीट पर महिलाओं को नहीं बैठाने का हिदायत दिया पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। भीड़-भाड़ और सघन आबादी वाले क्षेत्रों में गाड़ी धीरे चलने की बात कही। अभियान को सफल बनाने में थाना के पुलिस जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छात्राओं के साथ जमीन पर बैठकर जलडेगा बीडीओ ने किया भोजन



● औचक निरीक्षण में पास हुआ राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखण्ड बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागढ़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने विद्यालय के बच्चों को उनकी कक्षा में जाकर पढ़ाया। बीडीओ ने विद्यालय के बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा की शिक्षा एवं कार्य योजना बनाकर लगन से मेहनत करने पर लक्ष्य की प्राप्ति जरूर होगी और आगे चलकर समाज के अच्छे नागरिक बनेंगे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने बच्चों के लिए बनने वाले खानों की गुणवत्ता से लेकर साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ जमीन पर बैठकर मध्याह्न भोजन भी किया।

### औचक निरीक्षण में स्कूल शत-प्रतिशत पास

विद्यालय निरीक्षण के क्रम में साप्ताहिक मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन बना हुआ था। बीडीओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में साफ-सुथरे ढंग से भोजन पकाने की सुविधा है। सरकार द्वारा समय-समय पर जारी मध्याह्न भोजन मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप विद्यालय में एमडीएम का संचालन हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की। बच्चे भी भोजन की गुणवत्ता से काफी खुश थे। बच्चों के लिए स्वच्छ, स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन की उपलब्धता देखकर बीडीओ भी संतुष्ट हुए। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों एवं रसोइयों को भोजन की गुणवत्ता हमेशा बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान शिक्षा विभाग के बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी सहित स्कूल के प्रधानाध्यापक भरत महतो सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### लीड्स संस्था ने स्कूल को बनाया है मॉडल

जलडेगा प्रखंड में हक - अधिकार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्ति को लेकर काम कर रही लीड्स संस्था ने बच्चों की शिक्षा स्तर में सुधार और शत प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने के लिए राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागढ़ा में स्मार्ट क्लास की स्थापना की है। इसके अलावा पूरे स्कूल में बाला पेंटिंग का कार्य, छात्राओं के लिए शौचालय में भस्मक, किचेन गार्डन और पुस्तकालय भवन भी बनाया है। जिसके कारण यह स्कूल जलडेगा प्रखंड में सबसे सुंदर और मॉडल स्कूल में गिना जाता है।

### प्रतिनिधि नियुक्त में कई नए तो कई पुराने चेहरे को किया गया है शामिल

## नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधियों ने बैठक कर दिए कई दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बुधवार को अपने प्रतिनिधि नियुक्त करते हुए सूची जारी की है। साथ ही विधायक प्रतिनिधियों के बीच विभिन्न विभागों का बंटवारा करते हुए अपने जनता तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का निर्देश दिया है। विधायक द्वारा नियुक्त किए गए विधायक प्रतिनिधियों की सूची में कई पुराने चेहरे को ही शामिल किया गया है। जबकि कई नए चेहरे भी विधायक प्रतिनिधियों की सूची में शामिल हैं। विधायक ने बुधवार को 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्षों भी नियुक्त किए हैं। विधायक ने सभी नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधियों एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामना दी है। साथ ही सभी प्रतिनिधियों को अपने अपने कर्तव्यों का पुरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक संपन्न करने का निर्देश दिया है। बुधवार को विधायक ने अपने आवास में सभी नव नियुक्त प्रतिनिधियों एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी लोगों को अपने कार्यों को समझाते हुए सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही जनता की समस्याओं को भी सुनते हुए निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

### नव नियुक्ति विधायक प्रतिनिधियों की सूची

विधायक भूषण बाड़ा ने संतोष कुमार सिंह को पुन: जिला विधायक प्रतिनिधि की जिम्मेवारी सौंपी है। इसके अलावे एजाज अहमद, बिपिन तिग्गा को सिमडेगा जिला विधायक प्रतिनिधि बनाया है। वहीं मनीष कुमार, पुरुषोतम कुजूर, केशवर सिंह को गुमला जिला विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। वहीं नगर विधायक प्रतिनिधि के रुप में आकाश सिंह, शशि गुड़िया, मो शकील अहमद, सज्जाद अंसारी, सदर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, तिलका रमन, सलमान खान को नियुक्त किया है। वहीं गुड्डु खान, शीतल तिर्की, दीपक जायसवाल को कुरडेग, सुरेंद्र कुमार, राहुल रोहित तिग्गा, सेराफिना कुल्लू केरसई को, मो अख्तर खान, लुसियन मिंज, निखिल बाड़ा को पाकरटांड़, प्रदीप सोरेंग, अशोक सिंह उर्फ मारवाड़ी सिंह, संजय साहू को पालकोट प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

### सिलबेस्तर बने 20 सूत्री के सदर प्रखंड अध्यक्ष

विधायक ने प्रखंड 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष भी नियुक्ति किया है। 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्षों की सूची में रोहित एक्का को पालकोट, वाल्टर टोप्पो को कुरडेग, वाल्टर सोरेंग को केरसई प्रखंड का 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं सिलबेस्तर बाघवार को सदर प्रखंड, माईकल खड़िया को पाकरटांड़ का 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बनाया है। विधायक ने सभी विधायक प्रतिनिधियों एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र देते हुए माला पहनाकर बधाई दी।

## न्यूज बॉक्स

### ठगी करने के आरोपी को भेजा गया जेल

**पाकरटांड़।** पाकरटांड़ पुलिस ने ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार थाना काण्ड सं0- 05/24, 20.02.24, धारा- 419/420 आईपीसी एवं 66 सी/66 डी आई0टी0 एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त मजफ्फर अंसारी पिता निजामुदीन अंसारी पता चकतारना थाना पालजोरी जिला देवघर को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार कर बुधवार को विधिवत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### बानो में पागल कुत्ते ने एक महिला सहित दो बच्चों को काटा,घायल

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के समीप पागल कुत्ता ने एक महिला सहित दो बच्चो को काट कर घायल कर दिया।सभी घायलों का इलाज बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।घटना बुधवार सात बजे सुबह की बताया जा रहा।मिली जानकारी के अनुसार बानो बिरसा चौक में बस का इंतजार कर रही एक महिला व दो बच्चे को पागल कुता ने काट लिया।महिला के चेहरे और बच्चों के पैर में कुत्ता ने काट कर घायल कर दिया।बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा प्रभारी डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि अस्पताल पहुंचते ही तुरंत घायलों का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि महिला के चेहरे व बच्चों के पैर मे कुता ने काट लिया था।

### मछली मारने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के लम्बोई पंचायत अंतर्गत करमापानी रुगड़ी टोली में एक युवक की तालाब में डूबकर मौत हो गई है। घटना मंगलवार की है। जानकारी के अनुसार युवक दोपहर को खाना खाने के बाद घर से मछली मारने के लिए निकला और शाम तक वापस नहीं लौटा, खोजबीन करने के बाद परिजनों ने शाम लगभग 7 बजे युवक को तालाब में डूबा हुआ पाया। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की पहचान हेमसन कंडुलना, पिता विजय कंडुलना के रूप में की गई है।

### वाहन जांच अभियान के दौरान वाहनों के कागजातों की हुई जांच

**बानो।** बानो थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया।बानो थाना के एएसआई सत्यानारायण सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी। सड़क पर लोगों को वाहन पार्किंग करने पर फटकार लगाई गयी। ए एस आई सत्यनारायण सिंह ने टेंपो चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी।

### निमतुर में ग्राम सभा का हुआ आयोजन वनों के रक्षा की ली शपथ

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के निमतुर गांव में ग्राम सभा अध्यक्ष रामकिशोर सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन हुआ। बैठक में वन रक्षा हेतु प्रबंध समिति बनाया गया। मौके पर ग्राम सभा में उपस्थित लोगों ने वनों की रक्षा की शपथ ली। ग्राम सभा अध्यक्ष रामकिशोर सिंह ने कहा की वन हमारे लिए बहुत लाभदायक हैं। पेड़ पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलता है जिसे हम सांस लेते हैं। वनों से हमें कई प्रकार के वन उत्पादन प्राप्त होते हैं।वनों से कई प्रकार की औषधियां भी बनती हैं।हम सबको वनों की अंधाधुंध कटाई नहीं करनी है अपितु इसकी रक्षा करनी है। हमारा वन क्षेत्र सदैव हरा भरा रहे इसके लिए हम सब प्रतिज्ञा करें। ग्राम सभा बैठक में योजनाओं का भी चयन किया गया जिसमें निमपुर ग्राम के ढोंगी झरिया टोली में 200 फीट का पीसीसी निर्माण,आम बागवानी,लूज बॉल्डर,कूप निर्माण आदि का चयन किया गया। बैठक में कृष्ण सिंह,लोधो सिंह,लालदेव सिंह मल्लेश्वरी देवी,सुमित्रा देवी सुरांति देवी,सहोदरी देवी के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में तीन दिवसीय माघ मेला का दूसरा दिन संपन्न

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित गंझु टांड मैदान में तीन दिवसीय माघ मेला का दूसरा दिन सम्पन्न हुआ।बताया गया कि बोलबा प्रखंड मुख्यालय में माघ मेला हर साल की भांति इस वर्ष भी गंझु टांड मैदान में लगाया गया है।मेले में मिठाई कि दुकान, श्रृंगार की दुकान, झूला, मिकी माऊस,डोंगा, ट्रेन, खेल तमाशा सहित कई विभिन्न प्रकार के आकर्षक चीजे एवं दुकान लगाए गए हैं। इस मौके पर समसेरा पंचायत के मुखिया सूरजन बड़ाइक ने बताया कि इस वर्ष तीन दिन लगने वाले मेला को छः दिन लगाने का निर्णय लिया गया है जो रविवर तक लगेगा। वहीं बोलबा गंझू टांड़ मैदान में 19 से 26 फरवरी तक कृषि प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। जिसमें किसान भाइयों को अपने उपज पैदावार को कृषि मेला में लाने का आग्रह किया गया है।

### तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह अष्टप्रहरी कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

**बानो।** प्रखंड के पोसोर में पूजा समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह अष्टप्रहरी कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में 501 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर विभिन्न मार्ग होते हुए जलाशय पहुंची। जहां पंडित अमित पति ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना किया। विधि विधान से कलश में जल भर गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पहुंची जहां पर कलश स्थापना किया गया। कार्यक्रम के दौरान 20 फरवरी को नामकरण व अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। 21 फरवरी को पूर्णाहूती और भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### नही लगेंगे एक लाख के केसीसी के लिए एलपीसी

# साल में एक बार लेन देन करने वाले कृषक को केसीसी शून्य ब्याज पर


बीएलबीसी की बैठक में सभी 17 बैंकर्स व कृषक मित्र रहे उपस्थित


**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय बैंकिंग कमिटी की बैठक संपन्न हुई. जिसमे एलडीएम राकेश आजाद, बीटीएम राकेश कुमार सहित प्रखंड के सभी 17 बैंकर्स और कृषक मित्र शामिल रहे. बैठक में उपस्थित कृषक मित्रो ने मुख्य रूप से केसीसी ऋण नहीं मिलने और बैंक के द्वारा ई केवाईसी में होने वाली देती अपनी नाराजगी जताई. बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में मंइयां सम्मान योजना के तीस हजार व वृद्धा पेंशन के पंद्रह हजार लाभुको में कई लाभुकों को ई केवाईसी के कारण डीबीटी भुगतान में समस्या हो रहा है. उन्होंने सभी शाखा प्रबंधको को मार्च के प्रथम स्ताह प्रखंड मे कैंप लगाकर ई केवाईसी करने को कहा. इसके साथ ही एक लाख के केसीसी ऋण के लिए एलपीसी नही लेने की बात कही. यह भी बताया गया कि केसीसी ऋणधारको को वर्ष में न्यूनतम एक बार खाते में पैसे जमा करना अनिवार्य है, जिसका वह अगले दिन निकासी कर सकते है. ऐसी स्थिति में 7 फीसदी का लगने वाला ब्याज किसान के खाते में वापस हो जातें हैं अर्थात कृषक को शून्य ब्याज पर केसीसी ऋण मिलता है. ऐसा नहीं करने वाले किसान को 13.5 फीसदी सूद देना पड़ेगा. यह भी बताया गया कि भविष्य में वैसे किसान का ही ऋण माफ होगा जिसका लेन देन जारी रहेगा. बैंक कर्मियो के प्रस्ताव पर बीडीओ ने बीटीएम को सभी कृषक मित्रो का आईडी कार्ड निर्गत करने के आदेश दिए. जेएसएलपीएस को अभियान चला कर सभी ग्राम मे बैंक से न्यूनतम एक लाभुक को पशुपालन ऋण सुनिश्चित करने और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा के लिए लाभुको को जागरूक करने के निर्देश दिए गए.

### दुमका में 22 वर्षीय युवक का शव मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के जरुआडीह इलाके में मोहम्मद आर्यन नामक एक 22 वर्षीय युवक का शव मिला है. परिजनों का कहना है कि यह हत्या है और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है. शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और काफी संख्या में लोग घटना स्थल पर एकत्रित हो गए. मृतक आर्यन के भाई मो. सिद्दीकी ने बताया कि मंगलवार रात 8:00 बजे मेरी उससे नजदीक के ही चौक पर मुलाकात हुई थी तो मैंने उसे घर जाने को कहा. देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो हमलोगों ने उसे फोन लगाया, काफी रिंग हुआ पर उसने फोन नहीं उठाया. सुबह हमारे एक पड़ोसी ने जानकारी दी कि जरुआडीह बस्ती के आगे सुनसान इलाके में आर्यन का शव है. सिद्दीकी ने बताया कि हमलोग पांच भाई हैं और वह सबसे छोटा था. आर्यन मेन रोड स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता था और कुछ ही दिनों के बाद जो दुमका में हिजला मेला लगने वाला है उसमें एक दुकान भी खोलने वाला था.

### बोकारो में भूमाफियाओं की करतूत

# पहाड़ तोड़कर बना दिया समतल मैदान, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** जिले में वन भूमि और सरकारी जमीन की लूट को प्रशासन रोकने में विफल नजर आ रही है. नया मामला सिजुआ मौजा का सामने आया है, जहां 20 एकड़ में फैले पहाड़ को जमीन माफिया और सफेदपोश लोगों ने मिलकर लेवल करने का काम किया. हालांकि वन विभाग की तत्परता के बाद चास अंचल अधिकारी ने जांच करा कर इस मामले में बालीडीह थाने में मधुसूदन सिंह सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. इस मामले में अंचल अधिकारी दिवाकर दुबे के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक ने बालीडीह थाना में आवेदन देकर सिजुआ पहाड़ की अवैध खुदाई और मिट्टी तस्करी में लिप्त भू-माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. आवेदन में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया है कि मधुसूदन सिंह नामक व्यक्ति ने जंगल व पहाड़ की बीस एकड़ भूमि को समतल कर दिया है. बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में सरकारी व आदिवासी जमीन पर कब्जा करने का खेल कई वर्षों से चल रहा है. सिजुआ पहाड़, जो कभी क्षेत्र की पहचान था, अब पूरी तरह गायब हो चुका है. हजारों ट्रैक्टर मिट्टी की तस्करी कर उसे बेचा गया है. पुराने सर्वे और नक्शे में यह सरकारी जमीन और पहाड़ है. नये नक्शा में भी इसका स्वरूप सरकारी जमीन और पहाड़ है, इसके बावजूद इस पहाड़ को काटकर बेचने का काम किया जा रहा है.

## न्यूज बॉक्स

### ससमय पूर्ण करें योजना, कार्य में प्रगति लाएं पंचायत सेवक



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के दास डीह और बरमसिया वन पंचायत के विभिन्न गांवों में संचालित मनरेगा योजना, बागवानी, सिंचाई कूप,सहित अबुवा आवास का जांच बुधवार को गिरिडीह डीआरडीए निदेशक रन्तु महतो और आधार जिला परियोजना पदाधिकारी सह मनरेगा प्रभारी पदाधिकारी अमित सिंह ने किया। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों ने लाभुक सहित अन्य लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। भ्रमण के बाद पदाधिकारियों ने प्रखंड परिसर स्थित सभाकक्ष में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्वयक के साथ बैठक की। बैठक में डीआरडीए निदेशक ने बरसात के पूर्व स्वीकृत बिरसा सिंचाई कूप को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही। साथ में प्रधानमंत्री आवास प्लस के सर्वे में गति लाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में गांडेय बीडीओ निशांत अंजुम, मनरेगा बीपीओ मनोज मुर्मू, मनीषा टुडू, आवास के समन्वयक पवन मंडल सहित विभिन्न पंचायतों के पंचायत सेवक उपस्थित थे।

### बंगाल से कार चोरी करके भाग रहे चोर गुड़ीटांड में छोड़कर हुआ फरार



**बिरनी।** बिरनी थाना क्षेत्र के गुड़ीटांड गांव के पास एक बिना नंबर की डिजायर कार को पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बरामद किया है। बताया जा रहा है कि यह कार पश्चिम बंगाल से चोरी करके लाई गई थी। चोरों ने बंगाल से कार चोरी करने के बाद झारखंड की सीमा पार की और बगोदर-सरिया रोड के रास्ते बिरनी में प्रवेश किया, जहां पुलिस ने वाहन को पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक, वाहन मालिक को गाड़ी चोरी होने की सूचना मिलते ही उसने कार में लगे जीपीएस की मदद से ट्रैकिंग शुरू की। ट्रैकिंग के जरिए उसने कार की लोकेशन का पता लगाया, जो बगोदर-सरिया रोड पर थी। इसके बाद वाहन मालिक ने तुरंत बंगाल पुलिस को इसकी सूचना दी। बंगाल पुलिस ने झारखंड पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद बिरनी थाना की पुलिस ने गुड़ीटांड गांव के पास कार को बरामद कर लिया। हालांकि, चोर पुलिस के पहुंचने से पहले ही कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### गिट्टी लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, कोई हताहत नहीं



**गावां, गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के पसनौर में एक गिट्टी लोड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। घटना में कोई हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद चालक और उपचालक दोनों फरार हो गया। घटना बुधवार की अल सुबह की है। बताया जाता है कि धनवार से गिट्टी लोड ट्रक गावां-सतगावां के रास्ते बिहार के नवादा जा रहा था। इसी बीच चालक को झपकी आ गई और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। घटना में वाहन का चक्का आदि भी खुल गया है। समाचार लिखे जाने तक दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाना लाने का प्रयास किया जा रहा था।

### मुलभूत सुविधाओं के अभाव में जिंदगी की जंग हार गई एक और आदिवासी महिला

# खाट पर जा रही थी अस्पताल मां रास्ते में बच्चे के जन्म के बाद मौत



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव लक्ष्मीबथान में इलाज व सड़क के अभाव में एक और प्रसुता की मौत हो गई है। प्रसुता लक्ष्मीबथान गांव के तालो सोरेन की 30 वर्षीय पत्नी पानो हेमब्रम थी। बताया जाता है कि पानो गर्भवती थी साथ ही डायरिया से भी ग्रसित थी। गांवा प्रखंड में उसका इलाज भी करवाया गया था। मंगलवार को उसे प्रसव पीड़ा हुई जिसके बाद आस - पास के लोगों द्वारा उसे खाट पर टांगकर गांवा अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान प्रसूता ने स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गयी, जिसके बाद उसे वापस गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसके बाद भी एक भी प्रशासनिक पदाधिकारी उस गांव तक नहीं पहुंचे। इसके पूर्व भी वर्ष 2020 में भी सुरजी मरांडी नामक गर्भवती महिला को प्रसव कराने के लिए खाट पर टांगकर ले जाया जा रहा था। रास्ते में जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई थी। अपने नजदीकी गांव बरदौनी से 7 किमी दूर जंगल में स्थित लक्ष्मीबथान तक जाने के लिए सड़क भी नसीब नहीं है, न ही गांव तक बल्ब की रोशनी पहुंची है। स्वास्थ्य का तो दूर - दूर तक कोई अता - पता नहीं है। यहां के लोग नदी नालों से पानी छानकर पीने को विवश हैं। हालांकि गांव में 1 चपाकल भी है लेकिन वह भी भगवान भरोसे।

#### बाबूलाल के आदेश पर लक्ष्मीबथान पहुंचे भाजपाई

घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी के आदेश पर बुधवार को भाजपा के चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव, टिंकू मंडल व अन्य लक्ष्मीबथान गांव पहुंचे। जहाँ बाबूलाल ने फोन के माध्यम से पीड़ित परिवार से बातचीत की और हाल जाना। उन्होंने कहा कि राज्य से बाहर रहने के कारण वे नहीं पहुंच सके। सांत्वना देते हुए बाबूलाल ने कहा कि मुलभुत सुविधाओं को लेकर वे सरकार और प्रशासन पर दबाब बनाएंगे। मंडल अध्यक्ष सुनील साव ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग करते हुए कहा कि बहुत दुःखद घटना हुई है।यहां एक सप्ताह के अंदर पानी के लिए बोरिंग किया जाएगा। यहां की समस्या को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कितनी बार विभाग और सरकार को लिखा है लेकिन हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करती है। कहा कि इनके द्वारा किए गए अनुशंसा को जल्दी स्वीकृत नहीं किया जाता है।यदि यहां की समस्या का समाधान नहीं होगा तो बाबूलाल जी के माध्यम से विधानसभा में इस मामले को उठाया जाएगा।

### सूखी संपन्न लोग कार्ड को स्लेंडर करें : बीडीओ




**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड कार्यालय के सभगार में सभी डीलरों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ महेंद्र रविदास एवं संचालन एमओ प्रदीप राम ने किया। बैठक में प्रखंड के डीलरों ने भाग लिया। बैठक में निर्देश देते हुए कहा गया कि वैसे व्यक्ति जो राशन कार्ड की अहर्ता नहीं रखते हैं और अपना राशन कार्ड बनवा रखे हैं, वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर उसी सूची उपलब्ध करवाएं जिससे वैसे लोगों का कार्ड डिलीट कर गरीब लोगों का राशन कार्ड बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी डीलर इस पर तत्परता व ईमानदारी से कार्य करें। ऐसा नहीं करने पर डीलरों पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि वैसे परिवार जिनका कोई सदस्य आयकर, सेवाकर, व्यवसायिक कर, जीएसटी देता हो अथवा जिनके पास पांच एकड़ से अधिक सिंचित भूमि अथवा 1दस एकड़ से अधिक असिंचित भूमि हो। इसके अलावा जिनके पास चार पहिया मोटर वाहन या इससे अधिक पहिया वाहन या सरकारी नौकरी या तीन कमरों अधिक पक्की मकान हो वैसे लोगो को चिन्हित करना है। मौके पर धीरज कुमार, बृजनन्दन साव, बिनोद पांडेय, गंगा यादव, मनीष कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### देर रात विधि व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले एसएसपी, चलाया एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान

**जादूगोड़ा।** शहर में सोमवार की देर रात एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया. एसएसपी किशोर कौशल ने सीएसआर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये अभियान की निगरानी की. इसके बाद शहर के विभिन्न चेकपोस्टों पर पहुंचकर उन्होंने वाहनों की सघन जांच की. इस दौरान एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. इस दौरान सिटी एसपी कुमार शिवाशीष भी मौजूद रहे. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान पूर्व निर्धारित योजना के तहत चलाया जा रहा है.

### जिप सदस्य ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास

# तालाब पर छठ घाट व स्नान के लिए घाट निर्माण की मिली स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने सिमराधाब पंचायत के जुरपा में पीसीसी सड़क और सिरमातांड के वैसखवा तांड तालाब में स्नान घाट का शिलान्यास किया। जुरपा के ग्रामीणों की आवागमन की परेशानी को देखते हुए सरिता देवी ने इस कार्य की अनुशंसा की थी, जिसका आज विधिवत शिलान्यास हुआ। साथ ही सिरमातांड के वैसखवा तांड तालाब पर छठ घाट और स्नान हेतु घाट निर्माण की स्वीकृति भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला परिषद प्रतिनिधि सीताराम पासवान ने कहा कि उक्त सड़क काफी जर्जर हो गई थी, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने उन्हें दी थी। इस पर पहल करते हुए उन्होंने इस कार्य को स्वीकृति दिलवाई, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे इस कार्य की देखरेख करें ताकि सड़क और स्नान घाट का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा हो सके। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिरनी प्रखंड प्रमुख रामू बैठा उपस्थित रहे। इसके अलावा बिरनी के पूर्व प्रमुख और माले राज्य कमिटी सदस्य सीताराम सिंह, फअ नेता सह जिला परिषद प्रतिनिधि सीताराम पासवान, माले नेता रामसहाय यादव, रामविलास पासवान, इम्तियाज अली, संतोष कुमार दास, हरिहर दास, प्रयाग ठाकुर, रज्जाक अंसारी, सुनील साव, संदीप साव, ताजमुल अंसारी, संवेदक अक्षय कुमार सहित दर्जनों महिला-पुरुष शामिल थे।

### मिथिलांचल के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं देवघर



**नवीन मेल संवाददाता। देवघर** बसंत पंचमी के बाद देवघर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगती है. आमतौर पर बसंत पंचमी के बाद मिथिला से आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में देवघर पहुंचते हैं. लेकिन अब यह ट्रेंड बदलता दिख रहा है. इस साल मिथिला क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ-साथ बिहार के जमुई और नवादा जैसे इलाकों से भी रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवघर पहुंच रहे हैं. दरअसल, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि बसंत पंचमी के दिन भगवान भोलेनाथ का तिलक होता है और फिर उसके बाद विवाह यानी शिवरात्रि की तैयारियां शुरू हो जाती हैं. इसलिए बसंत पंचमी से लेकर शिवरात्रि तक रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दरबार में पहुंचते हैं. इनमें से ज्यादातर श्रद्धालु मिथिला क्षेत्र के होते हैं क्योंकि मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि भगवान भोलेनाथ का ससुराल मिथिला क्षेत्र में है.


JAPIT

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 e-mail: japit_doit@rediffmail.com

**Notice Inviting Quotation (NIQ) To Supply IT related materials**

Sealed quotations are invited from reputed agencies for the procurement of Laptop-01, Network Switch-02, and HDMI cable-02 for installation at Ranchi. Interested authorized agencies or dealers may submit their quotations in a sealed envelope, specifying their rates, to JAP-IT Ranchi.

The notice is affixed on notice board and also available at official website of JAP-IT (http://japit.jharkhand.gov.in).

Sd /-
OSD, JAP-IT

PR.NO.346821 Information Technology(24-25):D


### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

# झारखंड में 45 विभागों के लाखों की संख्या में कर्मचारी हुए शामिल




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन बैनर तले बुधवार को प्रदेश उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप, जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो, जिला सचिव बुद्धदेव मुंडा के नेतृत्व में रामगढ़ जिला के विभिन्न कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. संध्या समय पुलिस मुख्यालय कार्यालय में यह अभियान समाप्त हुआ. इसके पहले बिजली विभाग, अभियंता विभाग,पोस्ट ऑफिस, लघु सिंचाई विभाग, शिक्षा विभाग आदि कई विभागों में बृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. सभी कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक इस हस्ताक्षर में सहयोग किया. यह हस्ताक्षर अभियान साथ 7 फरवरी से आरम्भ हुआ था जो 28 फरवरी तक चलाया जाएगा. जिसमें झारखंड में 45 विभाग के लाखों की संख्या में कर्मचारी हैं. उनके हस्ताक्षर होने के पश्चात यह हस्ताक्षर किया हुआ पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा. हस्ताक्षर अभियान में कर्मचारियों का आंदोलन जिस तरह से पूर्ण पेंशन का लक्ष्य हासिल किया। इस तरह से हर कर्मचारी का सेवानिवृत्ति हर हाल में 62 साल, एनएसडीएल का पैसा पुनः वापस हो केंद्र सरकार के अनुसार शिशु शिक्षण भत्ता सभी कर्मचारियों को प्राप्त हो आदि लाभ प्राप्त हो. इस अभियान में पुलिस विभाग से महेश कुमार, विनीत कुमार सिंह,चंदन कुमार मेहता, मनोज कुमार शर्मा, मेघनाथ रविदास,मोहना कुल्लू, आलोक गौरव, चंदन शर्मा शामिल हुए. जबकि बिजली विभाग से अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, बालेश्वर कुमार, उपेंद्र कुमार, रोहित तिवारी, असादुल्लाह अंसारी, दिवाकर कुमार गुप्ता, वासुदेव महतो, अजय सिंह,संजय कुमार, अशोक कुमार महतो आदि शामिल हुए.

### प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

# विधायक ने विद्यार्थियों को दिया सफलता का मंत्र



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** दारू प्रखंड के बड़वार में छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और आदर्श नेतृत्वकर्ता भी थे। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ बढ़ना चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा की कम संसाधनों के बावजूद विद्यालय का संचालन जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है, वह सराहनीय है। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और प्रबंधन समिति बधाई के पात्र हैं, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI**

**NOTICE INVITING QUOTATION NO-14/2024-25**
Sealed quotations are invited for the work

| S. No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, Testing a nd Commissioning of Addressable Multicriteria Detector, Addressable Control Module & Power Supply at New Jharkhand Vidhan Sabha, Ranchi | One Month |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 05-03-2025 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-06-03-2025 at 3.00 p.m and will be opened on 06-03-2025 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work of Rs. 750.00 in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card (4) Similar nature of work experience.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

*Executive Engineer*
*Building Construction Department*
*Building Division No-02, Ranchi*

PR.NO.346780 Building(24-25):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरुषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# दिल्ली भगदड़ से सीख ले स्थाई समाधान हो

प्रयागराज की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़ में मची अफरा-तफरी के बाद के दृश्य अत्यंत लोमहर्षक हैं, जो एक बार फिर भारतीय रेल की व्यवस्थाओं पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। शुरुआती जांचों से यही पता चलता है कि यात्री महाकुंभ जाने के लिए प्रयागराज एक्सप्रेस की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस बीच भुवनेश्वर राजधानी और स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के विलंब के आने की सूचना से उनके यात्री भी वहां एकत्र होने लगे। तीनों ट्रेनों की भीड़ प्लेटफॉर्म-14 पर थी, तभी एक अन्य ट्रेन के प्लेटफॉर्म-16 पर आने की घोषणा हुई, तो एकाएक भीड़ दूसरे प्लेटफॉर्म पर भागी, एक यात्री सीढ़ियों से फिसलकर गिर गया और स्थितियां बेकाबू हो गईं। नई दिल्ली देश के व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में से एक है, जहां करीब पांच लाख यात्री रोज आते हैं। ऐसे में, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए ठोस व्यवस्था होनी चाहिए थी, जिसका यहां अभाव दिखा। बताया जा रहा है कि हादसे के दिन एक घंटे के भीतर करीब 1500 जनरल टिकट बेचे गए, जिससे स्टेशन पर भीड़ बढ़ती गई और फिर स्थितियां काबू से बाहर हो गईं। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दौरान हुए हादसे के बाद भी क्या भारतीय रेल को ऐसी भीड़ का अंदाजा नहीं था और अगर था, तो ऐसी किसी अनहोनी की दशा में बचाव की क्या योजना बनाई गई थी? इसे विडंबना के सिवाय क्या कहा जाए कि स्टेशन पर हालात बेकाबू होने और लोगों की मौतों के बाद भी रेलवे के अधिकारी हादसे को अफवाह बताते रहे और देर रात तक उन्होंने आधिकारिक बयान देने की जरूरत तक नहीं समझी। इसके ठीक-ठीक कारण तो जांच के बाद ही पता चलेंगे-हालांकि ऐसे पिछले हादसों के ही क्या कारण पता चले और उनसे क्या सबक सीखा गया, कोई नहीं जानता। बावजूद इसके कि 2013 में भी कुंभ के दौरान प्रयागराज स्टेशन पर मची भगदड़ से 36 लोग मारे गए थे, रेल प्रशासन ऐसी किसी आशंका को लेकर सोया हुआ था, तो यह शर्मनाक लापरवाही ही कही जाएगी। हाथरस, बागपत और फिर मौनी अमावस्या वाले दिन प्रयागराज में-पिछले कुछ समय में जिस तरह से आए दिन भगदड़ की वजह से हादसे हुए हैं, उन्हें देखते हुए भगदड़ को एक ज्वलंत समस्या कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसे में, एक समग्र भीड़ प्रबंधन फ्रेमवर्क विकसित करने की जरूरत है। रही बात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे की, तो गलती जहां भी हो, खोजी जानी चाहिए और सुधारी भी जानी चाहिए। विपक्ष तो अपनी मांग रखेगा ही, लेकिन रेल मंत्री कम से कम ऐसे कदम जरूर उठाएं, जिनसे ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। कहीं ऐसा न हो कि अन्य मामलों की तरह इसे भी मामूली घटना समझा जाए। इससे सीख लेने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सजग रहने की भी ।

*नई दिल्ली देश के व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में से एक है, जहां करीब पांच लाख यात्री रोज आते हैं।*

## देश की बात

### भारत वैश्विक एआई प्रतिभा और कुशलता में अग्रणी

# मेट्रो शहरों से परे एआई प्रतिभा संभावनाएं और एआई शिक्षा

**पत्र सूचना कार्यालय**



इंडिया एआई फ्यूचर स्किल्स पहल के अंतर्गत एआई पाठ्यक्रमों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों में विस्तारित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शीर्ष 50 एन.आई.आर.एफ- रैंक वाले शोध संस्थानों में एआइ पर शोध करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी विद्वानों को फेलोशिप प्रदान की जा रही है। एआई शिक्षा तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, सरकार श्रेणी 2 और श्रेणी 3 शहरों में डेटा और एआई लैब स्थापित कर रही है। ये लैब व्यापक जनसांख्यिकी के लिए मूलभूत एआई पाठ्यक्रम प्रदान करेंगे। दिल्ली में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) में एक मॉडल इंडियाएआई डेटा लैब पहले ही स्थापित की जा चुका है। भारत वैश्विक एआई कौशल पैठ में पहले स्थान पर स्टैनफोर्ड एआई इंडेक्स 2024 के अनुसार, भारत एआई कौशल पैठ में वैश्विक स्तर पर सबसे आगे है। भारत 2.8 के स्कोर के साथ एआई कौशल पैठ में विश्व स्तर पर पहले स्थान पर है, जो अमेरिका (2.2) और जर्मनी (1.9) से आगे है।भारत ने 2016 से एआई प्रतिभा संकेन्द्रण में उल्लेखनीय 263 प्रतिशत की वृद्धि देखी है, जिसने खुद को एआई में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। भारत महिलाओं के लिए एआई कौशल पैठ में भी 1.7 की प्रवेश दर के साथ अग्रणी है, इसके बाद अमेरिका (1.2) और इज़राइल (0.9) का स्थान है। यह उपलब्धि एआई कौशल विकास में लैंगिक असमानता को पाटने के लिए भारत के जारी प्रयासों को दर्शाती है। जब नवाचार और तकनीक की बात आती है, तो भारतीय युवा सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली डेवलपर आबादी के रूप में उभरा है, जो गिटहब पर पब्लिक जनरेटिव एआई प्रोजेक्ट्स में दूसरे स्थान पर है। भारत खुद को एआई के लिए एक नवाचार केन्द्र के रूप में स्थापित कर रहा है, जिसमें दुनिया की 16 प्रतिशत एआई प्रतिभाएं हैं और एआई कौशल को तेज़ी से अपनाया जा रहा है।भारत शीर्ष 5 सबसे तेज़ी से बढ़ते एआई प्रतिभा केन्द्रों में से एक व्हीबॉक्स द्वारा "इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024" का अनुमान है कि भारत का एआई उद्योग 2025 तक 45 प्रतिशत सीएजीआर के साथ 28.8 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसके अतिरिक्त, भारत में एआई-कुशल कार्यबल में 2016 से 2023 तक 14 गुना वृद्धि देखी गई है। सिंगापुर, फ़िनलैंड, आयरलैंड और कनाडा के साथ भारत शीर्ष पांच सबसे तेज़ी से बढ़ते एआइ टैलेंट हब में से एक है। भारत में एआई पेशेवरों की अनुमानित मांग 2026 तक लगभग 1 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। भारत का जेन एआई क्षेत्र वैश्विक मंदी के बीच उल्लेखनीय रूप से विकसित हुआ।नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्वेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) की नवंबर 2024 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक मंदी के बीच भारत का जनरेटिव एआई क्षेत्र उल्लेखनीय रूप से विकसित हुआ है।इसने कहा कि भारतीय जेन एआई स्टार्टअप फंडिंग, वित्तख वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में लगभग 51 मिलियन यूएस डॉलर थी, जिसमें बी2बी और एजेंटिक एआई स्टार्टअप्स के नेतृत्व में तिमाही-दर- तिमाही 6 गुना से अधिक वृद्धि देखी गई। प्रायोगिक उपयोग के मामलों से लेकर स्केलेबल, उत्पादन-तैयार समाधानों तक भारतीय जेन एआई क्षेत्र का विकास इसकी बढ़ती परिपक्वता में परिलक्षित होता है।

### भारत एआई अपनाने में अग्रणी

बीसीजी द्वारा संकलित एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत एआई अपनाने में अग्रणी है, जिसमें 80 प्रतिशत कंपनियां एआई को मुख्य रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में पहचानती हैं, जो वैश्विक औसत 75 प्रतिशत से अधिक है।रिपोर्ट में बताया गया है कि 69 प्रतिशत भारतीय कंपनियां 2025 में अपने तकनीकी निवेश को बढ़ाने की योजना बना रही हैं, इनमें से एक तिहाई कंपनियां एआई पहलों के लिए 25 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक आवंटित करने वाली हैं। यह एक व्यापक डिजिटल परिवर्तन एजेंडे की दिशा में देश के अभियान को दर्शाता है रैंडस्टैड एआई और इक्विटी रिपोर्ट 2024 के अनुसार, एआई ने भारत में कार्यस्थलों में तेज़ी से पैठ बनाई है, 2024 में 10 में से सात कर्मचारी कार्यस्थल पर किसी न किसी रूप में एआई का उपयोग कर रहे हैं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 10 में से 5 थी।

### भारतीय एआई क्षेत्र का निरंतर उदय

स्वायत्त एजेंटों जैसी एआई-संचालित तकनीकों का लाभ उठाकर, छोटे और मध्यम आकार के व्यवसाय (एसएमबी), व्यक्तिगत ग्राहक अनुभव प्रदान करने और बैक-ऑफ़िस संचालन को अनुकूलित करने के कुशल तरीके खोज रहे हैं। 'सेल्सफोर्स' की एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई का उपयोग करने वाले भारत में 78 प्रतिशत छोटे और एसएमबी में आय वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में शामिल 93 प्रतिशत भारतीय एसएमबी ने कहा कि एआई ने आय बढ़ाने में मदद की है।भारत में एआई बाज़ार की वृद्धि भारत का एआई बाज़ार तेजी से बढ़ रहा है, जैसा कि बीसीजी-नैसकॉम रिपोर्ट 2024 द्वारा उजागर किया गया है। एआई बाज़ार 25-35 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ेगा, जो नवाचार और रोज़गार सृजन क्षमता पर भी जोर देगा।एआई नियमित कार्यों को स्वचालित करता है। साथ ही यह डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग और एआई-संचालित अनुप्रयोगों में नए रोज़गार के अवसर पैदा करता है। एक्सिलरेटर का बढ़ता नेटवर्क भारत में इस समय 520+ टेक इनक्यूबेटर और एक्सिलरेटर उपकरण है। दुनिया में एआई क्षेत्र में कुल सक्रिय कार्यक्रमों में भारत में इसकी तीसरी सबसे बड़ी संख्यान है, जिसमें पिछले पांच वर्षों में भारतीय स्टार्टअप की जरूरतों को पूरा करने के लिए 42 प्रतिशत कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। टी-हब मैथ जैसे एक्सेलेरेटर एआई स्टार्टअप को उत्पाद विकास, व्यावसायिक रणनीति और स्केलिंग पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 के शुरुआती महीनों में, मैथ के पास 60 से अधिक स्टार्टअप थे, और उनमें से पांच वित्त पोषण के लिए विचारधीन है।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत और रचनात्मक विपक्ष जरूरी

लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर टीका-टिप्पणी व हंगामे के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं।

सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए मज़बूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। "विधेयक पर बातचीत करते हुए उसे समाप्त कर देना" या "विधेयक पर बात न करना" का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर ज़ोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीक़ा है। संसदीय चर्चाओं में पुराने ज़माने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है।

अलग बात



**प्रियंका सौरभ**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# बहन की बददुआ व गुरु के अभिशाप ने डुबोई केजरीवाल की लुटिया!

दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने आ चुके हैं। दिल्ली देश की राजधानी है और विभिन्न कारणों से यहाँ की राजनीति को राष्ट्रीय फलक पर काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह एक बड़ा कारण है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के विश्लेषण में जीत दर्ज करनेवाली भाजपा की चर्चा कम है और बड़बोले अरविंद केजरीवाल व उनकी आम आदमी पार्टी की हार को लेकर बाजार गर्म है।

उल्लेखनीय है कि चनावी हार जीत के कोई एक कारण नहीं होते और दिल्ली विधानसभा चुनाव भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ऐसे में कई कारण गिनाए जा रहे हैं और सभी कारणों के अपने अपने तर्क हैं। इन तमाम तथ्यों में से जो एक तथ्य काफी वायरल हो रहा है उसकी मानें तो केजरीवाल की यह दुर्गति उनके बहन की बददुआ और गुरु के अभिशाप का परिणाम है। भारतीय जनमानस परंपरा में विश्वास करनेवाली कौम है। ऐसे में न बहन की बददुआ को कायदे से नकारा जा सकता है और न गुरु के गुरूत्व से इनकार किया जा सकता। इस संबंध में "आप" को छोड़कर बीजेपी में शामिल होनेवाली शाजिया इल्मी ने एक बड़ा बयान देकर इसे सार्वजनिक बहस का एक बड़ा मुद्दा बना दिया है। श्रीमती इल्मी की मानें तो तमाम तथ्यों के अतिरिक्त बददुआओं के कारण ही आम आदमी पार्टी की हार हुई है और ऐसी ही बददुआ के कारण अब वह टूटने की कगार पर भी है। शाजिया खुद "आप" के कोर टीम की सदस्य रही हैं और उनका नाम श्री केजरीवाल के काफी करीबी लोगों में शुमार था। यह एक बड़ा कारण है कि उन्हें "आप" की जमीनी हकीकत का सबकुछ मालूम है। अपने इन्हीं खूबियों के कारण दिल्ली चुनाव परिणाम के बाद आयोजित एक टीवी शो में शाजिया इल्मी के बयानों को काफी महत्वपूर्ण



माना जा रहा है। उनके इस महत्वपूर्ण वक्तव्य की मानें तो कांग्रेस पार्टी की वजह से आम आदमी पार्टी नहीं हारी है क्योंकि आम आदमी पार्टी ही वह पार्टी है जिसने कभी कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था। अब जबकि भाजपा फ्रंटफुट पर है और आम आदमी पार्टी की राजनैतिक जमीन सिकुड़ने लगी है तो अभिशप्त केजरीवाल के सामने अपना अस्तित्व बचाने और "आप" को टूट से बचाने की चुनौती आ खड़ी हुई है। आम आदमी पार्टी से अलगाव के बाद शाजिया इल्मी भाजपा में शामिल हो गई थी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के बाद बतौर विश्लेषक इन्होंने एक डिबेट शो के दौरान याद दिलाया कि किस तरह एक बददुआ देकर उन्होंने पार्टी छोड़ी थी। इस शो में उन्होंने कहा कि उनके लिए केजरीवाल को छोड़कर "आप" से बाहर निकलना एक बड़ा जज्बाती कदम था क्योंकि वह अरविंद केजरीवाल को निरंतर राखी बांधा करती थी और उनके लिए वह सगी बहन से भी बढ़कर थी। भारतीय संस्कृति और परंपरा में यह एक पवित्रतम रिश्ता होता है। जब केजरीवाल इसकी पवित्रता भंग करने पर आ गए तो यही पवित्रता बददुआ में परिवर्तित हो गया और नतीजा सामने है। अभी जब दिल्ली के मतदाताओं ने भी श्री केजरीवाल को नकारते हुए उन्हें बददुआ दी है तब उन्होंने यह रहस्योद्घाटन किया है कि यह उनके लिए खुशी से भी बढ़कर है। शाजिया की मानें तो उनकी यह बद्दुआ थी कि कभी न कभी इनका सच जनता के सामने बाहर आए। केजरीवाल के साथ आखिरी बातचीत का हवाला देकर उन्होंने बताया कि विभव के माध्यम से हुई इस वार्तालाप में उन्होंने यह बददुआ दी थी।

आपकी बात



**केदारनाथ दास**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

आपाधापी यूँ बढ़ी, चौराहे पर लोग।
अपनों से ही भिड़ गए, झूठे पड़े प्रयोग।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# हर जीवन को सम्मान, हर हाथ को काम

विश्व सामाजिक न्याय दिवस

समाज की असली शक्ति उसकी न्यायप्रियता, समता और गरिमा में निहित होती है। जब कोई वर्ग शोषण का शिकार होता है, जब श्रमिकों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य नहीं मिलता, जब जाति, धर्म, लिंग या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव किया जाता है, तब सभ्यता का आधार हिलने लगता है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस (20 फरवरी) मात्र एक तिथि नहीं, बल्कि एक सशक्त संकल्प है-ऐसे समाज के निर्माण का, जहाँ अन्याय की बेड़ियाँ तोड़ी जाएँ और हर व्यक्ति को उसका हक मिले। यह दिवस हमें हमारी जिम्मेदारी का अहसास कराता है कि हम न केवल अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें, बल्कि हर उस व्यक्ति की आवाज बनें, जिसे व्यवस्था ने हाशिए पर धकेल दिया है। सामाजिक न्याय का अर्थ केवल कानूनी संरचनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी व्यवस्था है, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर, गरिमा और अधिकार प्राप्त हों। यह केवल संविधान की किताबों में दर्ज कोई सिद्धांत नहीं, बल्कि एक जीवंत विचारधारा है, जो हर इंसान को बराबरी का हक दिलाने की वकालत करती है। समाज में जातीय भेदभाव, लैंगिक असमानता, बाल श्रम, मानव तस्करी, शोषणकारी मजदूरी और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ गहरी जड़ें जमा चुकी हैं। यदि इन विषमताओं का अंत करना है, तो सामाजिक न्याय को केवल एक आदर्श न मानकर, उसे क्रियान्वित करना होगा।

इस वर्ष, विश्व सामाजिक न्याय दिवस 2025 की थीम है- "एक स्थायी भविष्य के लिए एक न्यायसंगत परिवर्तन को मजबूत करना"। यह विषय इस बात पर केंद्रित है कि समाज में होने वाले बदलाव-विशेष रूप से रोजगार, जलवायु परिवर्तन नीतियों और आर्थिक संरचनाओं में-निष्पक्ष और समावेशी हों, ताकि कोई भी पीछे न छूटे। आज, दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन यह बदलाव तभी सार्थक होगा जब इसका लाभ हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुँचे। श्रमिकों को उनका अधिकार मिले, पर्यावरणीय नीतियाँ गरीब और पिछड़े वर्गों को नुकसान पहुँचाने के बजाय उन्हें लाभ दें, और आर्थिक सुधार ऐसे हों, जो समाज के सभी तबकों को सशक्त करें। यह थीम हमें समावेशी और न्यायपूर्ण विकास की ओर प्रेरित करती है।
संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यही रखा है कि हर व्यक्ति को उसके मौलिक अधिकार मिले और वह गरिमापूर्ण जीवन जी सके। यह समस्या किसी एक देश तक सीमित नहीं है; पूरी दुनिया में गरीबों और शोषितों को उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है। विकसित देशों में भी श्रमिकों का शोषण होता है, महिलाएँ समान अवसरों से वंचित रहती हैं, और धार्मिक व जातिगत भेदभाव अभी भी कायम है। सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा श्रमिक अधिकारों की रक्षा हेतु बनाए गए कानून, सामाजिक कल्याण योजनाएँ और संवैधानिक सुधार शामिल हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में सामाजिक न्याय की अवधारणा और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। भारतीय संविधान ने समानता, आरक्षण नीति, श्रमिक कल्याण, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के अधिकार जैसे कई उपाय किए हैं, ताकि समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्यधारा में लाया जा सके। डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और अन्य समाज सुधारकों ने सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी, जिसे हमें और अधिक सुदृढ़ करना है। सामाजिक न्याय को स्थापित करने के लिए सबसे प्रभावी साधन शिक्षा और जागरूकता हैं। जब हर नागरिक शिक्षित होगा, तभी वह अपने अधिकारों के प्रति सजग हो पाएगा। सरकार को ऐसी नीतियाँ लागू करनी चाहिए, जो गरीब और वंचित वर्गों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करें। न्यूनतम मजदूरी का पालन, श्रमिकों के हितों की रक्षा, महिलाओं के लिए समान कार्यस्थल नीति, बच्चों के लिए शिक्षा का अनिवार्य प्रावधान-ये सभी कदम सामाजिक न्याय की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर सकते हैं। आज की डिजिटल क्रांति ने अवसरों के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसके साथ ही डिजिटल असमानता भी बढ़ी है। गरीब और पिछड़े वर्गों के पास तकनीकी संसाधनों की कमी के कारण वे इस दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। डिजिटल समावेशन अब सामाजिक न्याय का एक महत्वपूर्ण पहलू बन चुका है। तकनीकी संसाधनों तक सबकी पहुँच सुनिश्चित किए बिना, समान अवसरों की बात अधूरी रह जाएगी।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ की धड़कन बने सीएम योगी, घर से लेकर ग्राउंड जीरो तक की खबर

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**

महाकुंभ धीरे-धीरे अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। 45 दिनों तक चलने वाला महाकुंभ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक भव्यता का जीवंत प्रमाण है। सीएम योगी के नेतृत्व में यह महाकुंभ श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय अनुभव बनने जा रहा है। टेक्नोलॉजी, सुरक्षा और सुविधाओं के अद्भुत समन्वय से महाकुंभ विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहा है। इसे अविस्मरणीय बनाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी विशेष योगदान रहा है। वह महाकुंभ की धड़कन बनकर पल-पल पूरे आयोजन को लीड करते नजर आए। 6 अक्टूबर 2024 को महाकुंभ का लोगो, वेबसाइट और मोबाइल ऐप लॉन्च करने के बाद से अब तक वह 16 बार प्रयागराज पहुंचे, हर व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और तैयारियों को समय से पहले पूरा करने का संकल्प दोहराया। महाकुंभ की शुरुआत के बाद सीएम और सजग नजर आए और उन्होंने ग्राउंड जीरो पर उतरकर हर व्यवस्था, सुविधा को सुनिश्चित किया। अपने प्रयागराज दौरों पर सीएम योगी ने न सिर्फ तैयारियों, व्यवस्थाओं और सुविधाओं की समीक्षा की, बल्कि 13 अखाड़ों, प्रमुख संतों और धर्मगुरुओं से संवाद कर महाकुंभ को और भव्य बनाने के सुझाव लिए। श्रद्धालुओं की सुविधाओं से लेकर साधु-संतों के सत्कार तक, हर व्यवस्था का सीएम योगी ने खुद जायजा लिया। यही नहीं, अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर सीएम योगी ने सरकारी आवास से रियल-टाइम मॉनिटरिंग कर उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बेहतरीन बनी रहे। अपनी सतत निगरानी से उन्होंने महाकुंभ को संस्कृति, आध्यात्म और आधुनिकता का संगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। 6 अक्टूबर को महाकुंभ का लोगो, वेबसाइट और मोबाइल ऐप का लोकार्पण करने के बाद से मुख्यमंत्री योगी अब तक कुल 16 बार प्रयागराज आए। वहीं, महाकुंभ की शुरुआत से लेकर अब तक उन्होंने कुल 8 बार यहां का भ्रमण किया। इस दौरान तैयारियों की समीक्षा के साथ ही उन्होंने स्थलीय निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन भी किया। साधु-संतों के साथ संवाद स्थापित कर महाकुंभ को भव्य बनाने के लिए सुझाव भी लिए तो हर वर्ग और संप्रदाय के संतों का सत्कार कर दिल भी जीता। ग्राउंड जीरो के साथ ही मुख्यमंत्री ने लखनऊ में भी कई बार महाकुंभ को लेकर बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। रियल टाइम मॉनिटरिंग के जरिए उन्होंने ग्राउंड रियलिटी भी जानी।



### लखनऊ से भी रहे एक्टिव

- **29 अक्टूबर 2024 :** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ लखनऊ में महाकुंभ से संबंधित पर्यटन विकास परियोजनाओं की समीक्षा।
- **11 जनवरी :** लखनऊ में महाकुंभ को लेकर परिवहन विभाग की बैठक में आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

समस्त अमृत स्नान, स्नान पर्वों पर अपने सरकारी आवास पर तड़के से ही रियल टाइम मॉनिटरिंग, उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए।

### महाकुंभ आयोजन को लेकर सीएम योगी की गतिविधियों की झलक

- **27 नवंबर 2024 :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 136वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। महाकुंभ से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा भी की।
- **7 दिसंबर 2024 :** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पूर्व संत समाज को आमंत्रित किया। अरैल बंधा रोड, त्रिवेणी पुष्प, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट और शिवाजी पार्क का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और दिशानिर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों से मुलाकात और अस्थायी पुलिस लाइन का उद्घाटन भी किया।
- **12 दिसंबर 2024 :** पीएम मोदी के दौरे से पहले केंद्रीय अस्पताल, किला घाट जेटी, पीएम कार्यक्रम स्थल, अक्षय वट, हनुमान कॉरिडोर, सरस्वती कूप का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया।
- **13 दिसंबर 2024 :** पीएम मोदी के साथ कार्यक्रम में सहभागिता।
- **23 दिसंबर 2024 :** टेंट सिटी का निरीक्षण, दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती, स्वरूपरानी मेडिकल कॉलेज में बर्न वार्ड का निरीक्षण और तैयारियों की समीक्षा।
- **31 दिसंबर 2024 :** बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण, संगम नोज का निरीक्षण, त्रिवेणी पूजन, समीक्षा बैठक।
- **9 जनवरी 2025 :** 13 अखाड़ों, दंडीबाड़ा, खाकचौक और योगी महासभा के शिविर में पहुंचे, डिजिटल मीडिया सेंटर का उद्घाटन, प्रेस कॉन्फ्रेंस, डिजिटल महाकुंभ एक्सपीरिएंस सेंटर का उद्घाटन, तैयारियों की समीक्षा।
- **10 जनवरी :** प्रसार भारती के चैनल कुंभवाणी का शुभारंभ, परिवहन निगम की बसों को दिखाई हरी झंडी।
- **19 जनवरी :** पूज्य शंकराचार्य, संतों-महात्माओं से मुलाकात, ओडीओपी प्रदर्शनी, पुलिस गैलरी, संविधान गैलरी, पर्यटन गैलरी, एनसीजेडसीसी पवेलियन का शुभारंभ। स्वामी चिदानंद के शिविर में मोरारी बापू की कथा का श्रवण।
- **22 जनवरी :** महाकुंभ में कैबिनेट बैठक, पूरे मंत्री परिषद के साथ पावन संगम स्नान।
- **25 जनवरी :** अखिल भारतवर्षीय अवधूतभेष बारह पंथ योगी महासभा के कार्यक्रम में, गुरु गोरक्षनाथ अखाड़ा में, विश्व हिंदू परिषद के सम्मेलन में सहभागिता। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य से भेंट।
- **27 जनवरी :** गृहमंत्री अमित शाह के महाकुंभ आगमन पर स्वागत और त्रिवेणी संगम में पूजन।
- **1 फरवरी :** संगम नोज का स्थलीय निरीक्षण, सतुआ बाबा के पट्टाभिषेक कार्यक्रम में सहभागिता, भारत सेवाश्रम शिविर का दौरा। उपराष्ट्रपति का स्वागत और दुनिया के 73 देशों के राजनयिकों से किया संवाद और समीक्षा बैठक।
- **4 फरवरी :** बौद्ध महाकुंभ कार्यक्रम में सहभागिता, मीडिया से संवाद, भूटान नरेश का किया स्वागत।
- **5 फरवरी :** पीएम मोदी के आगमन पर स्वागत, त्रिवेणी संगम का पूजन।
- **16 फरवरी :** जलवायु सम्मेलन में सहभागिता, प्रदीप मिश्रा की कथा और प्रभु प्रेमी संघ शिविर के समापन समारोह में सम्मिलित हुए।

## राष्ट्रपति और पीएम के दौरे को लेकर बिहार तैयार, 24 और 25 फरवरी को होंगे कई कार्यक्रम

**एजेंसी। पटना**



बिहार में अगले हफ्ते खासा राजनीतिक हलचल देखने को मिलेगी, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार का दौरा करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पटना में रहेंगे। यह दौरा बिहार के लिए काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए राज्य को कई परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इस बारे में आईएएनएस को बताया कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भागलपुर में होंगे, जहां वह किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी बिहार के किसानों की समृद्धि और कल्याण के लिए कई योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं। इस अवसर पर लगभग 3 लाख किसान भागलपुर हवाई अड्डा मैदान में इकट्ठा होंगे और पीएम मोदी किसानों की खुशहाली, समृद्धि और कल्याण की बातें करेंगे। जायसवाल ने बताया कि इसके बाद, 25 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पटना आ रही हैं। वह इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित अलमुनाई कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे से पहले, 24 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी पटना आ रहे हैं। वह स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर पीएमसीएच के इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस ऐतिहासिक दौरे से बिहार में न केवल राजनीतिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी, बल्कि राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृष :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

## दिल्ली के सीएम शपथ ग्रहण समारोह का शेड्यूल जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में 20 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर निमंत्रण की पहली कॉपी सामने आई है। इस निमंत्रण पत्र में मुख्य सचिव की तरफ से सभी लोगों को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। निमंत्रण पत्र के मुताबिक, यह शपथ ग्रहण समारोह दिल्ली के रामलीला मैदान में दोपहर 12 बजे होगा।

इसके साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए कुछ दिशानिर्देश भी दिए गए हैं। इसके मुताबिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले इच्छुक सुबह 11 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। यह निमंत्रण पत्र केवल एक ही व्यक्ति के लिए वैध है। वहीं, शपथ ग्रहण समारोह को लेकर पूरा टाइमटेबल भी सामने आया है। जिसके मुताबिक, 11-12 बजे के बीच शपथ समारोह के गेस्ट आएंगे और अपनी सीट लेंगे। 12:10 बजे मनोनीत मुख्यमंत्री और मनोनीत मंत्री आएंगे। 12:15 बजे एलजी शपथ समारोह में पहुंचेंगे। 12:20 बजे केंद्रीय गृह मंत्री और अन्य नेता पहुंचेंगे। 12:25 बजे प्रधानमंत्री मोदी आएंगे। वहीं, 12:30 बजे बैंड की धुन पर राष्ट्रगान होगा। 12.35 बजे एलजी मुख्यमंत्री को शपथ दिलाएंगे।दिल्ली के रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। कार्यक्रम के संबंध में सभी तैयारियां संपन्न हो चुकी हैं। सुरक्षा की दृष्टि से भी दिल्ली पुलिस सहित अर्धसैनिक बलों के जवान कार्यक्रम स्थल पर तैनात रहेंगे। जांच पड़ताल के बाद ही कार्यक्रम में लोगों को अंदर जाने की इजाजत दी जाएगी। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल होने की उम्मीद है। राजनीतिक और कला एवं मनोरंजन जगत के कई लोग इसका हिस्सा बन सकते हैं।

### दिल्ली में सीएम के शपथ ग्रहण में केजरीवाल और आतिशी को भी निमंत्रण

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बुधवार को विधायक दल की बैठक के बाद दिल्ली के लिए अपने सीएम की घोषणा करेगी, जिसके बाद 20 फरवरी को रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। शपथ ग्रहण समारोह में अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की कार्यवाहक सीएम आतिशी को भी निमंत्रण दिया गया है। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और कार्यवाहक सीएम आतिशी को मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण भेजा है। कैब ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। बता दें कि दिल्ली का सीएम कौन होगा, इस पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। भाजपा ने अभी तक मुख्यमंत्री पद के लिए किसी नाम का ऐलान नहीं किया है। जानकारी के अनुसार, आज भाजपा विधायक दल की बैठक में साफ हो जाएगा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन होगा।

# बिहार के भोजपुर और भागलपुर में एनआईए की छापेमारी

### जाली नोट के मामले से जुड़े होने की आशंका

**एजेंसी। आरा**



बिहार के भोजपुर और भागलपुर जिले में बुधवार को एनआईए की टीम छापेमारी और छानबीन कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मिले कागजातों की भी जांच की जा रही है। हालांकि, इस मामले में अब तक अधिकारी कुछ बता नहीं पा रहे हैं। भोजपुर जिले में बुधवार की सुबह दो अलग-अलग जगहों पर एक साथ एनआईए की टीम छापेमारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, डीएसपी और इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों के नेतृत्व में आई टीम चौरी थाना क्षेत्र के छतरपुरा गांव तथा सहार थाना के कोरन डिहरी गांव स्थित दो घरों में छापेमारी कर छानबीन कर रही है इसके अलावा, भागलपुर के इशाकचक थाना क्षेत्र में भी एनआईए की टीम ने दबिश दी है। स्थानीय आसपास के थानों की पुलिस की भी मदद ली गई। भोजपुर में जिन संदिग्धों के घरों में छापेमारी हो रही है, वे दोनों रिश्तेदार बताए जाते हैं। दोनों घरों में रहने वाले संदिग्ध रिश्तेदार बताए जाते हैं। एक संदिग्ध के पिता उर्दू विद्यालय में शिक्षक हैं, जबकि दूसरे संदिग्ध के पिता टोला सेवक के रूप में कार्यरत हैं। टीम दोनों संदिग्धों के बेटों से पूछताछ कर रही है। सूत्रों का दावा है कि जाली नोट के कारोबार से जुड़े होने और आतंकी कनेक्शन को लेकर छापेमारी की गई है। बताया गया कि भोजपुर के कोरन डिहरी टोला निवासी अख्तर हुसैन का पुत्र मोहम्मद वारिस लगभग पांच माह पहले मोतिहारी से जाली नोटों के साथ गिरफ्तार हुआ था। इसके ठिकाने को खंगालने अब एनआईए की टीम पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए यह जांच कर रही है कि क्या इन दोनों मामलों में कोई संबंध है और क्या जाली नोटों का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। हालांकि, एनआईए के अधिकारी अभी कुछ भी नहीं बोल रहे हैं।

## बिहार के भागलपुर में मस्जिद के पास के घर में आयकर की छापमारी

**एजेंसी। पटना**


### घर के बाहर पुलिसकर्मी व जवान तैनात रहे

बिहार में भगलपुर शहर में बुधवार को सुबह-सुबह स्थानीय थाने की पुलिस के साथ आयकर विभाग की टीम ने दबिश डाली है। छापेमारी इशाकचक थाना क्षेत्र के भीखनपुर गुमटी नंबर 3 में स्थित मस्जिद के पास एक घर में की जा रही है। इनकम टैक्स के अधिकारी अंदर मकान में प्रवेश कर चुके हैं और कार्रवाई की जा रही है। सुबह-सुबह भीखनपुर में इनकम टैक्स रेड की खबर सामने आते ही पूरे शहर में सनसनी फैली हुई है। छापेमारी से जुड़ी कोई जानकारी अभी तक सामने नहीं आ सकी है। जब आयकर विभाग की टीम लोकल थाने की मदद से रेड मारने आयी उस समय उक्त मकान के आसपास सटे तमाम दुकान वगैरह बंद ही थे। लेकिन राह चलते लोग पुलिसबलों की तैनाती देखकर अंदर ही अंदर आपस में तरह-तरह की चर्चा करते नजर आए।

# बिहार में शिक्षा विभाग के सभी विकास कार्य अब एक एजेंसी करेगी

### अब शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड सौंपा गया

**एजेंसी। पटना**



- शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी डीईओ को जारी किया पत्र

बिहार शिक्षा विभाग के सभी विकासात्मक कार्य अब शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड ही करेगा। इसके लिए बुधवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि विकास कार्यों के निरीक्षण एवं समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि शिक्षा विभाग के विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों का क्रियान्वयन अनेकों एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है।

ई-शिक्षा कोष पर अपलोड किए गए आंकड़ों की समीक्षा में यह पाया गया है कि जिला स्तर पर असैनिक कार्यों का क्रियान्वयन किए जाने के कारण जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जिला के विद्यालयों के शैक्षणिक कार्यों को देखने का पर्याप्त समय नहीं देते हैं। इस कारण से शिक्षा विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के समरूप एवं समेकित रूप से गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन में कठिनाई हो रही है। वर्तमान में जिला स्तरीय समिति के माध्यम से जिला स्तर पर विकास कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी अधिकतम 50 लाख रुपए तक की योजना ले सकते हैं। ऐसी स्थिति में एक ही विद्यालय परिसर की अनेक योजनाएं 50 लाख की सीमा के अंदर सीमित कर क्रियान्वित की जा रही हैं। इस कारण एक विद्यालय का समेकित विकास नहीं हो पा रहा है और साथ ही साथ एक ही परिसर में अनेक संवेदक कार्यरत हैं। फिलहाल बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड केवल 50 लाख से अधिक राशि की योजना के क्रियान्वयन के लिए प्राधिकृत है। जबकि इस निगम का गठन शिक्षा विभाग के सभी प्रकार के विकास कार्यों को करवाने के लिए किया गया है। इस स्थिति में शिक्षा विभाग के असैनिक कार्यों के क्रियान्वयन बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से ही कराने का निर्णय लिया गया है।

शिक्षा विभाग के सभी प्रकार के विकास कार्यों का क्रियान्वयन 31 मार्च के बाद बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा ही किया जाएगा। पत्र में यह भी कहा गया है कि विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अपने स्तर पर मरम्मत के कार्य करा सकेंगे, जिसकी कुल अधिकतम सीमा 50 हजार रुपए है। उक्त राशि प्रधानाध्यापक के खाते में विभाग द्वारा स्थानांतरित कराई जाएगी। 31 मार्च, 2025 के बाद किसी भी निर्माण से संबंधित राशि जिला शिक्षा पदाधिकारी को नहीं दी जाएगी। निर्माण कार्य के लिए विभाग सीधे बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड को राशि उपलब्ध कराएगा।

## मप्र में 12वीं के स्कूल टॉपर को 21 फरवरी को मिलेगा लैपटॉप

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश की हायर सेकेंडरी की परीक्षा में सरकारी स्कूल स्तर पर अव्वल आने वाले विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी है। अब विद्यालयों में अव्वल रहने वाले छात्रों को 21 फरवरी को आयोजित समारोह में लैपटॉप दिया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि 21 फरवरी को मध्यप्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश भर के विद्यार्थियों को लगभग 25 हजार रुपये के लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे। इसमें वे छात्र शामिल हैं जिन्होंने 12वीं कक्षा पास कर अपने-अपने सरकारी स्कूलों की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में छात्र प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार मेधावी छात्रों को उपहार स्वरूप सुविधाएं दी जा रही हैं। राज्य में संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान करने की योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत पिछले दिनों मुख्यमंत्री यादव ने समारोह में विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी प्रदान की। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में शासकीय विद्यालयों के टॉपर्स को स्कूटी प्रदान करने की इस योजना के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रदान की गई। राज्य सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों, जिन्हें स्कूटी दी गई है, को अपनी रुचि के अनुसार पेट्रोल या इलेक्ट्रिक स्कूटी चुनने की सुविधा प्रदान की है। कांग्रेस ने इसको लेकर सरकार पर आरोप लगाया था कि सरकार की ओर से छात्रों को इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जा रही है। इस पर सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट की गई थी।

# न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तान को 60 रनों से हराया

**एजेंसी। कराची**

टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को 60 रनों से हराया। न्यूजीलैंड के 320 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। सऊद शकील (छह) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (तीन) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद फखर जमान और बाबर आजम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने फखर जमान (24) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। बल्लेबाजी करने आये आगा सलमान ने मोर्चा संभाला। लेकिन वो भी अधिक देर तक नही टिक सके। उन्हें नेथन स्मिथ ने आउट किया। आगा सलमान ने 28 गेंदों में (42) रनों की आतिशी पारी खेली। तय्यब ताहिर (एक) और बाबर आजम (64) को मिचेल सैंटनर ने आउट कर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। शाहीन शाह अफरीदी (14)रन बनाकर आउट हुये। तेजी के साथ रन बना रहे खुशदिल शाह (69) को विलियम ओरूर्क ने आउटर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। हारिस रउफ (19) रन बनाकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुये। इसके बाद 47वें ओवर में दूसरी गेंद पर मैट हेनरी ने नसीम शाह (13) को बोल्ड कर पाकिस्तान की पारी का 260 रनों के स्कोर पर अंत कर दिया।

न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर ने तीन-तीन बल्लेबाजों को आउट किया। मैट हेनरी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। माइकल ब्रेसवेल और नेथन स्मिथ को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले आज यहां कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने एक समय 16.2 ओवर में 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। डेवन कॉन्वे (10), केन विलियमसन (एक) और डैरिल मिचेल (10) रन बनाकर आउट हुये। हालांकि इस दौरान विल यंग एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। 38वें ओवर में नसीम शाह ने विल यंग को आउटकर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। विल यंग ने 113 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने टॉम लेथम के साथ पारी को सहारा दिया। टॉम लेथम ने 104 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में हारिस रउफ ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। फिलिप्स ने 39 गेंदों में तीन चौका और चार छक्के लगाते हुए (61) रन बनाये। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया।पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने दो-दो विकेट लिये। अबरार अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



चैंपियंस ट्रॉफी 2025

## जोकोविच की दोहा में पहले दौर में चौंकाने वाली हार



**दोहा(आईएएनएस)।** पूर्व विश्व नंबर 1 सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच ने कतर ओपन, एटीपी 500 इवेंट में माटेओ बेरेटिनी से सीधे सेटों में हारने के बाद बहाने बनाने से परहेज किया और कहा कि इतालवी ने उन्हें मात देने के लिए मास्टर क्लास मैच खेला। इटालियन ने एटीपी 500 में तीसरे वरीय सर्ब को 7-6(4), 6-2 से हराने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला प्रदर्शन किया और जनवरी 2023 के बाद से शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। यह हार अप्रैल 2022 के बाद से सर्ब की पहली शुरुआती दौर की हार थी। जोकोविच जनवरी में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल मुकाबले से सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। जोकोविच ने कहा, "मुझे उस अर्थ में कोई दर्द या परेशानी नहीं हुई। आज मैं अपने से बेहतर खिलाड़ी से हार गया। हां, मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था, और हो सकता है कि मैं अभी भी उस तरह से आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं जैसा मैं चाहता हूं, लेकिन, मेरा मतलब है, मैंने बिना दर्द के खेला, इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है। उन्होंने कहा, "वह बेहतर खिलाड़ी था। मुझे लगता है कि उसने मास्टर क्लास मैच खेला, ईमानदारी से कहूं तो, उसने बहुत ही शानदार ढंग से खेला और बहुत अच्छी सर्विस की, इसलिए उसकी टीम की जीत बहुत ही योग्य थी।

### एफआईएच प्रो लीग 2024-25

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 1-0 से हराया

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

- **1-4 से मिली हार के बाद भारतीय टीम की शानदार वापसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 1-0 से हराकर एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इस रोमांचक मुकाबले में गुरजंत सिंह ने मैच का एकमात्र विजयी गोल किया, जिससे भारत स्टैंडिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गया। मंगलवार को जर्मनी से 1-4 से मिली हार के बाद यह भारतीय टीम की शानदार वापसी है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय डिफेंस ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की। मैच की शुरूआत में ही भारत ने चार मिनट में बढ़त हासिल कर ली, जब गुरजंत सिंह ने लगातार दूसरे मैच में अपनी टीम के लिए शानदार गोल किया। राजिंदर सिंह ने गेंद सर्कल में भेजी जिसे मनदीप सिंह गोल में बदलने की कोशिश कर रहे थे। मनदीप के प्रयास का एलेक्जेंडर स्टैडलर ने बचाव कर लिया लेकिन जर्मन गोलकीपर ने गेंद को सेफ जोन में नहीं भेजा। इसका फायदा उठाते हुए गुरजंत सिंह ने गेंद को नेट में पहुंचा दिया।

भारत ने अपनी बढ़त को बचाने और जर्मनी की गलतियों का फायदा उठाते हुए लगातार अटैक करना जारी रखा। जर्मनी को भी स्कोर बराबर का मौका मिला जब थिएस प्रिंज ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया, लेकिन कृष्ण बहादुर पाठक ने उनकी कोशिश को रोक दिया। इसके बाद पाठक ने फ्लोरियन स्पेलिंग के प्रयास को भी गोलपोस्ट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पहले क्वार्टर के अंतिम 46 सेकेंड में जर्मनी को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोंजालो पेइल्लत का ड्रैग-फ्लिक गोल से दूर निकल गया और पहला क्वार्टर 1-0 से भारत के पक्ष में समाप्त हुआ।

पहले हाफ में काउंटर अटैक से भारत के पास बेहतर मौके थे जब शिलानंद लाकड़ा, नीलम संजीप जेस और राज कुमार पाल ने गोलकीपर स्टैडलर को चकमा देने की कोशिश की। भारत को अंतिम मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जर्मनी के डिफेंस ने भारत को और अधिक बढ़त बनाने से रोके रखा। तीसरे क्वार्टर में जर्मनी ने ज्यादा तेजी दिखाई और पाठक ने 32वें मिनट में प्रिंज को गोल करने से रोका। दो मिनट बाद ही पाठक ने पेइल्लत के पेनल्टी कॉर्नर को अपने पैर से रोका। तीसरे क्वार्टर के अंत में भारत के पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का बड़ा मौका था, लेकिन गोलकीपर स्टैडलर ने सुखजीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद के प्रयासों को दोनों बार ही विफल कर दिया।

### विमेंस प्रीमियर लीग

## हेली मैथ्यूज की बड़ी कमजोरी उजागर हुई, विपक्षी टीमें उठा सकती हैं फायदा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** विमेंस प्रीमियर लीग 2025 (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रही वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज का प्रदर्शन हाल ही में गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच में शानदार रहा। हालांकि हेली मैथ्यूज एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, लेकिन बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के सामने उनकी कमजोरियां डब्ल्यूपीएल में खुलकर सामने आई हैं। वुमेंस प्रीमियर लीग में हेली मैथ्यूज का बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ हेली मैथ्यूज ने 14 पारियों में कुल 91 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 103 गेंदें खेली और 8 बार आउट हुईं। उनका औसत मात्र 11.37 है और स्ट्राइक रेट 88.34, जो कि एक आक्रामक सलामी बल्लेबाज के लिए काफी कम है। बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ उनका डॉट प्रतिशत 53.7% है, जो उनके संघर्ष को साफ दर्शाता है। हाल ही में गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच में भी यह कमजोरी फिर से सामने आई। 19 गेंदों पर 17 रन बनाते हुए मैथ्यूज ने 3 चौके जरूर लगाए, लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर की गेंद पर हरलीन देओल को कैच थमा बैठीं।

### 'तिरंगा विवाद'

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का आगाज आज से, पहला मैच पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



'तिरंगा विवाद' के साए तले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज बुधवार को हो रहा है। पहला मुकाबला कराची के नेशनल स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा। आमने-सामने मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड होंगे। आयोजन पाकिस्तान की मेजबानी में हाइब्रिड मॉडल के आधार पर हो रहा है। भारत के सभी मैच दुबई में होंगे। दरअसल, तिरंगा विवाद उस वीडियो के सामने आने के बाद खड़ा हुआ था जिसमें आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भाग लेने वाले सभी देशों के झंडे दिखाई दे रहे थे, लेकिन भारतीय ध्वज तिरंगा नहीं दिखा था। वीडियो में दिखा कि स्टेडियम में कथित तौर पर भारतीय ध्वज नहीं फहराया गया। जिसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की गई कि वह देश में चैंपियंस ट्रॉफी मैच खेलने से इनकार करने पर भारत के खिलाफ अपना गुस्सा निकाल रहा है। सोशल मीडिया पर भारी आलोचना का शिकार होने के बाद, पीसीबी ने कहा कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान में खेलने वाले देशों के झंडे ही स्टेडियमों में फहराए गए हैं।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने जीता पद्मश्री श्याम लाल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 2-1 से पराजित कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर विजेता टीम के लिए दोनों गोल अक्षिता ने किए। पराजित टीम के लिए सोमवती ने एकमात्र गोल किया। चैंपियन दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की अक्षिता को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की मनिता को मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक भाजपा नेता जितेंद्र महाजन ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर, प्रो. सरिता त्यागी, एचओडी, फिज़िकल एजुकेशन, डीयू, डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर, डीयूएससी और डॉ. जमाल अनोनो खान, एमुनोथेरेपिस्ट, प्रो. नरेंद्र, प्रधानाचार्य, जाकिर हुसैन कॉलेज, ने खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार प्रदान किए।

## डब्ल्यूपीएल: जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, एमआई की बल्लेबाजी पूरी तरह से लय में आ जाएगी : मिताली राज

**वडोदरा (आईएएनएस)**



पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स पर पांच विकेट की आसान जीत में मुंबई इंडियंस के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यह उद्घाटन सत्र की चैंपियन के लिए "व्यापक और प्रभावशाली" जीत थी। संयुक्त गेंदबाजी प्रयास ने आखिरकार मंगलवार को वडोदरा में गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हराकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई। हेली मैथ्यूज (3-16), अमेलिया केर (2-22) और नताली साइवर-ब्रंट (2-26) की तिकड़ी ने सुनिश्चित किया कि मुंबई को जीत के लिए केवल 121 रन बनाने थे। मुंबई की ओर से नैट साइवर-ब्रंट ने जीत का नेतृत्व किया, जिन्होंने अपने खेल को बदलने वाले पावरप्ले स्पैल के बाद अर्धशतक लगाया और एक विशेष ऑलराउंड प्रयास किया, जिससे 23 गेंद शेष रहते जीत सुनिश्चित हुई।



## नौ भाषाओं में होगी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की कमेंट्री

**वडोदरा (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स पर पांच विकेट की आसान जीत में मुंबई इंडियंस के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यह उद्घाटन सत्र की चैंपियन के लिए "व्यापक और प्रभावशाली" जीत थी। संयुक्त गेंदबाजी प्रयास ने आखिरकार मंगलवार को वडोदरा में गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हराकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई। हेली मैथ्यूज (3-16), अमेलिया केर (2-22) और नताली साइवर-ब्रंट (2-26) की तिकड़ी ने सुनिश्चित किया कि मुंबई को जीत के लिए केवल 121 रन बनाने थे। मुंबई की ओर से नैट साइवर-ब्रंट ने जीत का नेतृत्व किया, जिन्होंने अपने खेल को बदलने वाले पावरप्ले स्पैल के बाद अर्धशतक लगाया और एक विशेष ऑलराउंड प्रयास किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## 2030 तक कपड़ा निर्यात को 3 गुना बढ़ाना भारत का लक्ष्य : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्र सरकार का कहना है कि भारत का कपड़ा निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसी के साथ घरेलू विनिर्माण को मजबूत कर और वैश्विक पहुंच का विस्तार कर 2030 तक इसे तीन गुना बढ़ाकर 9 लाख करोड़ रुपये तक करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत वैश्विक स्तर पर कपड़ा निर्यात करने वाला छठा सबसे बड़ा देश है, जिसने 2023-24 में देश के कुल निर्यात में 8.21 प्रतिशत का योगदान दिया। कपड़ा मंत्रालय के अनुसार, वैश्विक व्यापार में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 4.5 प्रतिशत है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ भारत के कपड़ा और परिधान निर्यात का 47 प्रतिशत हिस्सा है। राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में हुए 'भारत टेक्स 2025' ने सरकार के "फार्म से फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन मार्केट" विजन को गति देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम ने कपड़ा क्षेत्र में भारत के नेतृत्व, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और वैश्विक सहयोग के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। 14 से 17 फरवरी तक आयोजित इस कार्यक्रम में 2.2 मिलियन वर्ग फीट का क्षेत्र शामिल था और इसमें 5,000 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिससे भारत के टेक्सटाइल इकोसिस्टम का बड़े लेवल पर प्रदर्शन हुआ। मंत्रालय के अनुसार, वैश्विक सीईओ, पॉलिसी मेकर और इंडस्ट्री लीडर्स सहित 120 से अधिक देशों के 1,20,000 से ज्यादा ट्रेड विजिटर्स इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकार ने कहा, "रोजगार के दृष्टिकोण से, कपड़ा उद्योग 45 मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है और अप्रत्यक्ष रूप से 100 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की आजीविका का समर्थन करता है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण श्रमिक शामिल हैं। कपड़ा विनिर्माण को बढ़ाने, इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, इनोवेशन को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी को एडवांस करने पर सरकार के फोकस ने वैश्विक कपड़ा केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। भारत दुनिया के सबसे बड़े कपड़ा उत्पादकों और निर्यातकों में से एक है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करता है। इस क्षेत्र की विशेषता बड़े पैमाने पर औद्योगिक विनिर्माण और छोटे पैमाने पर कारीगर उत्पादन का मिश्रण है, जो इनोवेशन और परंपरा की जीवंतता को दर्शाता है। देश के फैब्रिक हब गुजरात, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल हैं, जिनमें से प्रत्येक अपनी खास कपड़ा विशेषताओं के लिए जाना जाता है। परिधान और फैशन उद्योग सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## कतर के अमीर को विश्वास, 'आगामी दशकों में भी भारतीय अर्थव्यवस्था फलती-फूलती रहेगी'

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत की शानदार प्रगति की तारीफ की और विश्वास जताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र में कतर के सहयोग की पुष्टि की। शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने कहा, "जैसा कि हमने सभी क्षेत्रों में भारत की शानदार प्रगति देखी है, हमें विश्वास है कि आने वाले दशकों में भारतीय अर्थव्यवस्था फलती-फूलती रहेगी।" उन्होंने आगे कहा, "हमारे ऐतिहासिक संबंधों और हमारे साझा हितों के आधार पर, हम विश्वसनीय और सुरक्षित ऊर्जा स्रोत प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जिसमें रिन्यूएबल एनर्जी सहयोग हमारी भविष्य की रणनीतियों का एक अनिवार्य हिस्सा होगा। अल थानी ने उन्हें दिए गए आदरपूर्ण आतिथ्य के लिए आभार व्यक्त किया तथा भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों को मजबूत करने के लिए कतर की प्रतिबद्धता की दोबारा पुष्टि की। अल थानी ने कहा, "मैं दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों को समर्थन देने और उन्हें मजबूत बनाने की अपनी इच्छा को दोहराना चाहूंगा। मैं आपके गर्मजोशी भरे आतिथ्य और सम्मान के लिए आपका धन्यवाद करता हूं। सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे कतर के अमीर का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में गार्ड ऑफ ऑनर दे दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी का स्वागत किया।

## वित्त वर्ष 2025 में मोबाइल फोन निर्यात 1,80,000 करोड़ रु के होगा पार, पीएलआई योजना का दिखेगा असर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

औद्योगिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में मोबाइल फोन निर्यात से भारत 1,80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर पाएगा। जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस वित्त वर्ष (अप्रैल-जनवरी) के 10 महीनों में भारत, मोबाइल निर्यात में 1,50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें अकेले जनवरी में निर्यात 25,000 करोड़ रुपये से अधिक दर्ज हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 में पीएलआई योजना की शुरुआत के बाद से 680 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान है। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में मोबाइल फोन निर्यात सबसे बड़ा ग्रोथ ड्राइवर है, जिसमें भारत के स्मार्टफोन के लिए एक प्रमुख बाजार के रूप में अमेरिका का नाम सामने आया है। यह शानदार प्रदर्शन उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है। पीएलआई योजना के शुभारंभ के बाद से, भारत में मोबाइल फोन का उत्पादन 2,20,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,22,000 करोड़ रुपये तक लगभग दोगुना हो गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन अनुमानित 5,10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने वाला है।

## लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, फार्मा शेयरों में बिकवाली

**मुंबई (आईएएनएस)।** वैश्विक स्तर पर मिलेजुले संकेतों के बीच बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में फार्मा और आईटी सेक्टरों में भारी बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9.31 बजे, सेंसेक्स 271.06 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,696.33 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 88 अंक या 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,857.30 पर था। निफ्टी बैंक 243.90 अंक या 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,843.40 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 384.55 अंक या 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,366.90 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 74.75 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,093.70 पर था। टेक्निकल फ्रंट पर, बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, 22800-22700 जोन के आसपास एक बेस बनता हुआ दिखाई दे रहा है, जो फॉलिंग वेज पैटर्न की लोअर बाउंडरी से जुड़ी है। एंजेल वन के समीत चव्हाण ने कहा, "हर 100-पॉइंट इंटरवल पर स्ट्रॉन्ग सपोर्ट है जिसमें 22600-22500 के प्रमुख लेवल हैं।

## दो साल में भारत-यूएई द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 83.7 बिलियन डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने 18 फरवरी 2022 को भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तीन सफल वर्ष पूरे होने की जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2020-21 के 43.3 बिलियन डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2023-24 में 83.7 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। बयान में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर की 9 महीने की अवधि के दौरान द्विपक्षीय व्यापार पहले ही 71.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है।

### खनन टास्क फोर्स की बैठक: बालू उत्खनन और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध का निर्णय

# अवैध उत्खनन पर प्रशासन सख्त: सीओ और थाना प्रभारियों पर गिरेगी गाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में प्रभारी एसडीओ सह भूमि उप समाहर्ता गौरांग महतो की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की आवश्यक बैठक हुई। इसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद थे। बैठक के दौरान एसडीओ गौरांग महतो ने कहा कि पलामू डीसी के निर्देश पर अवैध बालू उत्खनन एवं प्रेषण पर रोक लगाने हेतु सभी बालू घाटों पर जाने वाले रास्तों पर ट्रेंच कटिंग एवं ब्रेकेटिंग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित खनन ट्रांसपोर्ट की बैठक में सभी नदियों से अवैध बालू खनन पर रोक लगाने हेतु निर्देश दिए गए थे। इसमें नदी की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर ट्रेंच कटिंग कर अनिवार्य रूप से ब्रेकेटिंग करने और चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्णय लिया गया था, जिससे बालू के अवैध उत्खनन पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके। एसडीओ गौरांग महतो ने सभी सीओ व थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में बालू घाट, अवैध रूप से संचालित क्रशर, मोरम सहित किसी भी तरह के अवैध उत्खनन पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध उत्खनन की सूचना मिलती है, तो वहां के सीओ व थाना प्रभारी पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, हैदरनगर सीओ संतोष कुमार, मोहम्मदगंज असीओ रणवीर कुमार, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे। अनुमंडल के प्रधान सहायक अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।



### ग्रामीण कौशल योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम आज

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को दोपहर 12 बजे से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ रणवीर कुमार ने इसमें उपस्थिति को अनिवार्य बताते हुए पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने जिला पार्षद,प्रखंड प्रमुख, 20 सूत्री समिति अध्यक्ष,सांसद व विधायक प्रतिनिधि, सभी मुखिया,पंसस, वार्ड सदस्य,पंचायत सचिव और प्रखंडकर्मियों को ससमय उपस्थित होने का आग्रह किया है। इस कार्यक्रम के अनुपालन के लिए जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को भी सूचित किया है।

### चार माह बाद भी पीडीएस की जांच नहीं

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के खाद आपूर्ति विभाग में लाभुक अपने मामले की शिकायत करते-करते थक गए हैं। गांव के लाभुक जमीदार बैगा, नसीम अंसारी, मानमती देवी, शकीला बीवी ,क्यूम अंसारी ,बचन भुइयां, अनिल भुइयां, दयानंद भुइयां ने अपने जनवितरण दुकानदान के खिलाफ 4 माह पूर्व एमओ यशवंत नायक के पास लिखित शिकायत किया था। लाभुकों ने जांच के बाद पीडीएस डीलर के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की मांग की थी। अभी तक एमओ ने जांच का काम शुरू नहीं किया है। एमओ नेक कहा कि समय अभाव के कारण उनके आवेदन के आलोक में अभी तक जांच में नहीं कर पाया हूं। उन्होंने कहा कि लाभुकों का आरोप निराधार है।

### आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए वार्डेन ने किया संपर्क

**केतार।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय केतार में सत्र 2052-26 में वर्ग छह में नामांकन के लिए विद्यालय कि वार्डेन अमिता पांडेय व विद्यालय कि शिक्षिका प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर, मायर, सिंहपुर, ताली, परसोडीह सहित अन्य गांवों में घूम- घूम कर अभिभावकों से संपर्क कर रही है। इस तरह लोगों की बच्चियों का नामांकन के लिए जागरूक करते हुए नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में नामांकन कि अंतिम तिथि 20 फरवरी है। वार्डेन अमिता ने बताया कि इस अवधि में इच्छुक छात्राएं विद्यालय आकर फार्म जमा कर नामांकन करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि योग्यता के अनुसार 50 छात्राओं का नामांकन कक्षा छह में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि छात्राओं को विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रावास की सुविधा, भोजन, कंप्यूटर की शिक्षा के अलावा लाइब्रेरी और खेलकूद की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने प्रखंड के लोगों से निर्धारित तिथि तक अपने बच्चियों का नामांकन कराने की अपील की।

## रांची की खबरें

### मैट्रिक परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने से छात्र ने की आत्महत्या

**खलारी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की दसवीं बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर दसवीं के छात्र पवन नायक ( 16 वर्ष ) ने आत्महत्या कर ली। वह राय बस्ती का रहने वाला था तथा खलारी थानान्तर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, राय का दसवीं कक्षा का छात्र था। इस वर्ष उसे दसवीं की बोर्ड परीक्षा देना था। मंगलवार को उसने सल्फास की गोली खा ली। उसे तत्काल सीसीएल के डकरा स्थित केंद्रीय अस्पताल लाया गया। हालत बिगड़ता देख उसे रेफर कर दिया गया। घर वाले उसे सुबह 10.30 बजे मांडर मिशन अस्पताल में भर्ती किए। दिनभर इलाज के बाद भी चिकित्सक उसे नहीं बचा सके। रात करीब साढ़े आठ बजे उसकी मृत्यु हो गई। मांडर थाना पुलिस को दिए बयान में मृतक छात्र के मामा सुदामा नायक ने पवन के हवाले से जो बात बताई वह स्कूल प्रबंधन का छात्रों के प्रति संवेदनहीनता दशार्ता है। सुदामा ने बताया कि खलारी से मांडर जाने के क्रम में पवन ने उन्हें बताया कि स्कूल से बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड नहीं मिल रहा था। जिससे वह परेशान था। सुदामा नायक ने आरोप लगाया है कि राय स्कूल के मास्टर द्वारा प्रताड़ित करने व एडमिट कार्ड नहीं देने और परीक्षा से बाहर होने के कारण पवन ने जहर खा लिया। पवन के पिता भरत नायक दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। इस घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। घर वालों का रो रोकर बुरा हाल है। इधर खलारी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक विजयकुमार सिंह ने कहा है कि परिवारवालों की ओर से अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है। स्वजन लिखित शिकायत देंगे तो प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


#### उपस्थिति कम होने के कारण फार्म नहीं भरने दिया गया: प्रधानाचार्य

राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय के प्रधानाचार्य निसार अहमद ने बताया कि विभाग की ओर से निर्देश था कि 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति हो तो परीक्षा का फार्म नहीं भरने दें। इसी निर्देश का पालन करते हुए 8-10 विद्यार्थियों को फार्म नहीं भरने दिया गया। उन्हीं में से एक पवन भी था। उसकी उपस्थिति मात्र 21 प्रतिशत थी। स्कूल नहीं आने पर कई बार शिक्षक उसके घर भी गए थे। उनके पिता आश्वस्त करते थे कि अब से स्कूल जाएगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि उनलोगों को जरा भरी अहसास नहीं था कि पवन ऐसा निर्णय ले लेगा।

#### आठवीं बोर्ड में भरने दिया जाता है फार्म

खलारी बीआरसी के बीपीओ सरवरीनाथ चौरसिया ने बताया कि आठवीं कक्षा में बच्चों से कहा जाता है कि उपस्थिति कम हुई तो फार्म नहीं भरने दिया जाएगा, ताकि बच्चे नियमित स्कूल आएं। परंतु अंतिम समय तक सभी का फार्म भर दिया जाता है। दसवीं बोर्ड परीक्षा का फार्म भरने के लिए उपस्थिति संबंधी विभागीय दिशा निर्देश के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। पिछले बीईईओ के सेवानिवृति के बाद नए बीईईओ के पदभार नहीं लेने के कारण पक्ष नहीं लिया जा सका है।

## पुलिस ने नौ एकड़ से अधिक अवैध अफीम खेती नष्ट की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बुधवार को अवैध अफीम और पोस्ता की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक टीम ने कई स्थानों पर अवैध रूप से उगाई गई फसल को नष्ट किया। छतरपुर थाना क्षेत्र के बैरगाय गांव के जंगल में करीब चार एकड़ में फैली अफीम की खेती को नष्ट किया गया। वहीं, पिपराटांड़ थाना क्षेत्र में गिडी-कुंदा बॉर्डर के पास वन भूमि पर दस कट्ठा में उगाई गई अफीम और पोस्ता की अवैध खेती को भी नष्ट कर दिया गया। पांकी थाना क्षेत्र के जांजो और पोरसम गांवों में करीब पांच एकड़ में फैली अफीम और पोस्ता की खेती को विशेष अभियान के तहत समाप्त किया गया। पलामू पुलिस अवैध नशे के कारोबार और इसकी खेती के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। साथ ही, आम जनता से अपील की गई है कि वे अवैध खेती और नशे के व्यापार से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

## उपायुक्त की पहल: अनुमंडल स्तर पर स्थापित होगा कैंप कार्यालय, जनता को मिलेगा त्वरित लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू उपायुक्त शशि रंजन की पहल से अब आमजन को सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उपायुक्त की सकारात्मक सोच के तहत अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जिससे विभिन्न विभागीय कार्यों का त्वरित निष्पादन संभव हो सकेगा। उपायुक्त ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं, और तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर तथा चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय संचालित किया जाएगा। इन दिनों संबंधित अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय असैनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी कैंप कार्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।



उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारियों को कैंप कार्यालय के संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक तेजी से पहुंचाने और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए यह पहल की गई है। इससे न सिर्फ सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से लोगों तक पहुंचेगा।

## एमएमसीएच में बालाजी कंपनी के कर्मचारियों का वेतन कटा, असंतोष बढ़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम स्थित एमएमसीएच (मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल) में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी के कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के वेतन में भारी कटौती की गई है। अस्पताल में कार्यरत लगभग सभी कर्मियों के वेतन से 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये या उससे अधिक की कटौती की गई है, जिससे वे नाराज हैं। वेतन कटौती से परेशान कर्मी शुक्रवार को अपनी शिकायत लेकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी. कुमार के पास पहुंचे। अधीक्षक ने कर्मियों को आश्वासन दिया कि शाम तक बालाजी कंपनी के मालिक से बात कर कटौती के कारणों का पता लगाया जाएगा।

### विधायक ने विकास योजनाओं में लूट पर चिंता जाहिर की

**रंका।** समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने में कानून के साथ व्यवहारिक पक्ष का ख्याल रखना बेहतर होगा। ये बातें भाजपा विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने बुधवार को रंका प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि वह अपने सार्वजनिक जीवन में पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। साथ ही यह उम्मीद प्रखंड व अंचल के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से भी रखते है। गरीबों की आह लेकर बहुत रूपया कमाने वाला व्यक्ति अंततः बहुत ही कष्टमय हो जाता है। उदाहरण देते हुए कहा कि कई लोग गरीबों का आह लेने के कारण उनका संपूर्ण वंश का नाश हो गया। रंका प्रखंड के सभी 14 पंचायतों में मनरेगा, 15वीं वित्त समेत अन्य विकास योजनाओं में हो रही लूट पर चिंता जाहिर की। उन्होंने शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने की नसीहत प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। कहा कि कल तक क्या हो रहा था, वह मायने नहीं रखता, आज समाज के अंतिम व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ उसे मिला है।

## मातृ शक्ति की सम्मान से खुशहाली आएगी: मनोज कृष्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पोल्डीह-जगदीश पुर गांव में देवी मां प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन देवी मां की अधिवास की प्रक्रिया पूरी की गयी। यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उक्त अनुष्ठान पूरी की गयी। महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को नगर भ्रमण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। परिक्रमा करने वाले भीड़ रही। महायज्ञ के दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे पंडित मनोज कृष्ण जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि माता देवी का प्राण प्रतिष्ठा की अनुष्ठान जारी है। हमें समाज को सशक्त बनाने के लिये मातृ शक्ति को सम्मान करने की जरूरत है। घर समाज मे खुशहाली के लिये यह सनातन संस्कृति की अहम फैसला है। उन्होंने कहा कि जो मां को समझ गया। उसे परम पिता परमेश्वर की समझ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि परम पिता परमेश्वर हर जगह हैं। देखने की नजरिया हो, वहीं सांध्य आरती को संबोधित करते हुए कहा कि सुखमय जीवन का आधार मन को शांत रखना है। आज भौतिक संसाधनों के पीछे भाग रहा है। कुमार्ग पर चलकर धन संग्रह में जुटा है। लेकिन ऊपर की अदालत में यह काम नहीं आएगा। किया गया पूण्य ही साथ जाएगा। वहीं उन्होंने परिक्रमा व अधिवास की वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में महायज्ञ समिति व समस्त ग्रामीण सक्रिय हैं। 21 फरवरी को महा भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

## आस्था

### संत रविदास की प्रतिमा की स्थापना, शोभायात्रा में उमड़े भक्त

## संत रविदास ने समाज में ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी में बुधवार को संत रविदास मंदिर में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। इससे पहले शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भारी संख्या में शामिल भक्तों ने लटपौरी और माली गांव की गलियों सहित कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ से चलकर प्रखंड मुख्यालय के दैनिक बाजार में स्टेशन रोड का भ्रमण किया। वापस लौटकर नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा को स्थापित किया। भक्तों के जयकारे से शोभायात्रा शोभायमान हो गया था। प्रतिमा का अनावरण विधायक संजय कुमार सिंह ने माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर उन्होंने संत रविदास के आदर्शों को अपनाने का आह्वान करते हुए शिक्षित समाज के निर्माण के लिए काम करने की संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी महापुरुष की पूजा के साथ उनके मार्ग का अनुशरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है। संत रविदास ने समाज में ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया है। समाज के शिक्षित होने से ऊंच-नीच के भेदभाव की भावना मिट जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामजन्म राम और बीडीओ रणवीर कुमार के अलावा उमेश राम मुखिया, राजद नेता कलामुद्दीन खान, मनोज कुमार सिंह, सिद्धार्थ कुमार व अन्य कई लोग शामिल थे। बोधगया के महंत भिक्खु शिशमणि के सन्मार्ग में शोभायात्रा के साथ संत रविदास की 648 वीं जयंती पर प्रतिमा स्थापित करने का कार्यक्रम पारंपरिक तरीके से पूरा किया गया। बाद में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। इसके बाद रात में ब्यास राजमुनि झारखंडी और सुनील चट्टान के बीच संत की जीवनी और संदेश पर आधारित गायिकी का मुकाबला हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरि यादव, बबन देव भारती, सुनील राम, दिनेश कुमार, संजय राम, सचिन कुमार, लवकुश कुमार, वकील राम, भोला राम और प्रभात कुमार सहित अन्य कई लोगों ने अहम किरदार निभाया। इस दौरान लोगों के बीच श्रद्धा, उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ था।



## पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद भाजपा नेता का अनशन समाप्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंचल सह नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के समाधान करने के आश्वासन पर प्रखंड परिसर में भाजपा नेता सह समाज सेवी राजीव रंजन का 11 सूत्री मांगों को लेकर तीन दिनों से जारी आमरण अनशन बुधवार की देर शाम समाप्त हो गया। बीडीओ परितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से अनशन कर रहे राजीव रंजन तथा जेपी गुप्ता को नारियल पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया। इससे पहले पदाधिकारियों ने अनशन स्थल पर आकर आवास योजना में आवेदन वसूली की जांच के लिए कमेटी बनाने, नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं की स्वीकृति दिलाने, जन्म, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में सरलीकरण करने, शहरी स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने, कचरा का निस्तारण कराने सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मालूम हो कि आमरण अनशन के समर्थन में शहर के व्यवसायियों ने अपनी दुकान बंद रखी।

## पेज एक के शेष

### रेखा गुप्ता होंगी...

शपथ ग्रहण समारोह के टाइमटेबल के अनुसार, शपथ ग्रहण दिन में 12.35 बजे होगा। इधर, दिल्ली के शालीमार बाग से पहली बार विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता ने बुधवार की रात उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में बुधवार की संध्या आयोजित विधायक दल की बैठक में नई दिल्ली से विधायक प्रवेश वर्मा और रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा। इसका सभी ने ध्वनिमत से समर्थन किया। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी। इससे पहले शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। इससे पहले, शाम सात बजे जब विधायक दल की बैठक शुरू हुई, तो भी शालीमार बाग से विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थीं। क्योंकि, देश में जिन भी राज्यों में अभी भाजपा सरकारें हैं, वहां कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं है। बुधवार को विधायक दल की बैठक के लिए जब रेखा गुप्ता आईं तो मीडिया के सामने भी जीत का निशान (विक्ट्री साइन) दिखा कर सभी का अभिवादन स्वीकार कर रही थीं। रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं, जो दिल्ली में अच्छी खासी संख्या में हैं। वैश्य समुदाय को भाजपा का ह्यकोर वोटरह्न माना जाता है। रेखा गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता दक्षिण दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता की पढ़ाई की बात करें, तो उन्होंने एलएलबी की शिक्षा ग्रहण की है। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद जिले के जुलाना उपमंडल के नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। वह बचपन में ही पिता के साथ दिल्ली आ गईं। छात्र जीवन में एबीवीपी से राजनीति में एंट्री की। वह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता के पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर थे। इसी नौकरी के दौरान उनके पिता परिवार को लेकर दिल्ली शिफ्ट हो गए थे। दिल्ली विधानसभा का चुनाव रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार वंदना कुमारी को हराकर जीता है। रेखा गुप्ता को कुल 68,200 वोट मिले थे, जबकि आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी 38,605 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। यहां से कांग्रेस के प्रवीण कुमार जैन 4,892 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर थे।

### राजनीतिक सफर...

सुविधाओं के विकास पर काम किया। वर्ष 2022 में उन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। वह आरएसएस से भी जुड़ी रही हैं। महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए, उन्होंने ह्यसुमेधा योजनाह्न जैसी पहल शुरू की। महिला कल्याण और बाल विकास समिति की प्रमुख के रूप में, उन्होंने महिलाओं के लिए सशक्तिकरण अभियान का नेतृत्व किया। रेखा गुप्ता दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव और इसकी राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की सदस्य भी रह चुकी हैं। उन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों और महिलाओं के कल्याण के लिए कई अभियान चलाए। सामाजिक कार्यों के प्रति उनका समर्पण और योगदान उनके नेतृत्व गुणों को उजागर करता है। उनका पारिवारिक जीवन समाज सेवा के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है, जहां देशभक्ति और परोपकार के मूल्यों को बहुत महत्व दिया जाता है। रेखा गुप्ता हमेशा राजनीति और समाज दोनों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में सबसे आगे रही हैं।

### जामताड़ा में 300...

जामताड़ा और पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी तेजी से कार्य हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया कि विकास की यह गति किसी भी बाधा से नहीं रुकेगी। जामताड़ा सहित पूरे झारखंड में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जाएगा। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि झारखंड सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले दिनों में और भी बड़े ऐलान किए जाएंगे। मौके पर कनीय अभियंता मुखिया बलदेव मरांडी, राजनीतिक सलाहकार निशापती हसदा, हरि बास्की, नाजीर टुडू, सफाकत अंसारी, तनवीर आलम, बापी मंडल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आयोग की वन...

इस कार्यक्रम के दौरान आयोग के सदस्य निरूपम चाकमा, डॉ आशा लकड़ा, जाटोतु हुसेन ने भी आयोग में अपने अनुभव साझा किए और अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य वड़ेपल्ली रामचंदर सहित अन्य राष्ट्रीय आयोगों के अध्यक्ष, सदस्य, सचिव सहित अनुसूचित जनजाति समुदायों के प्रतिनिधिगण, विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोग के संयुक्त सचिव अमित निर्मल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात जनजातीय समुदायों की प्रगति, विकास, कौशल, उद्यमिता आधारित विभिन्न सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के विशेषज्ञों, दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों और नीति निमाताओं ने अपने विचार साझा किए।

### पाटन कस्तूरबा विद्यालय...

पुलिस के पहुंचने के बाद दुपट्टे को चाकू से काटकर प्रियंका को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया। वार्डन ने बताया कि विगत 1 अगस्त 2024 को अकाउंटेंट प्रियंका ने विद्यालय में अपना योगदान दिया था। वे शुरू में स्कूल के क्वार्टर में ही रहा करती थीं। इसके बाद डालटनगंज (मेदिनीनगर) से ही आना जाना करती थीं। वे लंबे समय से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में एकाउंटेंट थीं। वे चैनपुर से पाटन स्थानांतरण के बाद आई थीं। बुधवार को वे दिन में लगभग 11:00 बजे के बाद स्कूल आई थीं और 12:15 बजे फांसी लगाने की जानकारी मिली। दरवाजे को खोलने में करीब 1 घंटे लगा। मिस्त्री साधु राम ने बताया कि जब वह खिड़की से अंदर गया, तब मोबाइल चालू था। पुलिस ने मोबाइल को जब्त कर लिया है। अंतिम बार किससे बात हुई, यह पता लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रियंका की शादी पांच साल पहले कंचन कुमार रजक से हुई थी। कंचन रोगजार सेवक हैं। उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। घटना के वक्त प्रियंका के पति रांची में थे। प्रियंका का ससुराल छतरपुर थाना क्षेत्र के सड़मा गांव में है। उनकी एक तीन साल की एक बेटी भी है। वे मेदिनीनगर में किराए के मकान में रहती थीं।

### युद्ध के लिए ट्रंप ने यूक्रेन को ठहराया दोषी, कहा -

# आसानी से सुलझ सकता था मामला

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन पर निशाना साधा है। उन्होंने युद्ध शुरू करने के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराया और कहा कि कीव पहले 'समझौता कर सकता था।' लगभग तीन वर्ष पहले रूस के पूर्ण पैमाने पर हमले के बाद यूक्रेन में युद्ध छिड़ गया था। ट्रंप का यह बयान मंगलवार को रियाद में युद्ध को समाप्त करने के लिए हुई अमेरिका-रूस वार्ता के बाद आया। हालांकि इसमें कीव को शामिल नहीं किया गया था जिसकी यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने निंदा भी की। उन्होंने कहा कि यह 'हैरानी' की बात है कि उनके देश को रूस के साथ जंग खत्म करने के लिए होने वाली वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेलेंस्की की प्रतक्रिया पर निराशा जाहिर करते हुए ट्रंप ने



कहा,"मैंने सुना है कि वे सीट न मिलने से परेशान हैं, हालांकि उनके पास तीन साल और उससे भी पहले से सीट है। इस मामले को बहुत आसानी से सुलझाया जा सकता था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "आपको इसे कभी शुरू नहीं करना चाहिए था। आप एक डील कर सकते थे।' उन्होंने कहा, "मैं यूक्रेन के लिए ऐसा समझौता कर सकता था। इससे उन्हें लगभग सारी जमीन मिल जाती - और कोई भी व्यक्ति नहीं मारा जाता, कोई भी शहर तबाह नहीं होता।" रियाद में बैठक के बाद, ट्रम्प ने कहा, "रूस कुछ करना चाहता है। वे बर्बरता को रोकना चाहते हैं। मुझे लगता है कि मेरे पास इस युद्ध को समाप्त करने की शक्ति है।

इससे पहले रियाद में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिकी-रूस वार्ता में शामिल पक्षों ने यूक्रेन में शांति स्थापित करने, आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक उच्च स्तरीय टीम बनाने पर सहमति जताई है। अमेरिका और रूसी प्रतिनिधिमंडल की मंगलवार को रियाद में करीब चार घंटे से अधिक समय तक चली।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी इस दौरान मौजूद रहे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रुबियो ने बताया कि दूतावास में कर्मचारियों की संख्या बहाल करने पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों में की गई कार्रवाइयों ने दोनों देशों के राजनयिक मिशनों की संचालन क्षमता को कम कर दिया है।

> **अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा:** "हमें ऐसे जीवंत राजनयिक मिशनों की जरूरत होगी जो इस प्रक्रिया को जारी रखने के लिए कार्य करने में सक्षम हों।

## दक्षिण कोरिया : मार्शल लॉ में कथित भूमिका के लिए 17 जनरल जांच के घेरे में



**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल की ओर से 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने की नाकाम कोशिश में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में 30 सैन्य सेवा सदस्य जांच के घेरे में हैं। एक सांसद ने बुधवार को रक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक 17 जनरलों और 13 फील्ड ग्रेड अधिकारियों को सूचित किया है कि वे यून की अल्पकालिक मार्शल लॉ की घोषणा के संबंध में जांच के दायरे में हैं। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) के प्रतिनिधि आह्न ग्यू-बैक को सौंपी गई मंत्रालय की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

## शुभेंदु अधिकारी को 'धमकाने' के आरोप में सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज

**कोलकाता (आईएएनएस)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के समक्ष एक शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को कथित रूप से धमकी देने वाली टिप्पणी पर राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है। राज्य भाजपा नेता और कलकत्ता हाईकोर्ट के वकील कौस्तव बागची ने विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भाषण के एक हिस्से का हवाला देते हुए राज्यपाल कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। सीएम ममता को यह कहते हुए सुना गया, "आप एक खास समुदाय के बारे में बहुत गलत बातें फैला रहे हैं। अब अगर वे किसी दिन आंदोलन का आह्वान करते हैं, तो क्या आप उसे संभाल पाएंगे? कौस्तव बागची ने उस विशेष वीडियो क्लिपिंग को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया और सवाल उठाया, "क्या मुख्यमंत्री चरमपंथियों की ओर से विपक्ष के नेता को धमका रही हैं?" इसके बाद उन्होंने राज्यपाल कार्यालय को एक पत्र भेजकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। मंगलवार को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी मुख्यमंत्री की इन टिप्पणियों के लिए उनकी तीखी आलोचना की।

## शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने 5 राज्यों को 1554.99 करोड़ की केन्द्रीय सहायता को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित हुए पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) के अंतर्गत 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह कदम, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को एनडीआरएफ के तहत 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है।

## पाक आतंकवाद का वैश्विक केंद्र : यूएनएससी में भारत




**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा और उसे 'आतंकवाद का वैश्विक केंद्र' बताया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को यूएन सुरक्षा परिषद में कहा, "पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध 20 से अधिक आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है और सीमा पार आतंकवाद को समर्थन प्रदान करता है। हरीश ने कहा, "इसलिए यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, "भारत, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और हरकत उल मुजाहिदीन (एचयूएम) जैसे आतंकी समूहों के माध्यम से इस देश द्वारा किए गए आतंकी कृत्यों का शिकार रहा है।"पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश ने कहा, "वास्तव में, यह पाकिस्तान ही है जिसने जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर रखा है।

### स्वाति मालीवाल की अरविंद केजरीवाल से अपील

## 'किसी दलित विधायक को बनाएं नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से दिल्ली में किसी दलित विधायक को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में अरविंद केजरीवाल को पत्र भी लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि अरविंद जी, उम्मीद है कि आप कुशलमंगल होंगे। दिल्ली चुनावों के नतीजों के बाद अपने स्वास्थ्य और मन की शांति पर ध्यान दे रहे होंगे। इस पत्र के माध्यम से आपके समक्ष एक जरूरी मांग रखना चाहती हूं। आपको याद होगा आपने 2022 में पंजाब चुनाव के दौरान वादा किया था कि जीतने के बाद हम एक दलित उपमुख्यमंत्री बनाएंगे, लेकिन बहुत दुख की बात है कि 3 साल बाद भी यह वादा पूरा नहीं हुआ।



## बस से उतारा और मार दी गोली, पाक में सात पंजाबी यात्रियों की निर्मम हत्या

**क्वेटा (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने लाहौर जा रही एक बस में सात यात्रियों की हत्या कर दी। हमला बरखान जिले में हुआ। अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगा बलूचिस्तान प्रांत अलगाववादी विद्रोहियों और पाकिस्तान की दशकों पुरानी लड़ाई का युद्धक्षेत्र बना हुआ है। अगलगाववादी अधिक स्वायत्तता और क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों में हिस्सा चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डिप्टी कमिश्नर वकार खुर्शीद आलम ने बताया कि करीब 40 हथियारबंद लोगों के समूह ने कई बसों और वाहनों को रोका, राष्ट्रीय पहचान पत्र की जांच की और फिर सात यात्रियों को बस से उतारकर गोली मार दी। अधिकारी



ने बताया कि मारे गए सभी सात लोग मध्य पंजाब प्रांत के थे। क्षेत्र के सहायक आयुक्त खादिम हुसैन ने कहा कि हत्याएं पंजाब के दक्षिणी शहर डेरा गजा खान को बरखान से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, और हत्याओं के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने इलाके की घेराबंदी कर है, लेकिन हमलावर भाग निकलने में कामयाब रहे। इससे पहले शुक्रवार को कोयला खनिकों को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में कम से कम 11 लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पिछले अगस्त में अलगाववादी आतंकवादियों ने पाकिस्तान में कई हमले किए, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए। हमलों में पुलिस स्टेशन, बुनियादी ढांचे और नागरिकों को निशाना बनाया गया। इसमें बलूचिस्तान के हाइवे पर हुआ वह हमला भी शामिल है जिसमें बंदूकधारियों ने कम से कम 23 लोगों को उनके वाहनों से जबरन उतारकर उनकी पहचान की जांच करने के बाद मार डाला। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। बीएलए केंद्र सरकार से लड़ने वाले कई जातीय सशस्त्र समूहों में सबसे बड़ा है। विद्रोही समूहों ने बलूचिस्तान में चीनी नागरिकों और हितों को भी निशाना बनाया है।

## शिवाजी महाराज की जयंती पर पीएम ने किया नमन, बताया प्रेरणास्रोत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मराठा साम्राज्य के संस्थापक और शौर्य का पर्याय छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें नमन किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो पोस्ट कर मराठा शूरवीर के मूल्यों को प्रेरणा का स्रोत बताया। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, "मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। उनकी वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी, तथा कई पीढ़ियों को साहस और न्याय



के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वे हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण करते दिख रहे हैं। पीएम मोदी ने वीडियो में कहा, "मेरे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज, ये सिर्फ नाम नहीं है, ये शब्द राजा महाराजा, राजपुरुष मात्र नहीं है। हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। हमारे लिए हमारे आराध्य देव से बड़ा कुछ नहीं होता है। छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता, विचारधारा और न्यायप्रियता ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनकी साहसिक कार्यशैली, सामरिक कौशल और शांतिपूर्ण राजनीतिक प्रणाली आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। हमें इस बात का गर्व है कि दुनिया के कई देशों में आज भी छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियों की चर्चा होती है और उस पर शोध होता है। इतने वर्ष बाद भी उनके द्वारा स्थापित किए गए मूल्य हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखा रहे हैं। इन्हीं मूल्यों के आधार पर हमें अमृत काल की पच्चीस वर्षों की यात्रा पूरी करनी है। यह यात्रा होगी छत्रपति शिवाजी महाराज के सपनों का भारत बनाने में। यह यात्रा होगी स्वराज, सुशासन और आत्मनिर्भरता की। यह यात्रा होगी विकसित भारत की। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में कोटि कोटि नमन करता हूं। गौरतलब है कि शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की स्थापना की और मुगल शासकों के खिलाफ वीरता पूर्वक युद्ध लड़े। उनकी शौर्यगाथा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखी गई है।

## गाजा युद्ध विराम समझौते के अगले चरण को लागू करने के लिए तैयार : हमास



**गाजा (आईएएनएस)।** हमास ने गाजा युद्ध विराम समझौते के दूसरे और तीसरे चरण को लागू करने की अपनी इच्छा जाहिर की। फिलिस्तीनी ग्रुप ने गाजा छोड़ने की इजरायली मांग भी नकार दी। हमास के प्रवक्ता हजम कासिम ने एक बयान में कहा कि समूह मध्यस्थ के अनुरोध पर रिहा किए जाने वाले इजरायली बंधकों की संख्या को दोगुना करने पर सहमत है, जो समझौते के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक कासिम ने हमास को गाजा छोड़ने की इजरायली मांगों को खारिज करते हुए इसे 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' का हिस्सा बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमास इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस मांग को स्वीकार नहीं करेगा कि समूह निरस्त्र हो जाए और उसके नेताओं को गाजा से निकाल दिया जाए। इससे पहले इजरायल के सार्वजनिक प्रसारक ने बताया कि नेतन्याहू ने युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने का आधिकारिक तौर पर फैसला किया और अपने फैसले के बारे में सुरक्षा कैबिनेट को सूचित किया।

## जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने दक्षिण अफ्रीका जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली/जोहान्सबर्ग (आईएएनएस)**

विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक (एफएमएम) में भाग लेने के लिए 20-21 फरवरी को जोहान्सबर्ग की यात्रा पर रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मंत्री रोनाल्ड लामोला के निमंत्रण पर वह यह दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, "जी-20 एफएमएम में विदेश मंत्री की भागीदारी से जी-20 देशों के साथ भारत की भागीदारी मजबूत होगी। इस महत्वपूर्ण मंच पर वैश्विक दक्षिण की आवाज को बल मिलेगा। विदेश मंत्री की एफएमएम के दौरान कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की उम्मीद है। यह मीटिंग दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता के दौरान आयोजित होने वाली पहली विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। इसका विषय 'एकजुटता, समानता, स्थिरता' रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता 1 दिसंबर, 2024 से शुरू हुई और यह 30 नवंबर तक जारी रहेगी। राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने पदभार ग्रहण करते समय इस बात पर जोर दिया कि दक्षिण अफ्रीका को जी-20 अध्यक्षता ऐसे समय में मिली है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, असमानता, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, भू-राजनीतिक अस्थिरता सहित कई संकटों का सामना कर रही है। दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच लगातार बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने घोषणा की कि वे आगामी (जी20) विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग नहीं लेंगे। इस पर रोनाल्ड लामोला ने कहा कि ब्राजील से जी20 की अध्यक्षता संभालने के बाद से, दक्षिण अफ्रीका ने कई मुद्दों से निपटने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाला बढ़ता ऋण भी शामिल है। लामोला ने कहा, "एकजुटता सामूहिक समस्या-समाधान को बढ़ावा देती है। हमारी जी20 अध्यक्षता केवल जलवायु परिवर्तन तक ही सीमित नहीं है।






### आपको है डायबिटीज और चाहिए चीनी का स्वाद?

# इस लीफ का करें खाने की चीजों में इस्तेमाल!

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

डायबिटीज के मरीजों के लिए मीठा खाना हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है। उन्हें लगातार चीनी से परहेज करने की सलाह दी जाती है, लेकिन मीठे का स्वाद पूरी तरह छोड़ना आसान नहीं होता। ऐसे में एक प्राकृतिक विकल्प तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, वह है स्टीविया। यह एक ऐसा प्राकृतिक स्वीटनर है, जो चीनी की तरह मीठा तो है, लेकिन यह ब्लड शुगर नहीं बढ़ाता। यही वजह है कि डॉक्टर और विशेषज्ञ इसे डायबिटीज के मरीजों के लिए सुरक्षित और फायदेमंद मानते हैं। स्टीविया एक हर्बल स्वीटनर है, जो उत्तर और दक्षिण अमेरिका में पाई जाने वाली हर्ब से प्राप्त होता है। भारत में इसे 'मीठी तुलसी' भी कहा जाता है। इस पौधे की पत्तियां चीनी से 50 से 300 गुना ज्यादा मीठी होती हैं, लेकिन



खास बात यह है कि इनमें कैलोरी नहीं के बराबर होती है। स्टीविया में मौजूद स्टेविओल ग्लाइकोसाइड नामक तत्व इसे बेहद मीठा बनाते हैं, यह शरीर में ग्लूकोज के स्तर को प्रभावित नहीं करता। नतीजतन, यह मधुमेह रोगियों के लिए एक सुरक्षित विकल्प बन जाता है। 2018 में किए गए एक अध्ययन में यह देखा गया कि स्टीविया का सेवन करने के बाद 60 से 120 मिनट के भीतर लोगों के ब्लड शुगर स्तर में गिरावट देखी गई। दिलचस्प बात यह है कि यह प्रभाव इंसुलिन स्राव से पहले ही देखने को मिला। 2016 के एक अन्य शोध में पाया गया कि सूखे स्टीविया पत्ती के पाउडर का सेवन करने से मधुमेह रोगियों में उपवास और भोजन के बाद दोनों स्थितियों में ब्लड शुगर स्तर में कमी आई। विशेषज्ञों का मानना है कि स्टीविया न केवल ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद करता है।

### स्टीविया ट्राइग्लिसराइड और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है

शोध से यह भी पता चला है कि स्टीविया ट्राइग्लिसराइड और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। स्टीविया के कई गुण इसे लोकप्रिय विकल्प बनाते हैं। इसे गर्म और ठंडे पेय पदार्थों में मिलाया जा सकता है, फलों पर छिड़का जा सकता है और कुछ विशेष प्रकार की बेकिंग में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, यह चीनी की तरह कैरेमलाइज नहीं होता, इसलिए इसे हर तरह की मिठाइयों और बेकिंग में उपयोग करना संभव नहीं है। अमेरिका में, फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने स्टेवियोल ग्लाइकोसाइड को "आम तौर पर सुरक्षित" यानी जीआरएस (जनरली रिकेग्नाइज एज सेफ) का दर्जा दिया है। इसका मतलब यह है कि खाद्य निर्माता इसे खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों में मिलाने के लिए स्वतंत्र हैं। यही कारण है कि यह कई चीनी-मुक्त पेय पदार्थों, जैम और डेयरी उत्पादों में एक सामान्य घटक के रूप में पाया जाता है।